

5 साल में 10 लाख नए उद्यम 50 लाख नौकरियों का लक्ष्य - 13



कॉनपा ने केंद्र पर लगाया वादों से पलटने का आरोप, देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी - 14



फिलीपींस में छात्र की हत्या की लाइव स्ट्रीमिंग, सहपाठी को गोली मारी, फिर 5वीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी की - 15



लक्ष्य कड़े मुकाबले में जीते, त्रीसा-गायत्री भी प्री क्वार्टर फाइनल में - 16

आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.43
सूर्यास्त 06.47


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

श्रावण शुक्ल पक्ष सप्तमी 07:19 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 19 अगस्त 2026, वर्ष 7, अंक 265, पृष्ठ 16 ■ मूल्य 6 रुपये


# पीआरडी जवानों को मिलेगा 600 रुपये दैनिक भत्ता और सपरिवार मुफ्त इलाज

## पीआरडी स्वयंसेवकों के सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने की भत्ते में 100 रुपये की वृद्धि की घोषणा


राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखपुर में आयोजित प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) स्वयंसेवकों के सम्मेलन में जवानों को बड़ी सौगात देते हुए दैनिक ड्यूटी भत्ता 100 रुपये बढ़ाकर 600 रुपये करने की घोषणा की। इसके साथ ही प्रदेश के 31 हजार से अधिक पीआरडी स्वयंसेवकों और उनके परिवारों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक मुफ्त कैशलेस इलाज की सुविधा देने वाली 'मुख्यमंत्री पीआरडी कैशलेस चिकित्सा योजना' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने स्वयंसेवकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा कार्ड भी वितरित किए।

योगीराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित सम्मेलन में सीएम योगी ने रिमोट का बटन दबाकर लखनऊ में करीब 23 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले बहुमंजिला पीआरडी बैरक का भी शिलान्यास किया।

उन्होंने कहा कि पीआरडी स्वयंसेवक कानून-व्यवस्था, यातायात संचालन, आपदा, चुनाव ड्यूटी और बड़े आयोजनों में पुलिस-प्रशासन के सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरकार उनके योगदान, समर्पण और सेवाभाव का सम्मान करते हुए उनके कल्याण के लिए लगातार कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2019 तक पीआरडी स्वयंसेवकों को 250 रुपये दैनिक ड्यूटी भत्ता मिलता था। 2019 में इसे बढ़ाकर 375 रुपये, 2022 में 395 रुपये और 2025 में 500 रुपये किया गया। अब चौथी बार वृद्धि करते हुए इसे 600 रुपये प्रतिदिन किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि 75 वर्षों में जो भत्ता 250 रुपये तक पहुंचा था, वह पिछले आठ वर्षों में 600 रुपये होने जा रहा है।

'मुख्यमंत्री पीआरडी कैशलेस चिकित्सा योजना' के तहत 31 हजार से अधिक स्वयंसेवकों को सरकारी और सरकार से इम्पैनल्ड अस्पतालों में प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज मिलेगा। मुख्यमंत्री ने दस स्वयंसेवकों को अपने हाथों से कैशलेस कार्ड भी प्रदान किए। पीआरडी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. सोमेंद्र तोमर ने कहा कि 2017 से पहले पीआरडी का बजट महज 23 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 543 करोड़ रुपये हो गया है।



गोरखपुर में कैशलेस इलाज का प्रतीकात्मक कार्ड देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### 'देश प्रथम' की भावना से कर्तव्य निभाएं पीआरडी स्वयंसेवक

मुख्यमंत्री ने पीआरडी जवानों से कहा कि उनका पहला ध्येय 'देश प्रथम' होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की सुरक्षा, एकता और अखंडता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। जाति, क्षेत्र, भाषा या अन्य आधार पर समाज को बांटने की कोशिश करने वालों से सतर्क रहने की जरूरत है।

### 'सैफई सिंडिकेट' पर सीएम योगी का हमला

मुख्यमंत्री योगी ने सम्मेलन में पूर्व की सरकारों पर तीखा हमला बोला। बिना नाम लिए सपा सरकार को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश का विकास 'सैफई सिंडिकेट' तक सीमित था। उनका आरोप था कि पूर्व की सरकारों के एजेंडे में स्वयं का विकास था और प्रदेश को दंगा, गुंडागर्दी, लूटपाट और माफिया के हवाले कर दिया गया था। सीएम ने कहा कि जिन लोगों ने सरकारी धन की लूट कर पैसा विदेशों में छिपाया, उन्हें आज प्रदेश की प्रगति देखकर परेशानी हो रही है।

## जन्मभूमि विवाद में मुस्लिम पक्ष के न आने से समझौता वार्ता विफल

**मथुरा।** मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद को लेकर चल रही मध्यस्थता प्रक्रिया मंगलवार को मुस्लिम पक्ष के उपस्थित नहीं होने के कारण आगे नहीं बढ़ सकी। अपर जिला जज अनिल कुमार यादव (द्वितीय) की विशेष लोक अदालत में समझौता वार्ता का यह तीसरा प्रयास किया गया था, लेकिन मुस्लिम पक्ष की गैरहाजिरी के बाद अदालत ने मध्यस्थता वार्ता की पत्रावली को निस्तारित कर दिया है। मध्यस्थता प्रक्रिया पूरी तरह विफल होने के बाद हिंदू पक्ष ने मुस्लिम पक्ष की अनुपस्थिति पर कड़ी आपत्ति जताई और आरोप लगाया कि इस गंभीर मामले को जानबूझकर लंबा खींचने का प्रयास किया जा रहा है।

# भ्रष्टाचार मामले में दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सीईओ उदित प्रकाश राय और चार अन्य लोग भी गिरफ्तार

दिल्ली भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने दिल्ली जल बोर्ड की मलजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में आप नेता और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन और बोर्ड के पूर्व सीईओ उदित प्रकाश राय को गिरफ्तार कर लिया है।

एसीबी ने बताया कि जैन व राय के अलावा चार और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गये लोगों में जल बोर्ड के पूर्व संविदा सलाहकार अंकित श्रीवास्तव तथा नागेंद्र यादव, राजा कुमार कुर्रा और पंकज वर्मा भी शामिल हैं। डीजेबी के सीवेज उपचार संयंत्रों के विस्तार और उन्नयन से संबंधित निविदा प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर कथित अनियमितताओं, निविदा शर्तों में हेरफेर और आपराधिक साजिश को लेकर सतर्कता निदेशालय की एक शिकायत पर 11 मई, 2024 को मामला दर्ज किया गया था। एसीबी के अनुसार, जांच में पाया गया कि निविदा प्रक्रिया में कथित तौर पर ऐसी तकनीकी विशिष्टताएं और शर्तें शामिल की गई थीं, जो एक विशेष प्रौद्योगिकी प्रदाता कंपनी यूरोटेक एनवायरनमेंट प्राइवेट लिमिटेड को फायदा पहुंचाने वाली थीं। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के विश्लेषण से पता चला कि निविदा की शर्तों व अन्य दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया गया था, जिन्हें बाद में दिल्ली जल बोर्ड की निविदा नोटिस में शामिल कर लिया गया। एसीबी ने कहा कि एएन एंटरप्राइजेज के माध्यम से राय और उनके रिश्तेदारों के बैंक खातों में 1.52 करोड़ रुपये पहुंचे और इस धन का कथित तौर पर अचल संपत्ति खरीदने में इस्तेमाल किया गया।

# ट्रेन टिकट नहीं मिलना, मुआवजे से इनकार का आधार नहीं

विधि संवाददाता, लखनऊ

- टिकट न मिलने से रेलवे ने मुआवजे का दावा कर दिया गया था खारिज लखनऊ बेंच ने दिलाया मुआवजा

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने रेलवे से संबंधित मुआवजे के एक मामलेमें महत्वपूर्ण आदेश देते हुए स्पष्ट किया है कि मृत यात्री के पास से रेलवे टिकट बरामद न होना, उसके आश्रितों को मुआवजा देने से इनकार का आधार नहीं हो सकता। न्यायालय ने वर्ष 2011 में चलती ट्रेन से गिरकर हुई, व्यक्ति की मौत के मामले में उसकी विधवा को आठ लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है।


उक्त निर्णय न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी ने मृतक की पत्नी की अपील को स्वीकार करते हुए पारित किया। न्यायालय ने रेलवे दावा अधिकरण के वर्ष 2017 के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें मृतक शिव नारायण सिंह की पत्नी लाली के मुआवजे के दावे को खारिज कर दिया गया था। शिव नारायण सिंह ने 21 नवंबर 2011 को इटावा से दिल्ली जाने के लिए लाल किला एक्सप्रेस में यात्रा शुरू की थी, सराय भूपत रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिरने से उनकी मृत्यु हो गई। न्यायालय ने कहा कि आश्रित पर यह साबित करने का प्रारंभिक दायित्व जरूर है कि मृतक वास्तविक यात्री था, लेकिन सिर्फ टिकट बरामद न होने से मुआवजे का दावा स्वतः खारिज नहीं किया जा सकता। मामले में मृतक की पत्नी और एक अन्य गवाह ने गवाही दी थी कि शिव नारायण ने द्वितीय श्रेणी का टिकट खरीदा था। इसके विपरीत रेलवे कोई रिकॉर्ड या ऐसा अन्य साक्ष्य पेश नहीं कर सका, जिससे इन गवाहों के बयान को गलत साबित किया जा सके। कोर्ट ने दावा अधिकरण के इस निष्कर्ष को भी खारिज कर दिया कि मृतक का शव तीन टुकड़ों में मिला था। इसलिए यह माना जाना चाहिए कि वह रेलवे ट्रैक पर पड़ा था और ट्रेन से कट गया।


Bareilly International University
IIP ACADEMY (An IIP FOUNDATION Initiative)
ललित कला अकादेमी Lalit Kala Akademi (National Academy of Art)
200 YEARS OF LIGHT

The Management of Bareilly International University, IIP Academy, Lalit Kala Akademi, Ministry of Culture, Govt. of India cordially invite you to

The Opening Ceremony of FACULTY OF FINE ARTS

The Inauguration of NATIONAL PHOTOGRAPHY EXHIBITION
76 Photographers.
The Vibrant Culture of India.



Wednesday, 19th August, 2026
3.00 pm
5th Floor, Administrative Block, Faculty of Fine Arts, Bareilly International University, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006

Scan for Location

OPEN TO ALL!

www.sepiaadvertising.com/08/26

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### महाविद्यालयों में प्राचार्य भर्ती की आवेदन तिथि बढ़ी

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने अशासकीय अनुदानित सहशिक्षा महाविद्यालयों और महिला महाविद्यालयों में प्राचार्य पदों की भर्ती के लिए जारी विज्ञापन में संशोधन करते हुए आवेदन की अंतिम तिथि एक सप्ताह बढ़ा दी है। आयोग की ओर से 18 अगस्त को जारी शुद्धिपत्र के मुताबिक अब अभ्यर्थी 27 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन और शुल्क जमा कर सकेंगे। वहीं, ऑनलाइन आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि 30 अगस्त कर दी गई है। आयोग ने 21 जुलाई को विज्ञापन संख्या 02/2026 के माध्यम से प्राचार्य पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। साथ आवेदन की अंतिम तिथियों में भी संशोधन किया गया है।

### ग्राम पंचायतों पर 16,643 ओएसआर खाते निष्क्रिय

अमृत विचार, लखनऊ : पंचायती राज निदेशालय ने ग्राम पंचायतों की आय की जानकारी और अनुश्रवण किया तो 16,643 ओएसआर खाते निष्क्रिय पाए गए। इससे पंचायतों पर प्राप्त आय यानी ओएसआर की जानकारी नहीं हो पाई। पंचायती राज विभाग ने ग्राम पंचायतों को पट्टा, नीलामी, कूड़ा उठान, वर्मी कंपोस्ट की बिक्री, बाजार शुल्क समेत अन्य संसाधनों से आय बढ़ाने पर जोर दिया है। ताकि इन संसाधनों से पंचायतों को अधिक से अधिक आय प्राप्त हो सके और उसी धनराशि से गांव का विकास कराया जाए।

### बाढ़ प्रभावितों को हर सुविधा दिलाएं डीएम : राहत आयुक्त

अमृत विचार, लखनऊ : राहत आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने मंगलवार को प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संचालित राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जनपदीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए बाढ़ से संबंधित कार्यों का अनुश्रवण करते हुए निगरानी की जा रही है। राहत आयुक्त ने जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे लोगों को आवश्यकतानुसार बाढ़ राहत शिविरों अथवा अन्य सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए तथा प्रभावित परिवारों को भोजन, चिकित्सा सुविधा एवं आवश्यक राहत सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

### गैरपंजीकृत प्रोजेक्ट की भी कर सकेंगे रेरा में शिकायत

लखनऊ, अमृत विचार : प्राधिकरण में पंजीकरण कराए बिना आवास बेचने वाले बिल्डरों को लेकर खरीदारों की शिकायत भी अब रेरा की वेबसाइट पर की जा सकेगी। रेरा ने ऐसे खरीदारों के लिए नियमों में बदलाव कर दिया है। इस बदलाव से बिल्डरों की मनमानी से परेशान लखनऊ के ही हजारों खरीदारों को राहत मिलने की उम्मीद है। रेरा ने रियल एस्टेट से जुड़े सामान्य नियमों को अब एक जगह समेटा है। खासतौर पर घर खरीदारों से लिए जाने वाले पैसे के इस्तेमाल, प्रोजेक्ट के बैंक खातों, कब्जा देने, प्लॉट या फ्लैट का हस्तांतरण, एजेंटों के काम और प्रोजेक्ट के विज्ञापन को लेकर नियम साफ किए गए हैं। नये नियम में बिल्डर को प्रोजेक्ट के आर्किटेक्ट, इंजीनियर और चार्टर्ड अकाउंटेंट की जानकारी देनी होगी।

### रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए जीआरपी ने शुरू किया अभियान

अमृत विचार, लखनऊ : पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक (रेलवे) प्रकाश डी की उपस्थिति में रेल यात्रियों की सुरक्षा करने तथा जहरखुरानी जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए मंगलवार को जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पुलिस महानिदेशक द्वारा अभियान को प्रभावी एवं व्यापक रूप से संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए, ताकि अधिक से अधिक रेल यात्रियों तक सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण संदेश पहुंचाया जा सके।

### अमेठी में मकान की खुदाई में तांबे के 29 बड़े गोले बरामद

अमेठी, एजेंसी : जिले के एक गांव में मंगलवार को मकान की खुदाई के दौरान तांबे के 29 बड़े गोले मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने बताया कि मुसाफिरखाना क्षेत्र के भनौली गांव स्थित मकान से मिले सभी गोलों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गयी है। भनौली गांव निवासी मोहम्मद इकबाल मंगलवार को मकान निर्माण के लिए नींव की खुदाई करा रहे थे और इसी दौरान जमीन के अंदर धातु के बड़े गोले दिखाई दिए।

# आयुष्मान मरीजों के इलाज में लापरवाही, 866 अस्पतालों पर कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: आयुष्मान कार्डधारक मरीजों के इलाज में लापरवाही, नियमों के उल्लंघन और वित्तीय अनियमितता पर योगी सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वर्ष 2020 से 2026 तक 866 अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें 648 अस्पतालों का डी-इम्पैनलमेंट, 61 का निलंबन और 17 अस्पतालों की विशेषता का डी-इम्पैनलमेंट किया गया। वहीं 140 अस्पतालों पर पेनाल्टी लगाकर 8.53 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया, जिसमें अब तक 4.37 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली हो चुकी है।

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा के अनुसार, मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप आयुष्मान मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के लिए अस्पतालों की लगातार निगरानी की जा रही है। वर्ष 2026 में अब तक 318 अस्पतालों पर कार्रवाई हुई। इनमें 242 अस्पतालों का भारत सरकार के 35 इंडीकेटर्स पूरा न करने पर डी-इम्पैनलमेंट किया गया, जबकि 61 अस्पतालों को निलंबित किया गया। 15 अस्पतालों की स्पेशियलिटी का भी डी-इम्पैनलमेंट किया गया। इससे पहले 2025 में 16 अस्पतालों पर कार्रवाई हुई थी। इनमें 14 अस्पतालों का डी-इम्पैनलमेंट और दो की स्पेशियलिटी का डी-इम्पैनलमेंट किया गया।

- सीएम योगी के निर्देश पर आयुष्मान योजना में गड़बड़ी करने वाले अस्पतालों पर कसा शिकंजा
- 61 अस्पताल निलंबित, 648 का डी-इम्पैनलमेंट, 140 पर 8.53 करोड़ रुपये की पेनाल्टी

वित्तीय वर्ष 2025-26 में 60 अस्पतालों पर 3.45 करोड़ रुपये की पेनाल्टी लगाई गई, जिसमें 3.19 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली हो चुकी है। वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 80 अस्पतालों पर 5.07 करोड़ रुपये की पेनाल्टी लगाई गई है। इनमें 1.17 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली हुई है। दोनों वित्तीय वर्षों में कुल 140 अस्पतालों पर 8.53 करोड़ रुपये की पेनाल्टी लगी, जिसमें 4.37 करोड़ रुपये की वसूली हो चुकी है। मानकों का पालन न करने पर आगे निलंबन की कार्रवाई भी की जाएगी।

### डेटा एनालिटिक्स से पकड़ी जा रही गड़बड़ी

- स्टेट एंटी फ्रॉड यूनिट डाटा एनालिटिक्स के जरिए अस्पतालों में होने वाली अनियमितताओं को चिह्नित कर रही है। इसमें एक ही मरीज को बार-बार भर्ती दिखाना, एक जैसी रिपोर्ट भेजना और ओपीडी मरीज को आईपीडी में भर्ती दिखाना जैसे मामले शामिल हैं। चिह्नित मामलों की जांच के बाद संबंधित अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### प्रतापगढ़ में नाले में डूबने से दो बच्चों की मौत

प्रतापगढ़, एजेंसी: जिले में मंगलवार दोपहर नाले में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटना आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के दफरा गांव में हुई। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) आलोक कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान विक्रम (13) और अनव (10) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि विक्रम और अनव चार अन्य बच्चों के साथ नाले में उतरे थे। अधिकारी ने बताया कि शोर सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे।

# रास्ता न दिला पाएं तो लेखपाल, कानूनगो तहसीलदार को सस्पेंड करो: मुख्यमंत्री

## जनता दर्शन में महिला की शिकायत पर योगी का सख्त रुख, भूमि विवादों में लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जनता दर्शन में आई एक महिला की दबंगों द्वारा रास्ता नहीं दिए जाने की शिकायत पर कड़ा रुख अपनाया। अधिकारियों को महिला को रास्ता दिलाने के निर्देश देते हुए कहा कि यूपी में कहीं भी लेखपाल, कानूनगो और तहसीलदार रास्ता दिलाने में खुद को असमर्थ मानते हैं तो तीनों को सस्पेंड करो।

गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि संबंधी प्रकरणों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रकरण की गंभीरता के अनुसार संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने लोगों के पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं और प्रार्थना पत्र लेकर अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। योगी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है और किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है। जनता दर्शन में कई लोगों ने भूमि और राजस्व से जुड़े मामलों में कर्मचारियों की लापरवाही की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित जिलाधिकारियों को गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### इलाज के लिए भी मिलेगी सरकारी मदद

- इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार इलाज में हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र जरूरतमंदों के आयुष्मान कार्ड बनवाने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। इसके बाद भी यदि इलाज के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता हो तो मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से मदद उपलब्ध कराई जाए।



गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की शिकायतें सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# वकीलों के मुंशियों की समस्याओं पर नई कमेटी बनाए सरकार

विधि संवाददाता, लखनऊ




- हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने दिया सरकार को आदेश
- याची सुशील कुमार श्रीवास्तव ने दाखिल की है याचिका

अमृत विचार: वकीलों के साथ न्यायिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करने वाले अधिवक्ता लिपिकों (मुंशियों) के कल्याण के लिए हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार को नई कमेटी गठित करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने जनवरी 2021 में गठित पुरानी कमेटी की सिफारिशों को खारिज करते हुए कहा कि कमेटी के ज्यादातर सदस्यों को अधिवक्ता लिपिकों के कामकाज, पारिश्रमिक, दायित्व और न्याय प्रशासन में उनकी भूमिका की संभवतः पर्याप्त जानकारी नहीं थी।

यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की खंडपीठ ने वर्ष 2017 में दाखिल याचिका पर दिया। याची सुशील कुमार श्रीवास्तव ने अधिवक्ता लिपिकों के कल्याण के लिए नीति बनाने का निर्देश देने की मांग की है। नई कमेटी में उत्तर प्रदेश के महाधिवक्ता या उनके द्वारा नामित अनुभवी अपर महाधिवक्ता, इलाहाबाद और लखनऊ पीठ से एक-एक वरिष्ठ अधिवक्ता तथा बार काउंसिल के चेयरमैन द्वारा नामित एक सदस्य शामिल होगा। मुख्य सचिव को चार सप्ताह में कमेटी गठित करने का निर्देश दिया गया है।

# सिद्धार्थनगर में मदरसे पर चला बुलडोजर

सिद्धार्थनगर, एजेंसी



जिले में सरकारी भूमि पर कथित तौर पर बने एक मदरसे को प्रशासन ने मंगलवार को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं मदरसा प्रबंधन ने कार्रवाई का विरोध करते हुए दावा किया कि भूमि संबंधी मामला चकबंदी अदालत में लंबित है और जांच के निर्देश के बावजूद प्रशासन ने बिना नोटिस दिए इमारत ढहा दी। प्रशासन का कहना है कि डुमरियागंज तहसीलदार न्यायालय ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद संबंधित भूमि से अवैध कब्जा हटाने का आदेश दिया गया था, जिसके अनुपालन में यह कार्रवाई की गई।

डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के पिपरा रामलाल गांव में अरबिया जियाउल उलूम मदरसे की इमारत को प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी और पुलिसकर्मी मौजूद थे। ग्रामीणों के अनुसार, मदरसा ध्वस्त किए जाने की सूचना मिलने पर समाजवादी पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। इस दौरान उनकी प्रशासनिक अधिकारियों से तीखी नोकझोंक हुई, हालांकि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया। मदरसे के व्यवस्थापक और ग्राम प्रधान इरशाद अहमद ने बताया कि अरबिया जियाउल उलूम का निर्माण 1968 में हुआ था और इसमें करीब 350 बच्चे पढ़ रहे थे।

# विशेष परिस्थितियों में जमानत के लिए सीधे उच्च न्यायालय जा सकते हैं

प्रयागराज, एजेंसी



- कोर्ट ने एक मामले में कंपनी मालिक की जमानत अर्जी स्वीकार की

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक कंपनी मालिक की जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए कहा कि विशेष परिस्थितियों में संबंधित सत्र न्यायालय का रुख किए बिना सीधे उच्च न्यायालय में जमानत याचिका दायर की जा सकती है। न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की अदालत के समक्ष आंध्र प्रदेश निवासी याचिकाकर्ता पोन्नुरु श्री निवासालु (64) के वकील ने दलील दी कि उनका मुवक्किल पूरी तरह निर्दोष है और उसे गलत मंशा से झूठे मामले में फंसाया गया है।

उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता 21 मार्च 2026 से जेल में बंद है। वकील ने बताया कि शिकायतकर्ता की कंपनी की ललितपुर में अच्छी पैठ है और उसे सिंचाई विभाग की ओर से ललितपुर में पुनर्वास एवं आधुनिकीकरण से जुड़ी कई परियोजनाओं के ठेके मिले हैं। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि शिकायतकर्ता की कंपनी में कार्यरत कई कर्मचारी ललितपुर में रहते हैं और वे शिकायतकर्ता तथा कंपनी के निदेशक के प्रति निष्ठावान हैं। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता और शिकायतकर्ता दोनों आंध्र प्रदेश के नेल्लोर के निवासी हैं तथा मौजूदा प्राथमिकी याचिकाकर्ता को केवल प्रताड़ित करने के उद्देश्य से दर्ज कराई गई है।

वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता के पैरोकारों को स्थानीय भाषा की समझ नहीं है और कंपनी के स्थानीय कर्मचारियों द्वारा उन्हें बार-बार निशाना बनाया जाता रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता पूर्व विधायक हैं और ललितपुर में उनका मजबूत राजनीतिक प्रभाव है। अदालत ने अभिलेखों पर गौर करने के बाद कहा कि मैंने दोनों पक्षों को सुना और अभिलेखों को समझा। इससे पता चलता है कि प्राथमिकी छह अगस्त 2025 को दर्ज की गई थी, लेकिन उसमें घटना की तिथि या समय का कोई उल्लेख नहीं है।

# सहयोगी दलों को सीट बंटवारे की खबर पर अखिलेश ने कसा भाजपा पर तंज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा और उसके सहयोगी दलों के बीच संभावित सीट बंटवारे की खबर को लेकर निशाना साधा है। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने दावा किया कि भाजपा अपनी संभावित हार को देखते हुए 'पीडीए' के दबाव में सहयोगी दलों को साधने के लिए सीटों के बंटवारे की योजना पर काम कर रही है। हालांकि, अखिलेश ने यह भी कहा कि यह जानकारी उन्हें सूत्रों के हवाले से मिली है।

अखिलेश के मुताबिक, संभावित फार्मूले में आरएलडी को 73, सुभासपा को 39, निषाद पार्टी को 31 और अपना दल को 19 सीटें देने की चर्चा है। उन्होंने कहा कि सहयोगी दलों को सीट देना सराहनीय कदम हो सकता है, लेकिन पीडीए की आबादी के अनुपात में यह आधे से कम है और इसलिए यह योजना सफल नहीं होगी। सपा अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर कई आरोप लगाए। उन्होंने परीक्षा और भर्तियों में गड़बड़ी, आरक्षण, बिजली, सड़कों की गुणवत्ता, कानून-व्यवस्था और बुलडोजर कार्रवाई जैसे मुद्दों को भी उठाया। 69000 शिक्षक भर्ती समेत कई भर्तियों में आरक्षण को लेकर उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा। अखिलेश ने अग्निवीर योजना, किसानों, मजदूरों, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, व्यापारियों तथा खिलाड़ियों से जुड़े मुद्दों को भी अपने पोस्ट में शामिल किया।

### अखिलेश में दम हो तो आजम खान को गृह मंत्री नहीं बनाएंगे का करें एलान : राजभर

- अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर आजम खान को गृह मंत्री बनाए जाने की चर्चा को लेकर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। राजभर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अखिलेश यादव से सवाल करते हुए कहा कि यदि उनमें दम है तो सार्वजनिक रूप से घोषणा करें कि सरकार बनने पर आजम खान को गृह मंत्री नहीं बनाया जाएगा। राजभर ने अपने पोस्ट में अखिलेश यादव को सीधे संबोधित करते हुए आजम खान को गृह मंत्री बनाए जाने की चर्चा पर सवाल उठाए।

### घाघरा घाट और बुढ़वल खंड पर कल से दौड़ेगी ट्रेन

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल पर यात्री सुविधाओं के विस्तार और परिचालन सुगमता के लिए घाघरा घाट-बुढ़वल रेलखंड के बीच नई विद्युतीकृत तृतीय रेल लाइन पर नियमित ट्रेन संचालन 20 अगस्त से शुरू कर दिया जाएगा। कमिश्निंग पूरी होने के बाद इस नई लाइन पर ट्रेनों का नियमित संचालन शुरू होगा।

# एक्सप्रेस-वे पर 150 मीटर सीमेंट की परत उखड़ी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे की निर्माण गुणवत्ता को लेकर उठे सवालों के बीच मंगलवार को एक और खामी सामने आई। कोरारी रेलवे पुल के जोड़ के पास करीब 150 मीटर लंबाई में सीमेंट की परत उखड़ गई। यह गड़बड़ी किमी संख्या 64.4 और 64.5 के बीच बताई गई है। इसके अलावा किमी संख्या 62.8 पर तीसरी लेन में करीब 50 मीटर हिस्से में सड़क हल्की दबने से पानी भरने की स्थिति सामने आई। इससे एक्सप्रेसवे के निर्माण और निगरानी व्यवस्था पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

एक्सप्रेसवे की तकनीकी खामियों की जांच के लिए आईआईटी खड़गपुर की टीम तीन दिन तक मौके पर निरीक्षण कर चुकी है। सूत्रों के मुताबिक टीम की रिपोर्ट तैयार हो गई है और इसे एनएचएआई मुख्यालय को सौंपा गया है। रिपोर्ट में ड्रेनेज व्यवस्था, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और मिट्टी की पटाई से जुड़े पहलुओं पर सवाल उठाए गए हैं। हालांकि एनएचएआई के अधिकारी रिपोर्ट को लेकर अभी आधिकारिक तौर पर कुछ कहने से बच रहे हैं। करीब 4200 करोड़ रुपये की लागत से तैयार लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का उद्घाटन 13 जुलाई को हुआ था। शुरुआत में इसे अत्याधुनिक तकनीक से लैस महत्वपूर्ण परियोजना के रूप में पेश किया गया था। लेकिन उद्घाटन के कुछ ही दिनों बाद उन्नाव में सड़क की ऊपरी परत प्रभावित होने की शिकायत सामने आई। उस समय एनएचएआई ने इसे सड़क धंसने के बजाय ऊपरी परत उखड़ने की समस्या बताया था और तत्काल मरम्मत कराई थी।

- लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे का मामला, कार्रवाई होगी

**भ्रष्टाचार** बरेली मंडी परिषद में बतौर संयुक्त तैनात हैं महेंद्र सिंह, पौने 16 लाख का किया था घोटाला

# घोटाला साबित, धन वापस-ब्याज बकाया, पोस्टिंग बरकरार

वीके सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के विशेष सचिव टीके शिबु ने बरेली में तैनात संयुक्त निदेशक निर्माण महेंद्र सिंह के कारनामों की जांच रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। जांच रिपोर्ट के मुताबिक प्रयागराज में बतौर उपनिदेशक (निर्माण) तैनाती के दौरान महेंद्र सिंह ने पौने 16 लाख रुपए का फर्जी भुगतान किया था। बावजूद इसके मुख्यालय की ओर से मलाईदार पोस्टिंग मिलती रही। महेंद्र सिंह को घोटाला की गई समस्त धनराशि ब्याज समेत मुख्यालय को वापस करने का निर्देश दिया गया था, जिसमें उन्होंने कार्रवाई के डर से मूल धनराशि वापस कर दी, लेकिन 7.30 फीसदी (4.29 लाख) की दर से देय ब्याज अभी भी बाकी है। जांच में वाराणसी, जौनपुर और आजमगढ़ में तैनाती के दौरान किए गए कारनामों का भी कच्चा चिट्ठा खुला है।

गौरतलब हो कि अगस्त 2023 में प्रयागराज निर्माणखंड कार्यालय में तैनात लिपिक मंजीत सिंह पर आरोप लगा था कि उसने अपनी पत्नी, साले तथा एक दोस्त के नाम फर्म बनवाकर ढाई करोड़ रुपए का फर्जी भुगतान करा लिया है। इस मामले की जांच तत्कालीन मंडी निदेशक अंजनी सिंह द्वारा कराई गई थी। जांच हेतु गठित टीम के सदस्यों ने तत्कालीन उपनिदेशक (निर्माण) प्रयागराज रविंद्र सिंह, लेखाकार मैकूलाल, लिपिक संजीव कुमार गंगवार और लिपिक मंजीत सिंह को दोषी पाया। इस प्रकरण पर रविंद्र सिंह को निलंबित किया गया और बाद में उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। जबकि मैकूलाल सेवानिवृत्त हैं। मंजीत सिंह जेल में बंद हैं। इसी बीच मैकूलाल ने निदेशालय को पत्र लिखकर अवगत कराया कि जांच टीम ने उक्त चारों को दोषी पाया, लेकिन असली खिलाड़ी महेंद्र सिंह (रविंद्र सिंह के पहले उपनिदेशक निर्माण रहे) को आख्या से बाहर कर दिया। जबकि मंजीत सिंह द्वारा किया गया संपूर्ण खेल रविंद्र सिंह के पूर्व तैनात रहे महेंद्र सिंह के समय से हो रहा है।

- मूल धनराशि वापस की, सवा चार लाख ब्याज अभी भी बकाया, बड़ी कार्रवाई की तैयारी में विभाग
- मुख्य सचिव के आदेश पर हुई जांच में विशेष सचिव टीके शिबु ने रिपोर्ट शासन को सौंपी

पहले तो निदेशक अंजनी कुमार सिंह तत्कालीन डीडीसी महेंद्र सिंह को बचाते रहे, लेकिन अंजनी सिंह के स्थानांतरण के बाद नए निदेशक ने इस शिकायत की जांच पुनः कराई। नई जांच में महेंद्र सिंह द्वारा किया गया पौने 16 लाख का फर्जी भुगतान सामने आ गया, जिसपर कार्रवाई शुरू की गई और पौने 16 लाख की धनराशि मुख्यालय के खाते में जमा कराई गई। सवा चार लाख का ब्याज निर्धारित किया गया था, जो अभी महेंद्र सिंह द्वारा जमा नहीं कराई जा सकी। इसी बीच मुख्यसचिव एसपी गोयल से इसी मामले की शिकायत हुई, जिसकी जांच विशेष सचिव टीके शिबु ने की। उन्होंने संपूर्ण जांच करते हुए आख्या शासन भेज दी है। महेंद्र सिंह इस समय बरेली में बतौर संयुक्त निदेशक (निर्माण) तैनात हैं। बताया जा रहा है शासन जल्द ही महेंद्र सिंह के खिलाफ कार्रवाई करने जा रहा है।

### पॉलिटेक्निक में जल्द भरेंगे रिक्त पद

लखनऊ, अमृत विचार: समाज कल्याण विभाग के अधीन संचालित राजकीय आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों में रिक्त अनुदेशक पद जल्द भरे जाएंगे। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। लखनऊ समेत चार जिलों के संस्थानों में अनुदेशकों के कुल 40 पद रिक्त हैं। राजकीय गोविंद वल्लभ पंत पॉलिटेक्निक, मोहन रोड में सात, राजकीय आईटीआई बख्शी का तालाब में 23, गोरखपुर में नौ और प्रतापगढ़ में एक पद खाली है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि रिक्त पदों के कारण पढ़ाई और प्रशिक्षण प्रभावित नहीं होना चाहिए।



5 साल में 10 लाख नए उद्यम 50 लाख नौकरियों का लक्ष्य - 13



कॉजपा ने केंद्र पर लगाया वादों से पलटने का आरोप, देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी - 14



फिलीपींस में छात्र की हत्या की लाइव स्ट्रीमिंग, सहपाठी को गोली मारी, फिर 5वीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी की - 15



लक्ष्य कड़े मुकाबले में जीते, त्रीसा-गायत्री भी प्री क्वार्टर फाइनल में - 16


आज का मौसम 31.0° अधिकतम तापमान 27.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 05.43 सूर्यास्त 06.47

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

श्रावण शुक्ल पक्ष सप्तमी 07:19 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 19 अगस्त 2026, वर्ष 7, अंक 265, पृष्ठ 16 ■ मूल्य 6 रुपये


## सुप्रीम आदेश : नीट प्रदर्शन के दौरान पुलिस की ज्यादतियों की जांच उच्च स्तरीय समिति करेगी

### समिति में सेवानिवृत्त न्यायाधीश, एक पूर्व पुलिस महानिदेशक और सीबीआई के पूर्व निदेशक शामिल होंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह दिल्ली में प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों के खिलाफ पुलिस की ज्यादती तथा पुलिसकर्मियों के विरूद्ध हिंसा के आरोपों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करेगी, जिसमें सेवानिवृत्त न्यायाधीश, एक पूर्व पुलिस महानिदेशक और सीबीआई के पूर्व निदेशक शामिल होंगे। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की खंडपीठ ने कहा कि समिति में शामिल किए जाने वाले अन्य सदस्यों का आदेश बुधवार को जारी किया जाएगा।

खंडपीठ ने कहा कि इस उच्च-स्तरीय समिति को तथ्यों का पता लगाने का काम सौंपा जाएगा और उसे सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि समिति की सिफारिशों का इंतजार करेंगे और उसके बाद जरूरी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले कई याचिकाकर्ताओं के वकीलों ने शीर्ष अदालत में कहा था कि विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने की वजह से अधिकारियों और आम लोगों ने उनके मुवक्किलों को निशाना बनाया। शीर्ष अदालत ने कहा कि समिति महिला प्रदर्शनकारियों के साथ यौन उत्पीड़न और ऑनलाइन उत्पीड़न तथा सोशल मीडिया के जरिए अन्य कमज़ोर लोगों को परेशान किए जाने के आरोपों की भी जांच करेगी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि जो भी इसके लिए जिम्मेदार है, उसके लिए कोई बहाना नहीं चलेगा और न ही किसी भी रूप में उसे सही ठहराया जायेगा। उच्चतम न्यायालय ने यह भी कहा कि समिति उन महिला प्रदर्शनकारियों की शिकायतों और आरोपों की भी जांच करेगी, जिन्हें कथित तौर पर दिल्ली और अन्य इलाकों में विरोध मार्च के दौरान निशाना बनाया गया था। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि वह दिल्ली में 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान हुई हिंसा के वीडियो फुटेज और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति को सौंपने का निर्देश देगी।

खंडपीठ उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में हुए आंदोलन के दौरान छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की ज्यादतियों और पुलिसकर्मियों के खिलाफ हिंसा के आरोप लगाए गए थे। खंडपीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से उन प्राथमिकी की जानकारी मांगी जिनमें छात्र प्रदर्शनकारियों को आरोपी बनाया गया है और जिन्हें रद्द किया जाना है। इससे संकेत मिलता है कि शीर्ष अदालत संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल कर सकती है। पीठ ने छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामले रद्द करने का विरोध कर रहे एक वकील से कहा कि छात्रों का भविष्य दांव पर है। हमें इस पर विचार करना होगा। उनका पूरा भविष्य सामने है। उन्हें अनुच्छेद 19 के तहत प्रदर्शन करने का अधिकार है।

मेहता ने कहा कि पुलिस ने 2,800 से अधिक ऐसे असामाजिक तत्वों की पहचान की है जो पहले गंभीर अपराधों में शामिल रहे हैं और 20 जुलाई के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा के लिए जिम्मेदार थे।



- महिला प्रदर्शनकारियों के साथ यौन उत्पीड़न व अन्य कमज़ोर लोगों को परेशान किए जाने के आरोपों की भी जांच होगी

### प्रदर्शन में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले भी थे : पुलिस

- पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में कहा - कार्रवाई के संबंध में अदालत द्वारा नियुक्त समिति से जांच करवाने के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 20 जुलाई को प्रदर्शन के दौरान बल प्रयोग का पुरजोर बचाव करते हुए उच्चतम न्यायालय को बताया कि इस आंदोलन में समाज-विरोधी तत्व और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति थे, जिससे कानून-व्यवस्था बिगड़ गई और 240 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अत्यधिक बल प्रयोग के आरोपों वाली कई याचिकाओं पर नई दिल्ली जिले के पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा की ओर से दायर दिल्ली पुलिस के हलफनामे में कहा गया है कि पुलिस अपनी कार्रवाई के संबंध में अदालत द्वारा नियुक्त समिति से जांच करवाने के लिए तैयार है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने तीन अगस्त को इस मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया था कि छात्र प्रदर्शनकारियों को रिहा करने के अपने आदेश में "आपराधिक इतिहास" शब्द का जिक्र किया गया है जिसका मतलब सिर्फ उन लोगों से था जो गंभीर और जघन्य अपराधों में शामिल थे। पीठ ने यह भी कहा था कि राज्य कानून के मुताबिक शेष छात्रों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को बंद कर सकते हैं या वापस ले सकते हैं। हलफनामे में कहा गया है कि 20 जुलाई को विरोध प्रदर्शन के दौरान जंतर-मंतर और उसके आस-पास 30,000 से ज़्यादा लोग जमा हुए थे, जिनमें कथित उपद्रवी और असामाजिक तत्व भी शामिल थे। बाद में यह प्रदर्शन हिंसक हो गया। इसमें कहा गया है कि पुलिस ने बल का इस्तेमाल तभी किया जब प्रदर्शनकारियों ने संसद की ओर बढ़ने से रोकने के लिए बार-बार दी गई चेतावनियों और कोशिशों को नजरअंदाज कर दिया। हलफनामे के मुताबिक, प्रदर्शन में शामिल 2,873 लोगों की जानकारी का मिलान पुलिस के आधिकारिक डेटाबेस में मौजूद पुराने आपराधिक रिकॉर्ड से किया गया। इसमें कहा गया है कि प्रदर्शन में मौजूद लोगों में से 92 लोग 10 से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल थे, जिनमें से 47 आपराधिक पृष्ठभूमि वाले थे। पुलिस ने कहा कि अगर हिंसा नहीं रुकती है या तेजी से फैलती दिखती है तो हालात के मुताबिक फैसले लिए जाते हैं और चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई की जाती है जिसमें कम से कम बल प्रयोग से शुरुआत की जाती है। इसमें कहा गया कि 240 से अधिक पुलिस अधिकारी घायल हुए हैं। जांच में प्रदर्शनकारियों की शिकायतों के साथ-साथ ड्यूटी पर तैनात उन पुलिस अधिकारियों की शिकायतों को भी विचार किया जाएगा, जो घायल हुए हैं। हलफनामे के अनुसार, प्रदर्शन के लिए दी गई मंजूरी 20 जुलाई को ही समाप्त हो गई थी, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने धरने के बाद भी प्रदर्शन स्थल खाली नहीं किया और न ही वहां से हटे।

## एनटीए सुधारों पर शिक्षा मंत्रालय का बड़ा कदम : सीआईएसएफ सुरक्षा और प्रश्नपत्रों की चार-स्तरीय जांच होगी

नई दिल्ली, एजेंसी

- 600 विशेषज्ञों को हटाकर उनकी जगह नये विशेषज्ञों की नियुक्ति होगी

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की परीक्षा प्रणाली में मंगलवार को बड़े बदलावों की घोषणा की, जिनमें प्रश्नपत्र की चार-स्तरीय जांच व्यवस्था, 600 विशेषज्ञों को हटाकर उनकी जगह नये विशेषज्ञों की नियुक्ति और कार्यालयों की सुरक्षा सीआईएसएफ को सौंपा जाना शामिल है। यूजीसी-नेट प्रश्नपत्र में गड़बड़ियों और नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक जैसी घटनाओं को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे शिक्षा मंत्रालय ने व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कई कदम उठाए हैं। शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक के बाद मंत्रालय ने मंगलवार शाम घोषणा की कि जोशी ने परीक्षाओं के सुचारु संचालन के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा और संबंधित बुनियादी ढांचा सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

जोशी ने पिछले महीने शिक्षा मंत्री का कार्यभार उस वक्त संभाला था, जब नीट-यूजी प्रश्नपत्र विवाद को लेकर हुए विरोध-प्रदर्शनों के बाद उनके पूर्ववर्ती धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा था। मंत्री के निर्देशों के बाद एनटीए महानिदेशक अभिषेक सिंह ने मंत्रालय को एजेंसी की ओर से की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। एनटीए देश में कई परीक्षाओं के आयोजन का जिम्मा संभालती है। मंत्रालय ने अब तक उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा टीम में बदलाव किया गया है, जिसके तहत 600 विशेषज्ञों को हटाते हुए उनकी जगह नये विशेषज्ञ शामिल किए गए हैं। मंत्रालय के अनुसार प्रश्नपत्रों की जांच प्रक्रिया को और मजबूत बनाने के लिए चार-स्तरीय जांच व्यवस्था लागू की जाएगी। अगले दो-तीन हफ्ते में 20-25 अधिकारियों को शामिल किया जाएगा, जबकि आगे और नियुक्तियों की भी समीक्षा की गई है। उसने बताया कि एनटीए के कार्यालयों को युद्धस्तर पर नये परिसरों में स्थानांतरित किया जाएगा, जहां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की टीमों के जरिये मजबूत सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### पेपर लीक दोषियों की संपत्ति ज़ब्ती संबंधी याचिका पर केंद्र, राज्यों को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र और राज्य सरकारों से एक जनहित याचिका पर जवाब मांगा जिसमें प्रश्नपत्र लीक करने के मामलों में शामिल अपराधियों और उनके परिजनों की चल-अचल संपत्ति ज़ब्त करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर केंद्र सरकार और राज्यों को नोटिस जारी किया। सुनवाई के दौरान, उपाध्याय ने कहा कि वह प्रश्नपत्र लीक मामलों में समयसीमा के भीतर जांच और मुकदमा सुनिश्चित करने के उपायों की अपनी मांग पर ज़ोर नहीं दे रहे हैं, क्योंकि 'सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026' पारित हो चुका है, जो पेपर लीक रोकने वाले कानूनों को और सख्त बनाता है। शीर्ष अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 25 सितंबर निर्धारित कर दी।

### ब्रीफ न्यूज

#### ईरान से बातचीत की कोई योजना नहीं : ट्रंप

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत की कोई योजना नहीं है, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक जहाज पर हमले की खबर के बावजूद यह जलमार्ग खुला हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में इस जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही कम हो रही है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वहां अमेरिकी नाकेबंदी पूरी तरह से लागू है और दावा किया कि सभी समुद्री बारूदी सुरंगें हटा दी गई हैं। उनका यह पोस्ट अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत के 60 दिनों का दौर इस हफ्ते खत्म होने के बाद आया है।






## देश का पहला फोर-वे किडनी स्वैप ट्रांसप्लांट, एक साथ 8 ऑपरेशन

नई दिल्ली, एजेंसी

- 4 राज्यों के 8 लोग बने इस अनूठी चिकित्सा प्रक्रिया का हिस्सा

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के साकेत स्थित मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ने देश के विभिन्न राज्यों के चार गंभीर मरीजों का सफल 'फोर-वे किडनी स्वैप ट्रांसप्लांट' (गुर्दा अदला-बदली प्रत्यारोपण) कर चिकित्सा जगत में नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

डॉक्टरों ने मंगलवार को बताया कि इन मरीजों के परिवार के सदस्य उन्हें सीधे तौर पर गुर्दा दान करने के इच्छुक थे, लेकिन चिकित्सा कारणों और ब्लड ग्रुप मैच न होने की वजह से सीधे प्रत्यारोपण संभव नहीं हो पा रहा था। ऐसे में डॉक्टरों ने चारों दाताओं की जांच कर उन्हें दूसरे मरीजों से मैच किया और 'एलायंस फॉर पेयर्ड किडनी डोनेशन' (एपीकेडी) सॉफ्टवेयर की मदद से एक-दूसरे के लिए उपयुक्त गुर्दे उपलब्ध कराए। इस जटिल प्रक्रिया में दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, बिहार और नगालैंड के कुल आठ लोग शामिल थे, जिनमें से चार गुर्दा दान करने वाले डोनर थे और अन्य चार गंभीर रूप से बीमार मरीज थे। अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने पूरी मुस्तैदी दिखाते हुए एक ही दिन में सभी आठ ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरे किए।

### दिल्ली हाईकोर्ट से मंजूरी मिलने के बाद ही संभव हो सका प्रत्यारोपण

इस ऐतिहासिक प्रत्यारोपण के लिए कानूनी और प्रशासनिक अनुमति लेने की प्रक्रिया काफी लंबी और मुश्किल रही, जिसमें कई दस्तावेज जमा करने पड़े, बार-बार प्रस्तुतियां देनी पड़ीं और पूरी प्रक्रिया की गहन जांच हुई। आखिरकार, जरूरी मंजूरी हासिल करने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख करना पड़ा और इस तरह कई महीनों की चिकित्सकीय तैयारी के साथ-साथ कानूनी प्रक्रिया भी पूरी करनी पड़ी। इसके बाद जुलाई में किए गए इस 'स्वैप ट्रांसप्लांट' के लिए एक ही दिन में कुल आठ सर्जरी की गईं जो पूरी तरह सफल रहीं और अब सभी मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अस्पताल के 'नेफ्रोलॉजी एवं रीनल ट्रांसप्लांट मेडिसिन' विभाग के प्रमुख प्रो. दिनेश खुल्लर ने कहा कि 'पेयर किडनी एक्सचेंज' उन मरीजों को एक नई उम्मीद हो सकती है, जिनके पास डोनर तो है, लेकिन मेडिकल कारणों से सीधे प्रत्यारोपण संभव नहीं है।

### एंटीबॉडी और ब्लड ग्रुप मिसमैच के कारण फंसा था मामला

अस्पताल द्वारा जारी बयान के अनुसार, नगालैंड की 34-वर्षीय मरीज के लिए उनके 28-वर्षीय भाई का गुर्दा उपयुक्त नहीं था, क्योंकि उनके शरीर में भाई के गुर्दे के खिलाफ एंटीबॉडी बन गई थीं। वहीं, जम्मू-कश्मीर के 47-वर्षीय मरीज को उनकी 42-वर्षीय बहन का गुर्दा इसलिए प्रत्यारोपित नहीं किया जा सकता था, क्योंकि दोनों के बीच 'इम्यूनोलॉजिकल' का मिलान नहीं हो रहा था। दिल्ली की 46-वर्षीय महिला मरीज 49-वर्षीय पति से सीधे गुर्दा नहीं ले सकती थीं, क्योंकि गर्भावस्था के बाद उनके शरीर में पति से जुड़े कुछ एंटीजन के खिलाफ एंटीबॉडी बन गई थीं, जबकि बिहार के 34-वर्षीय मरीज अपनी 36-वर्षीय पत्नी से सीधे गुर्दा नहीं ले सकते थे, क्योंकि दोनों का ब्लड ग्रुप समान नहीं था। ऐसी स्थिति में 'पेयर-एक्सचेंज' कार्यक्रम के जरिए हर दानदाता को दूसरे मरीज से मिलाया गया और इस तरह सभी चार मरीजों को उनके लिए उपयुक्त गुर्दा मिल सका।

## चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव को एसआईटी से क्लीन चिट

**लखनऊ।** अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की रकम की कथित चोरी के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार की एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट सामने आने के बाद जांच की दिशा और जिम्मेदारी तय करने को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

रिपोर्ट में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के तत्कालीन प्रमुख पदाधिकारियों चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव को आपराधिक जिम्मेदारी से मुक्त रखा गया है। वहीं जांच की सारी कवायद मामले में गिरफ्तार किए गए आठ कर्मचारियों तक ही सीमित बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट में मामले के उजागर होने के बाद मची थू-थू के बाद ट्रस्ट से इस्तीफा देने वाले महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी अनिल मिश्रा और निर्माण सहायक से हटाए गए गोपाल राव को आरोपी के तौर पर शामिल नहीं किया गया है।

ऐसे में जांच का अहम सवाल यह बनता है कि यदि मंदिर की चढ़ावे की रकम की सुरक्षा, गणना और निगरानी व्यवस्था में गंभीर खामियां थीं तो उस व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले स्तर पर जवाबदेही किस आधार पर तय की गई और किस आधार पर नहीं की गई।

मामले की शुरुआती जांच में मंदिर परिसर से नकदी बाहर ले जाने और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कर्मचारियों की गतिविधियों को लेकर सवाल सामने आए थे। कर्मचारियों की तलाशी, ड्रेस कोड, नकदी की गिनती और उसके सुरक्षित हस्तांतरण की प्रक्रिया में भी खामियों का उल्लेख किया गया था।

## तावड़े उप्र भाजपा के प्रभारी, पूनिया को पंजाब की कमान

- नितिन नवीन ने चुनावी राज्यों में भाजपा प्रभारियों की नियुक्ति की
- जगदीश ईश्वरभाई पटेल को उप्र में सह-प्रभारी बनाया गया



नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को राज्यसभा सदस्य विनोद तावड़े को उत्तर प्रदेश में पार्टी मामलों का प्रभारी नियुक्त किया और नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव जगदीश ईश्वरभाई पटेल को सह-प्रभारी बनाया। पार्टी की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, नवनियुक्त भाजपा राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सदस्य सतीश पूनिया को पंजाब में पार्टी मामलों का प्रभारी नियुक्त किया गया है। नवीन ने राज्यसभा सदस्य तरुण चुघ को गुजरात में पार्टी मामलों का प्रभारी बनाया है।

भाजपा ने एक परिपत्र में कहा कि ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। अन्य राज्यों के प्रभारियों की नियुक्ति उचित समय पर की जाएगी। तब तक वर्तमान प्रभारी व्यवस्था जारी रहेगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, ये नियुक्तियां अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए की गई हैं। पंजाब और उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव अगले वर्ष की शुरुआत में प्रस्तावित हैं, जबकि गुजरात में चुनाव 2027 के उत्तरार्ध में हो सकते हैं। यह घटनाक्रम भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा पार्टी की राष्ट्रीय टीम में व्यापक बदलाव किए जाने के एक दिन बाद सामने आया है।

## झारखंड में रद्द 44 भर्ती परीक्षाओं की सूची जारी

**रांची।** झारखंड सरकार ने मंगलवार रात उन 44 भर्ती परीक्षाओं की सूची जारी की जिन्हें अनियमितताओं की वजह से रद्द किया गया है। रद्द की गई परीक्षाओं में वे परीक्षाएं भी शामिल हैं, जो 2014 से झारखंड लोक सेवा आयोग और आउटसोर्स एजेंसी टीएसआर डेटा प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड ने आयोजित की थीं। राज्य सरकार द्वारा रद्द परीक्षाओं में औषधि निरीक्षक, सहायक प्राध्यापक, डिप्टी कलेक्टर, दंत चिकित्सक, सहायक अभियंता, सिविल जज, अतिरिक्त लोक अभियोजक और वन क्षेत्राधिकारी जैसे पदों के लिए होने वाली भर्तियां शामिल हैं। अन्य प्रमुख परीक्षाओं में सरकारी पॉलिटेक्निक में प्रवक्ता, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, सहायक वन संरक्षक और अन्य प्रशासनिक व तकनीकी पदों के लिए भर्ती परीक्षाएं शामिल हैं।

## ट्रक-डंपर भिड़ंत में 8 लोगों की मौत

भिंड/लखीमपुर खीरी, एजेंसी/ब्यूरो

- ग्वालियर में धान की रोपाई का काम पूरा करने के बाद ट्रक से लखीमपुर खीरी लौट रहे थे मजदूर, 32 घायल

मध्यप्रदेश के भिंड जिले में सोमवार आधी रात के बाद ट्रक और डंपर की भिड़त में आठ मजदूरों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए। हादसा भिंड-ग्वालियर राष्ट्रीय राजमार्ग पर छिमका गांव के पास रात करीब एक बजे हुआ।

पुलिस ने बताया कि ये मजदूर ग्वालियर में धान की रोपाई का काम पूरा करने के बाद ट्रक से लखीमपुर खीरी जिले में अपने गांव लौट रहे थे। राजमार्ग पर बैठे मवेशियों से बचने की कोशिश में चालक गाड़ी पर से नियंत्रण खो बैठा। इससे ट्रक गलत दिशा में चला गया और सामने से आ रहे 'डंपर' से उसकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कई मजदूर उसमें फंस गए।

पुलिस के अनुसार हादसे में पांच मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। हादसे में 32 अन्य मजदूर घायल हुए हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी में फंसे मजदूरों को बाहर निकाला गया। थाना प्रभारी के अनुसार गंभीर रूप से घायल मजदूरों को आगे के इलाज के लिए ग्वालियर रेफर किया गया। लखीमपुर खीरी की पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग ने आठ लोगों की मौत की पुष्टि करते हुए हादसे पर दुख जताया। उन्होंने बताया कि मृतकों में छह की पहचान हो गयी है। उन्होंने कहा कि ये लोग मोहम्मदी क्षेत्र के बेला तुरसिया गांव के निवासी उपदेश, अमर सिंह, सुखदेव और रजनीश थे तथा उनकी उम्र 30 से 45 वर्ष के बीच थी। गर्ग के अनुसार अन्य मृतकों की पहचान हरना नेओली गांव के सुभाष (30) और पसगवा क्षेत्र के किशनपुर अजीत गांव गांव के गुड्डू (45) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दो मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। मोहम्मदी के थाना प्रभारी उमेश चौरसिया ने बताया कि मृतकों और घायलों के परिवार के कुछ सदस्य दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

जमीन पर चमकते सितारे | उत्तर प्रदेश पुलिस के आधिकारिक वीडियो सॉन्ग में आईपीएस अंशिका के नेतृत्व वाली टीम को मिला स्थान

## बरेली की वीरांगना यूनिट पुलिस एंथम में शामिल

- महानायक अमिताभ बच्चन ने किया है खाकी को सेल्यूट
- साढ़े 6 मिनट के वीडियो सॉन्ग में दिखे पुलिस सेवा के रंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** वीरता और शौर्य का स्वर्णिम इतिहास रखने वाली यूपी पुलिस का आधिकारिक गीत जारी होने के बाद बरेली में तैनात तेजतर्रार आईपीएस अंशिका वर्मा नए सुर्खियों में हैं। साढ़े 6 मिनट के पुलिस सॉन्ग में एसपी अंशिका की अगुवाई वाली वीरांगना यूनिट को भी शामिल किया गया है। यूपी पुलिस के ऑफिसियल एक्स अकाउंट पर साझा वीडियो को महानायक अमिताभ बच्चन ने एक्स पर रिट्वीट करते हुए सेल्यूट किया है। लिखा है-'कुछ सितारे आसमान में चमकते हैं कुछ खाकी पहनकर जमीन पर... खाकी का सितारा।



पुलिस सॉन्ग में महाकुंभ 2025 के साथ स्वतंत्रता दिवस 2026 तक की राज्य पुलिस के काम दिखाए गए हैं। वीडियो में खाकी के कामकाज से जुड़े विभिनन पहलुओं को सामने लाने की कोशिश गई है। अमिताभ बच्चन की प्रभावशाली आवाज, पद्मश्री शंकर महादेवन के स्वर और संगीत के अलावा प्रशिद्ध कवि एवं गीतकार आलोक श्रीवास्तव के शब्दों ने यूपी पुलिस सॉन्ग में जान फूंकी है। वीडियो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डीजीपी राजीव कृष्ण के साथ राज्य पुलिस के अलग-अलग चेहरे नजर आ रहे हैं।

बरेली पुलिस को उत्साहित करने वाली बात ये है कि यूपी पुलिस के ऑफिसियल सॉन्ग में एसपी साउथ अंशिका वर्मा व उनके द्वारा बनाई गई राज्य की पहली वीरांगना यूनिट को प्रमुखता से शामिल किया गया है। यूनिट की पहचान उत्तर प्रदेश में गठित प्रथम वूमन एसओजी भी कहा जाता है।

यूनिट में शामिल महिला पुलिसकर्मी विशेष कमांडो ट्रेनिंग के बाद इसमें शामिल की गई हैं। वीरांगना यूनिट ने गठन के बाद से अभूतपूर्व कार्य करके दिखाए हैं। पिछले साल बरेली में उपद्रव के दौरान वीरांगना यूनिट ने पूरे दमखम से लॉ एंड ऑर्डर के मोर्चे पर अपने हाथ दिखाए थे। 27 सितंबर 2025 को यूनिट उपद्रवियों को खदेड़ती नजर आई थी।

## शहर में आज

- बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स द्वारा राष्ट्रीय फोटोग्राफी एग्जिबिशन 5 वीं मंजिल एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक में दोपहर 3 बजे।
- श्रीरामायण मंदिर में तुलसी जयंती महोत्सव के समापन पर हरीराम संकीर्तन सुबह 9 बजे।
- विकास भवन सभागार में किसान दिवस सुबह 11 बजे।
- विश्व फोटोग्राफी दिवस पर बरेली फोटोग्राफर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सम्मान समारोह एवं गोष्ठी रोटरी भवन में शाम 5 बजे।

## न्यूज ब्रीफ

### एलएलएम व एलएलबी प्रवेश के लिए अब अंतिम मौका

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलएम और एलएलबी त्रिवर्षीय (अनुदानित) पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए एक और अंतिम अवसर दिया है। विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 20 अगस्त कर दी गई है। प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थी 20 अगस्त तक प्रवेश ले सकेंगे। सभी प्रवेशित छात्रों का विवरण समर्थ पोर्टल पर अपलोड कराना अनिवार्य होगा।

### रेल कर्मियों की समस्याओं के निदान के लिए लगेंगे शिविर

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में रेलवे कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और मृतक कर्मचारियों के आश्रितों के लिए विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इन शिविरों में उम्मीद मेडिकल कार्ड बनने के साथ एचआरएमएस मॉड्यूल पर सर्विस रिक्वेस्ट, परिवार व आश्रितों का विवरण जोड़ने व अन्य परिवादों और रिकॉर्ड संबंधी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। 20 अगस्त को डीजल लोको शेड इज्जतनगर, 24 को मंडल चिकित्सालय इज्जतनगर, 25 अगस्त को सहायक मंडल अभियंता कार्यालय इज्जतनगर और एकीकृत क्रू लॉबी बरेली सिटी में कैंप लगेगा। 31 अगस्त को पीलीभीत कैंप लगेगा। सभी कैंप सुबह 11 से शाम 4 बजे तक संचालित होंगे।

### 300 बेड अस्पताल में दो घंटे बिजली गुल सीटी स्कैन भी अटके

**बरेली, अमृत विचार :** 300 बेड अस्पताल में मंगलवार को दोपहर करीब दो बजे से दो घंटे बिजली गुल रहने से सीटी स्कैन कराने पहुंचे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब दो घंटे बाद बिजली आपूर्ति बहाल होने पर सीटी स्कैन दोबारा हो सके। बिजली गुल होने की वजह से अस्पताल में कुछ समय के लिए व्यवस्था प्रभावित रही। आए दिन बिजली गुल होने से मरीजों को सामना करना पड़ता है।

# बीआईयू में फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स का शुभारंभ

## बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने फिल्म मेकिंग एवं फोटोग्राफी प्रशिक्षण के क्षेत्र में रखा कदम





बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स के शुभारंभ के अवसर पर पूजा करते कुलाधिपति डा. केशव अग्रवाल, प्रतिकुलाधिपति डा. अशोक कुमार अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

### विश्व फोटोग्राफी दिवस पर राष्ट्रीय प्रदर्शनी का आयोजन

विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, आईआईपी एकेडमी, संस्कृति मंत्रालय और ललित कला अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स में बुधवार को राष्ट्रीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह प्रदर्शनी बीआईयू के प्रशासनिक ब्लॉक में 5 वीं मंजिल पर लगेगी। इसमें देश के 74 प्रमुख फोटोग्राफरों की ऐसी तस्वीरें प्रदर्शित की जाएंगी, जिनमें जीवंत संस्कृति और विविधता को कैमरे के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। बरेली के मेयर डॉ. उमेश गौतम के साथ बीआईयू के कुलाधिपति डा. केशव अग्रवाल और प्राधिकुलाधिपति डा. अशोक अग्रवाल प्रदर्शनी में मुख्य मेहमान के रूप में मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी में व्यक्तिगत और अकादमिक कलेक्शन, छात्रों की बेहतरीन तस्वीरें, ललित कला अकादमी तथा संस्कृति मंत्रालय (भारत सरकार) से मान्यता प्राप्त चुनिंदा फोटोग्राफ्स सबके आकर्षण का केन्द्र होंगे।



### प्रशिक्षण लेने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट होगा आसान

कार्यक्रम में उपस्थित अमृत विचार के सीओओ पार्थो कुनार ने बताया कि बीआईयू में फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स उत्तर भारत के साथ दिल्ली-लखनऊ के बीच पहला ग्लोबल इन्फास्ट्रक्चर वाला कैंपस है। यहां की फैकल्टी प्रोफेशनली ट्रेंड होने के साथ इंडस्ट्री से भी सीधा जुड़ाव रखती है। यही वजह है कि बीआईयू में प्रशिक्षण लेने वाले स्टूडेंट्स को आसानी से अच्छे प्लेसमेंट के अवसर प्रदान होंगे।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा नाम बन चुकी बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने अब फिल्म मेकिंग प्रशिक्षण में भी मजबूती से कदम आगे बढ़ाए हैं। मंगलवार को पूजा-अर्चना के साथ बीआईयू में फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स का विधिवत शुभारंभ हो गया। फिल्म मेकिंग और फोटोग्राफी प्रशिक्षण कोर्स शुरू करने में बीआईयू को विख्यात आईआईपी एकेडमी का साथ मिला है। विश्वविद्याल प्रबंधन के अनुसार, एफएफए के माध्यम से स्टूडेंट यहां लघु फिल्में और बड़े पर्दे पर काम करने के लिए प्रशिक्षण लेंगे और फिल्म मेकिंग के क्षेत्र में अपना करियर संवार सकेंगे।

कुलाधिपति डा. केशव अग्रवाल ने बताया कि बीआईयू में फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स शुरू करने की पहल न सिर्फ स्टूडेंट्स के जीवन में उन्नति के नए रास्ते खोलेगी, बल्कि बरेली के साथ देश के विकास में भी योगदान देगी। निदेशक डा. वरुण अग्रवाल ने बताया कि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी मेडिकल जगत में अहम स्थान बना चुकी है। सभी प्रकार के मेडिकल, नर्सिंग और डेंटल कोर्सेज बीआईयू में संचालित हो रहे हैं। कैंपस में आईआईपी एकेडमी दिल्ली से कोलैबोरेशन के साथ अब स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स शुरू किया गया है। इससे फोटोग्राफी और कल्चरल एक्टिविटीज को बढ़ावा मिलेगा। जो स्टूडेंट्स इन सब एक्टिविटीज में कोर्स करना चाहते हैं, उन्हें हर प्रकार की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि दौर अब सोशल मीडिया का है। इसमें फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी आवश्यक रोल प्ले करते हैं। इसी को देखते हुए बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने अत्याधुनिक इन्फास्ट्रक्चर के साथ फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स की शुरुआत की है। शुभारंभ के अवसर पर हुई पूजा-अर्चना में बीआईयू कुलाधिपति डा. केशव अग्रवाल, कुलपति डा. लता अग्रवाल, प्रतिकुलाधिपति डा. अशोक कुमार अग्रवाल, प्रतिकुलपति डा. किरण अग्रवाल, निदेशक डा. वरुण अग्रवाल, डा. अर्जुन अग्रवाल, डा. प्रज्ञा मिश्रा, डा. चीना गर्ग उपस्थित रहे।

- हवन-पूजन के साथ फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स की हुई विधिवत शुरूआत

### बेहतरीन शोध संस्थान बनाने की दिशा में बड़ा कदम

कार्यक्रम में मौजूद आईआईपी एकेडमी के फाउंडर डायरेक्टर राजेश गोयल ने बताया की बीआईयू और आईआईपी का यह कोलैबोरेशन बरेली में बेहतरीन शोध संस्थान बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। इसमें फोटोग्राफी, फ़िल्म मेकिंग और अन्य कई प्रकार के विजुअल आर्ट कोर्स, इंटरनेशनल लेवल की फैकल्टी तैयार की गई है। बीआईयू में पूरे भारत से स्टूडेंट्स पढ़ाई करने आ रहे हैं।

# मेडटेक इनक्यूबेशन फाउंडेशन की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में मेडटेक इनक्यूबेशन फाउंडेशन के शुभारंभ के मौके पर पूजा-अर्चना। ● अमृत विचार

- विद्यार्थियों और फैकल्टी के शोध एवं नवाचार को मिलेगा बढ़ावा
- बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में मंगलवार को हुआ पूजा पाठ

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने रिसर्च, इनोवेशन और स्टार्टअप्स को नई दिशा देने के उद्देश्य से बरेली मेडटेक इनक्यूबेशन फाउंडेशन (बीएमआईआईएल) की शुरुआत की है। विश्वविद्यालय में सातवें फ्लोर पर स्थापित इस इनक्यूबेशन सेंटर में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विद्यार्थियों और फैकल्टी को शोध एवं नवाचार के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डा. केशव अग्रवाल ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य मेडिकल क्षेत्र के साथ-साथ अन्य संबद्ध विभागों में होने वाले शोध कार्यों और नए इनोवेटिव आइडियाज को प्रोत्साहित करना है। सेंटर में मेडिकल, डेंटल, नर्सिंग, फार्मेसी, पैरामेडिकल, मैनेजमेंट और आयुर्वेद सहित विभिन्न विभागों के विद्यार्थी एवं फैकल्टी रिसर्च प्रोजेक्ट्स पर कार्य कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इनक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से छात्रों और फैकल्टी के नए स्टार्टअप आइडियाज एवं रिसर्च प्रोजेक्ट्स को आगे बढ़ाने के लिए भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ विश्वविद्यालय स्तर से भी ग्रांट और अन्य आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। सेंटर के इंचार्ज क्लॉडियस लाजरस हैं। वे नए स्टार्टअप शुरू करने के इच्छुक विद्यार्थियों, फैकल्टी सदस्यों और शोधकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ-साथ उनके आइडियाज को विकसित करने और आगे बढ़ाने में सहायता करेंगे। इसी क्रम में मंगलवार को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में इनक्यूबेशन सेंटर शुभारंभ के अवसर पर पूजन किया गया। इस मौके पर बीआईयू की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, प्रतिकुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, प्रति-कुलपति डॉ. किरण अग्रवाल, डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. अर्जुन अग्रवाल, डॉ. प्रज्ञा मिश्रा, डॉ. चीना गर्ग, अमृत विचार के सीओओ पार्थो कुनार मौजूद रहे।

# अकासा भी भरेगी बरेली से उड़ान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लखनऊ, वाराणसी, गोवा, श्रीनगर, देहरादून, हैदराबाद, गुवाहाटी और जयपुर जैसे शहरों की कनेक्टिविटी का मिलेगा अवसर




**अमृत विचार :** बरेली एयरपोर्ट से हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा है। इंडिगो के बाद अब अकासा एयर ने भी बरेली से उड़ानें शुरू करने में रुचि दिखाई है। एयरपोर्ट प्रशासन और एयरलाइंस के बीच नए रूट को लेकर चल रही बातचीत में अकासा का प्रस्ताव सामने आया है। संभावित यात्री संख्या, एयर ट्रैफिक और संबंधित हवाई अड्डों पर स्लॉट की उपलब्धता का आकलन किया जा रहा है। प्रक्रिया आगे बढ़ी तो सर्दियों के शेड्यूल में बरेली से कई नए शहरों के लिए उड़ान शुरू होने की उम्मीद है।

हवाई अड्डा निदेशक अवधेश अग्रवाल ने बताया कि बरेली से नए शहरों को हवाई सेवा से जोड़ने के लिए एयरलाइंस के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है। अकासा एयर ने भी बरेली से सेवा शुरू करने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने बताया कि अंतिम निर्णय संबंधित एयरपोर्ट पर स्लॉट और जरूरी मंजूरियों की उपलब्धता के बाद होगा।

प्रशासन की नजर लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज और कुशीनगर के साथ गोवा, श्रीनगर, देहरादून, हैदराबाद, गुवाहाटी और जयपुर जैसे शहरों पर है। इन रूटों पर यात्रियों की संभावित संख्या और हवाई यातायात का अध्ययन किया जा रहा है। उड़ानें शुरू होने पर कारोबार, पर्यटन, शिक्षा और रोजगार के सिलसिले में आने-जाने वाले यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

**बोइंग बी-737 से सेवा की तैयारी**

अकासा एयर की ओर से प्रस्तावित सेवा के लिए बोइंग बी-737 विमान के इस्तेमाल की तैयारी बताई गई है। हालांकि उड़ान का अंतिम रूट और समय स्लॉट तथा अन्य आवश्यक मंजूरियां मिलने के बाद ही तय होगा। वर्तमान में बरेली एयरपोर्ट से बंगलूरू, नवी मुंबई, दिल्ली और नोएडा के लिए हवाई कनेक्टिविटी है। अब एयरपोर्ट प्रशासन इन सेवाओं का दायरा बढ़ाने में जुटा है।

# प्रो. अनिल कुमार राय बने रुविवि के नए कुलपति

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- राजस्थान के पंडित दीनदयाल उपाध्याय विवि के कुलपति हैं राय
- प्रो. राय को तीन वर्ष के लिए रुहेलखंड विवि में मिली तैनाती

**अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय को नए कुलपति मिल गए हैं। राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राजस्थान) के प्रो. अनिल कुमार राय रुहेलखंड विश्वविद्याल के नए कुलपति नियुक्त किए हैं।

कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह का कार्यकाल पूरा हो गया था। जिसके बाद नई जिम्मेदारी प्रो अनिल राय को दी गई है। इससे पहले वह महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी, बिहार में प्रो-वाइस चांसलर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान, शिक्षा, प्रबंधन और छात्र कल्याण स्कूलों के डीन के साथ संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन समिति (आईक्यूएसी) के निदेशक की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। लंबे अनुभव के साथ वह जनसंचार, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, इतिहास और मानवशास्त्र विभागों के प्रमुख भी रहे हैं।

# एयरफोर्स के पास रुकेंगे अवैध निर्माण

कार्यालय संवाददाता, बरेली



प्रशासन व एयरफोर्स अफसरों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त शंभू कुमार।

- मंडलायुक्त ने की पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त शंभू कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को एयरफोर्स की हवाई क्षेत्र में पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक हुई। इसमें एयरफोर्स के आसपास पक्षियों की गतिविधि, ड्रोन उड़ाने, अवैध निर्माण, जलभराव और कूड़ा डंपिंग से उड़ानों की सुरक्षा पर पड़ने वाले असर पर चर्चा की गई। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को इन समस्याओं के स्थायी निस्तारण के कड़े निर्देश दिए।

एयरफोर्स के सुरक्षा प्रतिनिधियों ने बताया कि चावड़, भूड़ा, नैनीताल हाईवे और दिल्ली हाईवे के आसपास बर्ड एक्टिविटी अधिक है। नवंबर-दिसंबर में शादी समारोहों में वीडियोग्राफी के लिए ड्रोन उड़ाने से खतरा बढ़ जाता है। इस पर मंडलायुक्त ने बीडीए उपाध्यक्ष को एयरफोर्स क्षेत्र के आसपास निर्धारित मानक से ऊंचे भवनों के निर्माण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। एडीएम सिटी अविनाश त्रिपाठी, बीडीए उपाध्यक्ष सौम्या पांडेय, एसपी सिटी मानुष पारीख, एयर कमांडर सीयूवीआरएओ ,स्टेशन ऐरोस्पेस सेफ्टी अधिकारी विंग कमांडर मानिक भल्ला , मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ग्रुप कैप्टन कर्मकार, प्रशासनिक सुरक्षा निरीक्षण अधिकारी पूर्वी श्रीवास्तव, बरेली एयरपोर्ट के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

### कूड़ा निस्तारण और मॉक ड्रिल की योजना

अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय ने बताया कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में 21.5 लाख टन कूड़े में 17.5 लाख टन का निस्तारण कर लिया गया है। सथरापुर में नया प्लांट शुरू होने से व्यवस्था और बेहतर होगी। इसके अलावा एयरफोर्स स्टेशन के पास बने बहुमंजिला भवनों की सूची मांगी गई है ताकि अवैध निर्माण पर कार्रवाई की जा सके। आपात स्थिति की तैयारी को मॉक ड्रिल का आयोजन भी किया जाएगा।

## सिटी ब्रीफ

### रास्ते के विवाद में युवक पर हमला

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर के विश्वनाथपुरम विकास नगर निवासी रीता शर्मा ने बताया कि उनके पति सरयू प्रसाद ने पड़ोसी राम किशन पर रास्ते पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। आरोप है कि 15 अगस्त की शाम उनके पति अपने प्लॉट पर रखा सामान देखने गए थे। इसी बीच वहां पहले से मौजूद राम किशन ने उनके पति के साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई। बाद में लोहे की रॉड से हमला कर आरोपियों ने सरयू को लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एफडी कराने के नाम पर आठ लाख की ठगी

**बरेली, अमृत विचार :** एफडी कराने के नाम पर आठ लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली गई। एसएसपी से शिकायत के बाद किला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। किला के बाकरगंज निवासी वसीम का आरोप है कि फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र की रबर फैक्ट्री कॉलोनी निवासी मुनेन्द्र मिश्रा ने खुद को एक्सिस बैंक की सिविल लाइंस शाखा का कर्मचारी बता एफडी कराने का झांसा देकर 1 जून 2024 को चार लाख रुपये नकद और 4 अगस्त 2024 को चार लाख रुपये अपने बैंक खाते में जमा करा लिए। लेकिन उनके रुपयों की एफडी नहीं की। उसने जब अपने रुपये मांगे तो आरोपी ने उन्हें 5 .50 लाख के चेक दिए, जो बाउंस हो गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दवा लेने गई नाबालिग को अगवा किया

**भमोरा, अमृत विचार :** गांव में दवा लेने गई 16 वर्षीय किशोरी को गांव का ही युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। किशोरी के बारे में पूछताछ करने पहुंचे परिजनों को युवक के स्वजन ने धमकी दी। किशोरी के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि 16 अगस्त की सुबह उसकी नाबालिग बहन सरदारनगर दवा लेने गई थी।

# शिव की भक्ति में लीन तीन तलाक पीड़िता ने अपनाया सनातन धर्म

## झारखंड की युवती ने प्रकाश रविदास के साथ लिए सात फेरे

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जमीला से ज्योति देवी बनकर प्रकाश रविदास से रचाई शादी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** तीन तलाक पीड़ित झारखंड की युवती ने बरेली के अगस्त्य मुनि आश्रम में सनातन धर्म ग्रहण कर लिया। उसने मंत्रोच्चार के साथ प्रेमी प्रकाश रविदास के साथ सात फेरे लिए हैं। युवती ने आरोप लगाया कि वह भगवान शिव की आराधना करती है और शौहर ने इस बात को लेकर पिटाई के बाद उसे तलाक देकर घर से निकाल दिया था।

जीवन में सनातन राह चुनने वाली जमीला खातून झारखंड में बोकारो जिले के लोधी नीच टोला की रहने वाली है। बरेली में उसने बताया कि भगवान शिव में उसकी आस्था शुरू से रही है। निकाह से पहले ही वह परिवार से छिपकर भगवान भोलेनाथ की पूजा किया करती थी। निकाह के बाद जब इसकी जानकारी उनके शौहर और ससुराल वालों को हुई तो उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। उसके साथ मारपीट की जाती थी। इसके बाद भी शिव पूजा नहीं छोड़ी तो पति ने तलाक देकर घर से निकाल दिया।

● **बोली, शिव साधना का विरोध करता था शौहर, दिया तलाक**

जमीला ने बताया, उसकी मुलाकात झारखंड में हजारीबाग जिले के चानो (ऊंचाघना) निवासी प्रकाश रविदास से हुई। मुलाकात, दोस्ती प्यार में बदल गई और जीवन साथ बिताने का फैसला कर लिया। दोनों झारखंड से बरेली पहुंचे और अगस्त्य मुनि आश्रम के आचार्य पं. केके शंखधार से मुलाकात कर स्वेच्छा से शादी की इच्छा जताई। आश्रम संचालक आचार्य शंखधार ने इसके बाद जमीला को परंपरा के अनुसार शुद्धिकरण के बाद सनातन ग्रहण कराया। इसके बाद उसका नाम ज्योति देवी रखा गया। इसके बाद वह दोनों विवाह के पवित्र बंधन में बंध गए। जमीला से ज्योती बनी युवती ने कहा कि वह जीवन भर शिव पूजा करेगी।

### परिवार पर हलाला के लिए दबाव बनाने का आरोप, रिपोर्ट

**बरेली :** एक लॉ की छात्रा ने आरोप लगाया कि उसके भाई और भाभी ने तलाकशुदा पति के पास लौटने के लिए उस पर 'हलाला' करने का दबाव बनाया। इन्कार करने पर उसे पीटा। महिला एलएलबी की पढ़ाई कर रही है। वह एक अधिवक्ता के चैंबर में प्रशिक्षु के तौर पर काम करती है। पुलिस के मुताबिक महिला ने इज्जतनगर थाने में अपने भाइयों, भाभी व एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी सुरेश गौतम ने बताया कि आरोपों की जांच की जा रही है। महिला ने शिकायत में आरोप लगाया कि रविवार को विवाद के दौरान एक आरोपी ने उसका गला दबाया, जबकि दूसरे ने लात-घूंसे बरसाए। महिला ने बताया कि उसने अपने पूर्व पति से अदालत के जरिए तलाक लिया है। वह हलाला नहीं कराना चाहती।

### आरोपी कोड वर्ड में करते थे बात सरगना की तलाश

**बरेली, अमृत विचार :** बिहार से 25 गांजा लेकर उत्तराखंड सप्लाई करने जा रहे तीनों आरोपी कोर्ड वर्ड में बात करते थे। बरेली आरपीएफ की टीम सरगना की तलाश कर रही है।

● **25 किलो गांजा की जगह कहते थे 25 किलो आलू, तीन आरोपी गिरफ्तार**

आरपीएफ इंस्पेक्टर मयंक चौधरी ने बताया कि सोमवार को रामपुर स्टेशन पर आरपीएफ, जीआरपी की टीमों ने दो महिलाएं प्रतिमा देवी और रीना निवासी रंगरा बिहार और रोहित कुमार निवासी मधुरा जिला गोड्डा झारखंड को गिरफ्तार किया। तीनों के पास बैग से 25 किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपियों ने बताया कि तीनों सिर्फ सप्लाई देते थे। उन्हें हर चक्कर के 20 से 30 हजार रुपये मिलते थे। सप्लाई देने को कोड वर्ड में बात करते थे। जैसे 25 किलो गांजा देना है तो 25 किलो आलू और 50 किलो गांजा देना है तो आधा कट्टा आलू कहते थे जिससे लोगों को शक न हो सके। आरपीएफ इंस्पेक्टर मयंक चौधरी ने बताया कि मुख्य सरगना की तलाश की जा रही है।

# रामगंगा उफान पर...खेतों में पानी पहुंचने का खतरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



● **159.500 मीटर पहुंचा जलस्तर बाढ़ राहत चौकियों पर चौबीस घंटे निगरानी के लिए टीमें लगाईं**

**अमृत विचार :** पहाड़ों पर हो रही मूसलाधार बारिश और खो बैराज से छोड़े गए पानी से रामगंगा नदी उफान पर आ गई है। मंगलवार शाम चौबारी गेज स्थल पर जलस्तर 159.500 मीटर दर्ज किया गया। बाढ़ खंड के अनुसार अगले 24 से 48 घंटे में जलस्तर एक मीटर से अधिक बढ़ने की आशंका है। बुधवार शाम तक 160 मीटर पहुंचने की संभावना है। इससे तटीय इलाकों में पानी पहुंचने का खतरा है।

बाढ़ खंड के एक्सईएन नीजर कुमार ने बताया कि उत्तराखंड में हो रही लगातार भारी बारिश के कारण सभी नदियां उफान पर हैं। रामगंगा में भी जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। मंगलवार शाम चार बजे खो बैराज से 45756 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद रामगंगा के जलस्तर में और वृद्धि की संभावना है। इसके अलावा रामगंगा और अन्य सहायक नदियों के कैचमेंट क्षेत्र में लगातार बारिश होने से अगले 24 से 48 घंटे महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। जलस्तर बढ़ने पर चौबारी गेज स्थल के आसपास के तटीय गांवों और खेतों में पानी पहुंच सकता है। इसे देखते हुए प्रशासन को सतर्क कर दिया गया है। एडीएम वित्त एवं राजस्व को पत्र भेजकर स्थिति की जानकारी दी गई है। बाढ़ राहत चौकियों पर दिन-रात निगरानी के लिए सिंचाई, राजस्व और बाढ़ खंड की टीमें लगाई गई हैं। अधिकारियों ने लेखपालों और राजस्व कर्मियों के माध्यम से नदी किनारे बसे गांवों में लोगों को जलस्तर बढ़ने की सूचना देने के निर्देश दिए हैं। कहा कि संवेदनशील इलाकों में तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी गई है। फिलहाल सभी तटबंध सुरक्षित बताए गए हैं और स्थिति पर नजर है।

# पत्नी, सास पर अभद्र टिप्पणी लिखकर लगाता है स्टेटस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **शिकायत पर डिप्टी जेलर ससुर व पति के खिलाफ रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** एक युवक ने पत्नी के साथ मारपीट की। इसके बाद वह उसे तीन माह की बच्ची के साथ मायके छोड़ गया। अब वह पत्नी को वाट्सएप कॉल कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। इज्जतनगर पुलिस ने मामले में आरोपी डिप्टी जेलर ससुर व पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इज्जतनगर क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि उसकी शादी अरुण कुमार के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही पति उसके साथ मारपीट करने लगा। आरोप है कि 8 मार्च को पति ने उसके साथ मारपीट की और फिर तीन माह की बेटी के साथ उसे उसके मायके छोड़ आया। महिला का मामला कोर्ट में चल रहा है। आरोप है कि पति उसे वाट्सएप कॉल पर जान से मारने की धमकी देता है। उसके घर के बाहर आकर गालियां देता है। उसे व उनकी मां के लिए अभद्र टिप्पणी लिखकर वाट्सएप पर स्टेटस लगाता है। महिला के अनुसार उसके ससुर सुखलाल डिप्टी जेलर हैं। शिकायत पर पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बारावफात को लेकर पुलिस ने जुलूस आयोजकों के साथ की बैठक

**बरेली, अमृत विचार :** आगामी बारावफात पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को थाना बारादरी परिसर में पुलिस ने अंजुमन सदर और जुलूस आयोजकों के साथ बैठक की। एसपी सिटी मानुष पारीक ने आयोजकों से संवाद कर पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

एसपी सिटी ने जुलूस के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ध्वनि विस्तारक यंत्रों के निर्धारित मानकों का पालन करने तथा जुलूस के दौरान आपसी समन्वय बनाए रखने को कहा।

# 14 सितंबर से जाट रेजीमेंट में अग्निवीर भर्ती रैली

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कलेक्ट्रेट सभागार में अफसरों के साथ बैठक करते डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

● **12 जिलों के हजारों अभ्यर्थी होंगे शामिल, डीएम ने सेना के अफसरों के साथ की बैठक**

**अमृत विचार :** अग्निपथ योजना के तहत आर्मी भर्ती के आयोजन को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जहां सेना अधिकारियों ने बताया कि जाट रेजीमेंट केंद्र परिसर में 14 से 30 सितंबर तक अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। इसमें बरेली समेत 12 जिलों के हजारों अभ्यर्थी शामिल होंगे।

डीएम ने अधिकारियों से कहा कि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और भर्ती प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। सेना अधिकारियों ने पुलिस प्रशासन से पिछली भर्ती रैली की तरह सहयोग मांगा। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, समेत स्वास्थ्य विभाग को भर्ती में पूरी तरह से सहयोग करने के निर्देश दिए। इसके साथ शैक्षिक प्रमाणपत्रों के सत्यापन के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाने, रोडवेज बसों पर आर्मी भर्ती संबंधी फ्लैक्स लगाने और अग्निशमन विभाग को आवश्यक प्रबंध करने को कहा गया। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि नगर निगम की ओर से बायोटॉयलेट, वाटर टैंक, सफाईकर्मी और डस्टबिन उपलब्ध कराए जाएंगे। बैठक में सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक रजनीश अइय्यर, सूबेदार मेजर अनिल कुमार, नायब सूबेदार संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर अविनाश त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, एसपी यातायात मो. अकमल खान, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, डिप्टी सीएमओ, एआरएम रोडवेज समेत जिला प्रशासन और सेना के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जुलूस-ए-मोहम्मदी में नहीं बजेंगी नात और कव्वाली



बैठक में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

● **25 को शाम 5 बजे निकाला जाएगा जुलूस, बैठक आयोजित**

**बरेली, अमृत विचार :** जुलूस-ए-मोहम्मदी की तैयारियों को लेकर को अंजुमन इत्तेहादुल मुस्लिमीन जुलूस-ए-मोहम्मदी कमेटी पुराना शहर के तत्वावधान में अंजुमनों के अध्यक्ष व सचिवों की बैठक हुई, जिसमें कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक में जुलूस कमेटी के महासचिव अंजुम शमीम ने बताया कि 25 अगस्त को जुलूस शाम 5 बजे निकाला जाएगा। हालांकि, कुछ अंजुमनों की ओर से जुलूस को रात 8 बजे निकालने का सुझाव भी दिया गया। तय किया गया कि इस बार भी जुलूस-ए-मोहम्मदी में म्यूजिकल नात और कव्वाली बजाने पर रोक रहेगी। कुछ अंजुमनों ने जुलूस के दौरान अच्छी कार्य प्रदर्शन करने वाली अंजुमनों को उमरा आदि का टिकट देने की घोषणाएं किए जाने और बाद में उन्हें अमल में न लाने पर नाराजगी जताई। डॉ. शकील मिस्वाही, नवाब मुजाहिद हसन खान, इकरार अहमद, डॉ. अनीस बेग, सरफराज वली खान, इंजीनियर अनीस अहमद, मोहम्मद उस्मान आदि मौजूद रहे।

### जश्ने शाह शराफत मियां का हुआ आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** शाह मौलाना शराफत अली मियां के वार्षिक उर्स-ए-शराफती के मौके पर मंगलवार को मोहल्ला तालाब अहमद अली में हजरत शाह सकलैन एकेडमी की ओर से जश्ने शाह शराफत मियां का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दरगाह शाह शराफत मियां के सज्जादानशीन शाह मोहम्मद गाजी मियां की सरपरस्ती में हुआ।

उलमा-ए-किराम ने शाह मौलाना शराफत अली मियां की जिंदगी और तालीमात पर रोशनी डाली। कार्यक्रम की निजामत मुख्तार सकलैनी ने की। हसीब रौनक सकलैनी, अमिल सकलैनी, मजहर सकलैनी, सय्यद अरबाज और अनस सकलैनी आदि ने नात-ओ-मनकबत के कलाम पेश किए। हाफिज गुलाम गौस सकलैनी, मौलाना मुफ्ती रुम्मान कादरी सकलैनी, मौलाना अनवार नईमी, मौलाना नफीस सकलैनी, मौलाना जाने आलम सकलैनी, हाजी लतीफ सकलैनी, मोहम्मद अली सकलैनी, जिया सकलैनी आदि मौजूद रहे।

# शायरों और कवियों ने बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कार्यक्रम में मौजूद डॉ. अनीस बेग व अन्य। ● अमृत विचार

● **ऑल इंडिया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया**

**अमृत विचार :** स्वतंत्रता दिवस पर आईएमए हॉल, सिविल लाइंस में महफिल-ए-अदब 'जश्न-ए-आजादी' के तहत डॉ. अनीस बेग द्वारा भव्य ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान के साथ शुरू किया गया। देशभर में से आए शायरों व कवियों ने अपनी रचनाओं से देर रात तक समां बांधे रखा।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण देश के वीरों को समर्पित काव्य और मुशायरा रहा। शायरों ने अपनी शायरी के माध्यम से देशभक्ति, भाईचारे, अमन और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। कवियों की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में वसीम बरेली, नदीम फारूक, अजीम शाकिरी, मशहर अफरीदी, बिलाल सहारनपुरी, हाशिम फिरोजाबादी, तबरेज राणा, शबीना अदीब, मुमताज नसीम, सबा बलरामपुरी, प्रतिभा यादव, राहिल बरेली, मसूदम बरेली और अहमद फरीद सहित अनेक शायरों और कवियों ने शिरकत की। आयोजन के दौरान डॉ. अनीस बेग की ओर से अतिथियों और शायरों का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि साहित्य और कला समाज को जोड़ने का काम करते हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को देश की आजादी के संघर्ष, वीरों के बलिदान और आपसी भाईचारे का संदेश मिलता है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शुभलेश यादव , महानगर अध्यक्ष शुभलेश यादव, कैंट अध्यक्ष राजेश मौर्य आई एम ए यूपी अध्यक्ष डॉ रवीश कुमार, कुलदीप सिंह भुल्लर, उवैस रजा खां, खुसरो मिर्जा, उस्मान रजा खां, यावर खां, सैयद महताब, साजिद खां पप्पू, परवेज शेख, सैयद नजीब, मोहम्मद नदीम अंसारी, डॉ. अजहर नवाब, डॉ. सैफ शेख, दानिश महिला सभा अध्यक्ष स्मिता यादवसुल्तानी समेत अन्य लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

मुशायरे और कवि सम्मेलन में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी एवं शहरवासी मौजूद रहे। देर रात तक चली महफिल में शायरी और कविताओं की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को बांधे रखा और कार्यक्रम देशभक्ति व भाईचारे के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :-
8445507002
8266086517

JYOTI COLLEGE
— of Management Science & Technology —
JCMST Estd. 2000
ADMISSION OPEN
M.Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
G.N.M.
M.Ed.
A.N.M.
B.Ed.
D.Pharma
CAMPUS : Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
9219459111, 6395711513, 9837028420

प्रतिभा | सत्युग दर्शन संगीत कला केंद्र को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

# बरेली की बेटियों ने मुंबई में लहराया परचम

कार्यालय संवाददाता, बरेली



विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सत्युग दर्शन संगीत कला केंद्र, बरेली की छात्राओं संजना धींगरा और सान्वी सिंह ने 15 अगस्त को मुंबई के बॉम्बे ऑडिटोरियम में आयोजित राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता "नृत्य अनुभूति" में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। केंद्र विद्यार्थियों को संगीत और नृत्य सीखने में मदद करता है, ताकि हर बच्चा अपनी प्रतिभा को तराशकर देश-विदेश में संस्थान और शहर का नाम रोशन कर सके।

अखिल नटराजम अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक संघ, नागपुर द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच केंद्र की छात्राएं संजना धींगरा और सान्वी सिंह ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से निर्णायकों का दिल जीतकर प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया।

इस जीत के पीछे महीनों की कड़ी मेहनत और अनुशासन है। प्रतियोगिता से पहले दोनों छात्राओं ने रोजाना घंटों रियाज किया और गुरु अंकिता बिंद्रा मैम के मार्गदर्शन में अपनी प्रस्तुति को निखारा। राष्ट्रीय मंच पर बरेली की संस्कृति और पारंपरिक नृत्य शैली को सम्मान दिलाकर उन्होंने साबित किया कि छोटे शहरों की बेटियां भी बड़े मंचों पर अपनी अलग पहचान बना सकती हैं। संजना और सान्वी की इस उपलब्धि से न केवल सत्युग दर्शन संगीत कला केंद्र, बल्कि पूरे बरेली जिले का मान बढ़ा है। इस उपलब्धि पर संस्थान की मैनेजिंग ट्रस्टी श्रीमती रेशमा गांधी जी, चेयरपर्सन श्रीमती अनुपमा तलवार जी के आशीर्वाद, प्रिंसिपल श्री दीपेंद्र कांत के मार्गदर्शन, केंद्र प्रभारी smt मोनिशा मलिक के कुशल संचालन एवं सदस्य श्रीमती आशा गेरा जी के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पत्नी से विवाद के बाद फंदा लगाकर दी जान

**बरेली, अमृत विचार :** पत्नी से हुए विवाद के बाद पति ने फंदे से लटकर आत्महत्या कर ली। पति ने आत्महत्या का 4.21 मिनट का वीडियो भी बनाया था जिसे परिवार के लोगों ने वायरल कर दिया।

इज्जतनगर के पहाड़गंज निवासी सनी कुमार उर्फ राहुल पत्नी काजल और तीन बच्चों के साथ हल्द्वानी में किराए पर रहकर वहीं काम करता था। मृतक के रिश्तेदार आकाश ने बताया कि कुछ दिन पहले सनी और काजल के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। काजल दो दिन पहले मायके पहाड़गंज आई। इसके बाद चाचा के घर रहने चली गई। रविवार शाम सनी भी बरेली आया और पत्नी से फोन पर बातचीत की। परिजनों का आरोप है कि फोन पर बातचीत के बाद सनी ने एक वीडियो बनाया जिसमें फंदे पर लटकने की बात कही। इसके बाद फंदा लगा लिया।

### किसी अन्य के साथ रह रही थी पत्नी पति ने की आत्महत्या

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र के रोहली टोला निवासी गोविंदा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। अंकित गुप्ता ने बताया कि उसके चाचा गोविंदा ने सात वर्ष पहले पास ही में रहने वाली युवती से प्रेम विवाह किया था। कुछ समय से पारिवारिक विवाद बढ़ने लगे। उसकी पत्नी के किसी अन्य व्यक्ति के साथ रहने के कारण गोविंदा मानसिक रूप से परेशान था। इसी के चलते उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा, बरेली
नि:शुल्क प्रवेश सत्र 2026-27 स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com B.Sc. (Home Science) B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. (Home Science) M.A. (Home Science) M.A. (Drawing and Painting)
D. Pharma B.El.Ed.
D.El.Ed. (BTC)
B.Ed.
9412287776, 9412288876, 9412288878, 9457507777
चेयरमैन - डा. हरीशंकर गंगवार 9412287777

श्रद्धा केयर अस्पताल



डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क इलाज व ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है
बवासीर, भगन्दर आदि रोगों के सर्वोत्तम चिकित्सक
- क्या आपके मल द्वार से शौच के समय रक्त आता है, धार से या बूंद बूंद करके।
- क्या आपके मल द्वार से मस्सा बाहर आता है।
- क्या आपके मल त्याग के समय तीव्र पीड़ा व जलन होती है।
- क्या आपके मल द्वार के पास मवाद आता है और आपके कपड़े खराब होते है।

इन सभी परेशानियों का लेज़र व क्षारसूत्र विधि द्वारा इलाज व परामर्श के लिए सम्पर्क करें।
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
9758284825
8077550393

# कैमरा, तकनीक बदली...मगर नहीं बदली तो तस्वीर की नजर

**विश्व फोटोग्राफी दिवस**

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मशहूर फोटोग्राफर पंकज शर्मा और काजलदास गुप्ता की तस्वीरें चर्चित रही हैं।

**अमृत विचार :** विश्व फोटोग्राफी दिवस...यह दिन सिर्फ कैमरे और तस्वीरों का जश्न नहीं, बल्कि उन नजरों को सलाम करने का मौका है, जिनमें दुनिया को अलग कोण से देखने और दिखाने का हुनर है। एक तस्वीर में हजार शब्दों से ज्यादा असर होता है। वह किसी घटना की गवाह बनती है, इतिहास को सहेजती है और समाज में हो रहे बदलावों को पीढ़ियों तक पहुंचाती है।

तकनीक के साथ फोटोग्राफी का सफर भी तेजी से बदला है। कभी भारी-भरकम कैमरों और फिल्म रोल से शुरू हुई यह कला आज मोबाइल फोन की स्क्रीन तक पहुंच चुकी है। इसके बावजूद तस्वीर की अहमियत कम नहीं हुई, बल्कि उसकी पहुंच और प्रभाव कई गुना बढ़ गया। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जमाने में पुराने फोटोग्राफर्स युवाओं को अपनी स्किल्स पर ध्यान देने की सलाह देते हैं। तब महज 36 फ्रेम का रोल एक-एक क्लिक की अहमियत बढ़ा देता था। चंद क्लिक में बेहतर रिजल्ट देने का दबाव वक्त के साथ आपके कैमरे की नजर को धार देने का काम करता था। इसके बाद डार्क रूम में जाकर खुद प्रोसेस चुनौती भरा काम था। आज इस सबकी जरूरत नहीं, मगर जरूरी ये है कि एआई के साथ कम करते वक्त आपके फोटो की मौलिकता बची रहनी चाहिए।

- **36 फ्रेम से अनगिनत क्लिक तक बदल गई तस्वीर की दुनिया**
- **डार्क रूम से एआई के दौर तक बदला फोटोग्राफी का सफर**



## डिजिटल दौर में अनूठी विरासत है डार्क रूम

महात्मा ज्योतिबाफुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के एजुकेशन विभाग में फोटोग्राफी के पुराने दौर की यादों को समेटे एक डार्क रूम आज भी सहेजकर रखा गया है। खास बात है कि शहर में डार्क रूम अब बेहद दुर्लभ है। वरिष्ठ फोटोग्राफर और विवि सहायक मीडिया प्रभारी तपन वर्मा ने बताया कि डार्क रूम में पूरा प्रोसेस रोशनी को कंट्रोल कर किया जाता था। नेगेटिव को एंलार्जर में लगाकर फोटो पेपर पर एक्सपोज किया जाता था। इसके बाद अलग-अलग रसायनों की मदद से तस्वीर को उभारा जाता था। डिजिटल फोटोग्राफी के दौर में यह डार्क रूम पुरानी तकनीक की अनूठी विरासत है। इसके अलावा एक ब्लैक एंड व्हाइट स्टूडियो विवि में आज भी सहेजा गया है।





फोटोग्राफी अपने आप में कई विधाएं समेटे हुए है, उसमें से एक विधा बर्ड वॉचिंग भी है। बर्ड वॉचिंग शौकिया तौर पर शुरू की थी, मगर इसकी बदौलत प्रकृति के वो रंग देखने को मिले, जिन्हें हर बार खुली आंखों से नहीं देखा जा सकता है। फोटोग्राफी बेहद ठहराव और सब्र मांगती है।

–**काजलदास गुप्ता**, बर्ड वॉचर



आज दुनिया में सबके हाथों में कैमरा है, हर कोई फोटोग्राफी कर रहा है। मगर फोटोग्राफी एक विधा है, जिस तरह पेंटिंग में पेंटर अपनी भावनाएं उड़ेलता है, उसी तरह फोटोग्राफर भी भावनाएं फोटो के माध्यम से लोगों के सामने लाता है। तस्वीर वही है जो स्वयं बोलती हो।

–**गोपाल शर्मा**, वरिष्ठ फोटोग्राफर



तकनीक ने फोटोग्राफी को काफी बदल दिया है, मगर फोटोग्राफर की नजर वही है। कुछ तस्वीरें खुद कैमरे की नजर तक आती हैं, मगर जब विषय पर काम करने की बात हो तो प्रीविजुलाइलेशन मायने रखता है। वहीं आधुनिकता की दौड़ में तस्वीर की मौलिकता नहीं जानी चाहिए।

–**पंकज शर्मा**, वरिष्ठ फोटोग्राफर

## एमजेपीआरयू में नए सत्र को लेकर सख्ती

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले प्रशासन ने अनुशासन और सुरक्षा को लेकर कड़े आदेश जारी किए हैं।

चीफ प्रॉक्टर प्रो. रविंद्र सिंह ने परिसर में जीरो टॉलरेंस नीति लागू करने की बात कही है। कहा कि छात्र-छात्राओं की गरिमा और शैक्षणिक माहौल बनाए रखने के लिए हॉस्टल और संवेदनशील स्थानों का नियमित निरीक्षण किया जाएगा। परिसर में दो से अधिक सवारी बैठाकर बाइक चलाना पूर्णतः प्रतिबंधित। परिसर में सभी वाहनों के लिए अधिकतम 25 किमी-घंटा की गति सीमा तय की गई है। यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ चालान, प्रवेश पर प्रतिबंध या वाहन जब्ती जैसी कार्रवाई होगी। कैंटीन, हॉस्टल मार्ग और विभागों के सामने बिना वजह छात्रों के समूह में एकत्र होने पर रोक और प्रॉक्टोरियल टीम ऐसे जमावड़ों को तुरंत हटाएगी।

# आइडिया इनोवेशन हैक फेस्ट में 11 स्कूलों के बच्चों ने दिखाए मॉडल

### एपीएस मेरठ को मिला प्रथम स्थान, आगरा दूसरे और वीरपुर तीसरे स्थान पर रहा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** आर्मी हेडक्वार्टर उत्तर भारत और आर्मी पब्लिक स्कूल बरेली कैंट के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को स्थानीय एओआई कॉन्फ्रेंस हॉल में आइडिया इनोवेशन हैक फेस्ट-2026 आयोजित हुआ। इसमें 11 आर्मी पब्लिक स्कूलों के 44 विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक और तकनीकी प्रयोग मॉडल, रोबोटिक यंत्र, ड्रोन और सड़क व भूकंप सुरक्षा से जुड़े आधुनिक अलार्म प्रदर्शित किए। विद्यार्थियों ने अपने नवाचारों के उपयोग और प्रभाव बताए।



हैक फेस्ट प्रदर्शनी के दौरान छात्रों के मॉडल देखते सेना के अफसर।

प्रतियोगिता में एपीएस मेरठ ने पहला स्थान हासिल कर विजेता ट्रॉफी जीती। एपीएस आगरा दूसरे और एपीएस वीरपुर तीसरे स्थान पर रहा। विद्यार्थियों ने तकनीक के जरिए विभिन्न समस्याओं के समाधान के मॉडल प्रस्तुत किए, जिनमें रोबोटिक उपकरण, तकनीकी ड्रोन और सुरक्षा अलार्म खास आकर्षण रहे। मुख्य निर्णायक मंडल में विद्यालय चेयरमैन ब्रिगेडियर शशांक बहुगुणा, कर्नल सीएस जयराम, डॉ. रीता गुप्ता और अफीना रहमान शामिल रहे। ब्रिगेडियर शशांक बहुगुणा ने विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या डॉ. सरिता सिरोही व उपप्रधानाचार्य एनसीसी अधिकारी नंदकिशोर माथुर ने आभार जताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीजीटी कंप्यूटर नितिन कन्नौजिया और पीजीटी फिजिक्स नैना का विशेष सहयोग रहा।

- **44 विद्यार्थियों ने पेश किए रोबोटिक यंत्र, ड्रोन और सड़क व भूकंप सुरक्षा से जुड़े अलार्म**
- **आर्मी हेडक्वार्टर उत्तर भारत और आर्मी पब्लिक स्कूल बरेली कैंट ने किया आयोजन**

## बीफार्मा और एमफार्मा की रिक्त सीटों पर काउंसलिंग कल

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में बी.फार्मा लेटरल एंट्री और एम.फार्मा पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 20 अगस्त को काउंसलिंग की जाएगी।

विश्वविद्यालय के अनुसार काउंसलिंग में पंजीकृत के साथ-साथ अपंजीकृत अभ्यर्थी भी शामिल हो सकेंगे। बी.फार्मा लेटरल एंट्री में ओबीसी ओपन की एक और ओबीसी गर्ल्स की एक सीट रिक्त है। वहीं एम.फार्मा फार्मास्यूटिक्स में एससी वर्ग की एक सीट, जबकि फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री में एससी वर्ग की एक और ईडब्ल्यूएस वर्ग की एक सीट खाली है। विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि पर आवश्यक दस्तावेज और प्रवेश शुल्क के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

## प्रियंका गोस्वामी को अर्जुन पुरस्कार के लिए दी बधाई

**बरेली, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय रेस वॉकर और पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में ओएसडी प्रियंका गोस्वामी को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार-2025 के तहत प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल-2022 में प्रियंका गोस्वामी ने 10 हजार मीटर में रजत पदक हासिल किया था। 2023 में बैंकॉक में आयोजित एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 20 किलोमीटर में भी उन्होंने रजत पदक जीता। वह टोक्यो ओलंपिक-2020 और पेरिस ओलंपिक-2024 में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इज्जतनगर मंडल की मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। कहा कि प्रियंका का यह सम्मान गौरव का विषय है। उनकी उपलब्धियां भारतीय रेलवे के खिलाड़ियों के साथ ही युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार, मंडल क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार, मंडल क्रीड़ा सचिव गीता शर्मा समेत इज्जतनगर मंडल के खिलाडियों और रेलवे परिवार ने भी उन्हें बधाई दी।



प्रियंका गोस्वामी। ● अमृत विचार

## सब्जी मंडी के ठेके पर बखेड़ा, नीलामी रोकने की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** एलन क्लब समेत चार सब्जी मंडियों के ठेके की मंगलवार को 88.08 लाख रुपये में हुई नीलामी का ठेला-फड़-खोखा परिषद ने विरोध किया है। परिषद अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ने नगर आयुक्त से शिकायत कर नीलामी निरस्त कराने की मांग की। उनका कहना है कि ठेकेदार को वसूली का अधिकार मिलने से मंडी में सब्जी बेचने वाले छोटे दुकानदारों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा।

परिषद ने कहा कि नगर निगम कर्मचारी निर्धारित तहबाजारी शुल्क की वसूली कर रहे हैं, जिससे दुकानदारों को राहत है। ठेकेदार को वसूली का अधिकार मिलने पर प्रतिदिन लिया जाने वाला शुल्क बढ़ सकता है।

## गीतांजलि और डॉ. मीनाक्षी ताइवान में करेंगी मंदारिन भाषा का अध्ययन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय और ताइवान एजुकेशन एंड कल्चरल सेंटर (टीईसीसी) के बीच शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक सहयोग के तहत विश्वविद्यालय की दो प्रतिभाओं का प्रतिष्ठित हुआयू छात्रवृत्ति के लिए चयन हुआ है। बहुभाषा उत्कृष्ट केंद्र में मंदारिन भाषा की छात्रा गीतांजलि तिवारी को छह माह की हुआयू छात्रवृत्ति मिली है। वह ताइवान के मध्य भाग में स्थित एशिया यूनिवर्सिटी में छह माह तक मंदारिन चीनी भाषा का अध्ययन करेंगी। वहीं, शिक्षा विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मीनाक्षी द्विवेदी को तीन माह की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। वह ताइवान की यूनिवर्सिटी में तीन माह तक मंदारिन भाषा का अध्ययन करेंगी। दोनों को ताइवान के राजदूत मुनमिंग चेन और शिक्षा निदेशक जिल लाई ने सम्मानित किया।



गीतांजलि तिवारी को मिला सम्मान।

- **दोनों को ताइवान की हुआयू छात्रवृत्ति मिलने पर किया गया सम्मानित**

समारोह के बाद प्रतिभागियों के लिए ताइवान में अध्ययन और जीवन से जुड़ा विशेष परिचयात्मक सत्र आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. केपी सिंह और बहुभाषा उत्कृष्ट केंद्र की समन्वयक प्रो. अनीता त्यागी ने दोनों को बधाई दी।

## हॉकी महिला मंडल टीम चयनित, स्टेट प्रतियोगिता 21 से

**बरेली, अमृत विचार :** प्रदेश स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता के लिए मंगलवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंडल स्तरीय टीम के चयन को ट्रायल आयोजित हुए। बरेली से केवल दो ,पीलीभीत से 12, शाहजहांपुर से 11 और बदायूं से सात खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

मंडल टीम में शाहजहांपुर की अंशिका, भावना, गीत, रिद्धिमा और संजीवनी पीलीभीत की करिश्मा, अंकिता, सायमा और आलिया, बरेली की गुंजन और अनामिका एवं बदायूं की बीना, रिया, खुशी और लवली का चयन हुआ। इसके अलावा आरक्षित खिलाड़ियों में बदायूं की सयावा एवं पीलीभीत की रुचि और वंदना का चयन हुआ। चयनित खिलाड़ी 21 अगस्त से अयोध्या में शुरू होने वाली राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता में बरेली मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगी।

Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002, 8266086517



डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

## सिटी डायरी

### एनसीसी कैंप में सेना के तौर-तरीके सीख रहीं कैडेट

**बरेली, अमृत विचार :** राजश्री इंस्टीट्यूट, रिठौरा में चल रहे 21वीं वाहिनी एनसीसी के दस दिवसीय कैंप में बालिका कैडेटों को सैन्य प्रशिक्षण की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। कैंप में थल सैनिक कैंप के लिए कैडेटों का चयन किया जा रहा है। टीम में जगह बनाने के लिए बरेली समेत आगरा, अलीगढ़, मेरठ, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी ग्रुप मुख्यालयों से आई कैडेट शामिल हैं। कैंप कमांडेंट कर्नल होशियार सिंह और डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल संजय नायर, सूबेदार मेजर प्रवीण कुमार, कैप्टन एसके सिंह, लेफ्टिनेंट रीतेश चौरसिया, लेफ्टिनेंट श्रद्धा गुप्ता, डॉ. अंचल अहेरी, डॉ. स्वाति गुप्ता, सूबेदार लक्ष्मण, सूबेदार गोविंद सिंह समेत अन्य अधिकारी और प्रशिक्षक मौजूद रहे।



### प्राथमिक विद्यालय शिवनगर में नाट्य कार्यशाला संपन्न



**बरेली, अमृत विचार :** बच्चों को रंगमंच की रचनात्मक शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से ड्रामा ड्रॉपआउट्स संस्था द्वारा ग्राम शिवनगर के प्राथमिक विद्यालय में नौ दिवसीय नाट्य एवं रचनात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बच्चों को अभिनय, कहानी–कथन संवाद अदायगी, शारीरिक अभिव्यक्ति और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। विद्यालय के बच्चों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ इस कार्यशाला में भाग लिया। ड्रामा ड्रॉपआउट्स संस्था के उपाध्यक्ष शुभा भट्ट भसीन ने बताया कि रंगमंच बच्चों की कल्पनाशक्ति, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति को निखारने का एक बेहद प्रभावी माध्यम है। कार्यशाला के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों के अलावा राजू चौहान, ब्रिजेश तिवारी, शोभित गंगवार, अभिषेक राजोरिया, लव तोमर, अमन गुप्ता, मुनीश आदि मौजूद रहे।

### सहोदय की एजीएम में शिक्षा के विकास पर मंथन

**बरेली, अमृत विचार :** सेंट्रल बोर्ड फार सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) के सहोदय स्कूल काम्पलेक्स की वार्षिक साधारण सभा में शिक्षा के विकास पर मंथन किया। बेदी इंटरनेशनल के कैंपस में हुई इस एजीएम में संस्था की प्रगति और सामूहिक प्रयासों की सराहना की गई। सहोदय की अध्यक्ष डा. जसमीत साहनी ने सामूहिक प्रयासों से हुई संस्था की प्रगति की सराहना की। इसके बाद एजीएम में साल भर की उपलब्धियों की समीक्षा की गई। आगामी शैक्षिक एवं सह पाठयक्रम गतिविधियों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा भी की गई। उपाध्यक्ष डा. सरिता सिरोही, सेक्रेट्री गुरदीप सिंह, इवेंट कन्वीनर युवान कंवर, कोषाध्यक्ष सौभाग्य चौधरी आदि मौजूद रहे। संचालन नाजिश शम्सी और प्रियांशी श्रीवास्तव ने किया।



### अधिवक्ताओं के लिए चैंबर की मांग



**बरेली, अमृत विचार :** कचहरी परिसर में ऑफिसर्स हॉस्टल के बाहर सड़क पर बैठे अधिवक्ताओं से जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिवक्ताओं की शिकायतों को शासन– प्रशासन स्तर पर उठाकर कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। मिर्जा अशफाक ने कहा कि कचहरी में अधिवक्ताओं के लिए चैंबर की व्यवस्था की जानी चाहिए। जुनैद हसन एडवोकेट, कमरूदीन सैफी, इमरान रजा एडवोकेट, आशीष, धर्मवीर सिंह, दीपक गोस्वामी, साकिब हुसैन, सज्जाद अली आदि मौजूद रहे।

### ड्राइंग में नैना, भाषण में लवी व निबंध में यशवर्धन प्रथम

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में भारतीय अंतरिक्ष सप्ताह के तहत विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केंद्र की ओर से आयोजित ड्राइंग, पेंटिंग, भाषण व निबंध प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। ड्राइंग में विश्वविद्यालय परिसर की एमएससी केमिस्ट्री की छात्रा नैना कश्यप ने प्रथम, बीएससी कृषि की अक्षरा शर्मा ने द्वितीय और बरेली कॉलेज की एमए पेंटिंग की छात्रा लक्ष्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में एमए मनोविज्ञान के लवी सिंह प्रथम, बीटेक की अक्षिता अरोड़ा द्वितीय और एमबीए की मुस्कान सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। निबंध में बीटेक के यशवर्धन ने प्रथम, एमए मनोविज्ञान के लवी सिंह ने द्वितीय और एमए की श्रद्धा शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़–चढ़कर भाग लेना चाहिए। सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. ज्योति पाण्डेय ने बताया कि भारतीय अंतरिक्ष सप्ताह के तहत अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। पंडित दीनानाथ मिश्र इंटर कॉलेज और बरेली कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए अंतरिक्ष विषय से संबंधित चित्रों की कलरिंग गतिविधि चल रही है। 23 अगस्त को अंतरिक्ष दिवस पर ऑनलाइन वेबिनार आयोजित किया जाएगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
8445507002, 8679599684

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट, बरेली

NOTICE
This is to inform the general public that I have changed my name from Sartaj to Sartaj Husain.In the future, I should be known and recognized by the name Sartaj Husain.Son of Hamid Husain; Resident of H.N. 153, Ajaz Nagar Gautia, near Chand Masjid,Post: R.K. University, District: Bareilly, U.P. 243006.

FUTURE UNIVERSITY, BAREILLY
REQUIRES
Professor, Asso. Professor, Asst. Professor for the Department of Physiotherapy in Faculty of Allied and Healthcare Sciences.
ELIGIBILITY: As par NCAHP norms.Interested Candidate may apply at:
hr@futureuniversity.in
Call: 9105050220
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly

फ्यूचर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, बरेली
महाविधालय में संचालित डी.एल.एड. पाठ्यक्रम हेतु विभागाध्यक्ष एवं प्रवक्ताओं एन.सी.टी.ई. एवं यू.पी.एस.सी.ई.आर.टी. के मानकानुसार आवेदन आमंत्रित किये जातें हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभागाध्यक्षः | 1 | प्रवक्ता गणितः | 2 |
| प्रवक्ता शिक्षा के आधारः | 4 | प्रवक्ता भाषाः | 2 |
| प्रवक्ता विज्ञानः | 2 | प्रवक्ता ललित कलाः | 2 |
| प्रवक्ता समाजिक विज्ञानः | 2 | प्रवक्ता स्वास्थ्य शिक्षाः | 1 |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र महाविधालय में स्वयं आकर अथवा डाक द्वारा शीघ्र भेजें। Call: 8475000973
कैम्पसः बरेली-लखनऊ रोड, निकट फरीदपुर, बरेली

वैधानिक सूचना :– समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## सिटी ब्रीफ

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय में बालसभा का आयोजन

**बरेली अमृत विचार :** करगैना स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय में अपनी संस्कृति अपना देश प्रतियोगिता के तहत बालसभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि लेखक डॉ. दीपांकर गुप्त, प्रधानाचार्य शिवलेश पांडेय, विपिन गंगवार, स्मिता भदौरिया, रूप किशोर, योगेंद्र कुमार व इशिका यादव मौजूद रहीं।

### 20 को होगी नाथ नगरी की पैदल परिक्रमा

**बरेली अमृत विचार :** नाथ नगरी परिक्रमा सेवा समिति की ओर से 20 अगस्त को पैदल परिक्रमा का आयोजन किया जाएगा। समिति के संस्थापक सचिन देवल ने बताया कि यात्रा सुबह 6 बजे त्रिवटीनाथ मंदिर में जलाभिषेक के साथ शुरू होगी।

# विकास योजनाओं में सुस्ती पर भड़के मंडलायुक्त

## समीक्षा बैठक में अफसरों को फटकार लगाई, योजनाएं जल्द पूरा करने के निर्देश दिए

- छात्रवृत्ति योजना में मंडल की खराब स्थिति देख जताई नाराजगी
- बरेली-बदायूं के अफसरों को सामूहिक विवाह का लक्ष्य पूरा कराने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** विकास योजनाओं की रफ्तार पर मंडलायुक्त शंभू कुमार ने मंगलवार को अफसरों की क्लास ली। छात्रवृत्ति योजना में मंडल की स्थिति खराब मिली। बरेली और बदायूं सामूहिक विवाह योजना में लक्ष्य से पीछे मिले। अफसरों से नाराजगी जताते हुए सुधार के निर्देश दिए। शादी अनुदान योजना में लक्ष्य के अनुरूप आवेदन कराने और योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने को कहा।

मंडलायुक्त ने अफसरों से कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर योजनाओं की लगातार निगरानी होनी चाहिए। इसमें किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। छात्रावासों



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते मंडलायुक्त शंभू कुमार। ● अमृत विचार

में बिजली, पानी, शौचालय और सीसीटीवी की व्यवस्था के निर्देश दिए। नवोदय विद्यालय में शिक्षकों की कमी दूर कराने को कहा वहीं प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत अधूरी सड़क, नाली और आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरा कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री अभ्युदया योजना का प्रचार बढ़ाने और दिव्यांगजन की शादी-विवाह प्रोत्साहन योजना में पात्रों का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने को कहा। ऑपरेशन कायाकल्प में बदायूं के तीन और शाहजहांपुर के पांच पैरामीटर अधूरे मिलने पर जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। स्कूलों के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन हटाने के लिए विद्युत विभाग से समन्वय करने और अच्छे कार्यों की सक्सेस स्टोरी तैयार करने को भी कहा। संयुक्त विकास आयुक्त, उपनिदेशक समाज कल्याण, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### दो करोड़ से अधिक के कामों की गुणवत्ता परखी जाएगी

मंडलायुक्त शंभू कुमार ने दो करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण शुरू होते ही पोर्टल पर अपलोड करने और नाथ कॉरिडोर के अधूरे मंदिरों का काम एक सप्ताह में पूरा कराने के निर्देश दिए। देरी करने वाली संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में निर्माण की गुणवत्ता खराब मिलने पर नाराजगी जताई। बदायूं में लंबित परियोजनाओं को जल्द शुरू कराने और बरेली-पीलीभीत में धनाभाव से रुके ड्रग वेयरहाउस के निर्माण के लिए शासन को पत्र भेजने के निर्देश दिए। पीएमजेएसवाई के चार वर्ष पुराने प्रोजेक्ट की जांच कराने को भी कहा।

## भाजपा का विरोध न करें मुसलमान, सपा पर लगाया आरोप

**बरेली,अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि मुसलमान भाजपा के विरोध की राजनीति खत्म कर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें।

तथाकथित सेक्युलर पार्टियों के उकसाने पर मुसलमान भाजपा के खिलाफ लामबंद होता रहा, जिसका सीधा फायदा सपा को मिलता रहा और दूसरी तरफ मुसलमान हाशिए पर चला गया। मौलाना ने याद दिलाया कि मुलायम सिंह यादव ने कल्याण सिंह के साथ मिलकर सरकार बनाई थी। मौलाना का आरोप है कि अखिलेश यादव भाजपा से मिले हुए हैं।

# नगर निगम की जमीन और सीएम ग्रिड की राह से हटाए जाएंगे कब्जे

- नगर आयुक्त ने संपत्ति और अतिक्रमण विभाग की बैठक में अफसरों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सरकारी जमीनों और सड़कों पर कब्जा जमाने वाले भू-माफियाओं पर नगर निगम ने बड़ा अभियान छेड़ने की तैयारी कर ली है। मंगलवार को नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य की अध्यक्षता में हुई संपत्ति और अतिक्रमण विभाग की बैठक में शहर के एक दर्जन से अधिक इलाकों के चिन्हित अतिक्रमण पर नोटिस जारी कर बुलडोजर चलाने के सख्त निर्देश दिए गए।

बैठक में एकता नगर बीडीए कॉलोनी की सड़क पर अवैध निर्माण ध्वस्त करने के आदेश दिए गए। इसके अलावा ईंट पजाया चौराहे पर नगर निगम की एक हजार वर्ग गज जमीन पर टीन शेड डालकर किए गए कब्जे और संजय नगर श्मशान भूमि के पास भूमि को भी मुक्त कराने के निर्देश दिए गए। कुंवरपुर में निगम की जमीन पर कब्जे की शिकायत पर तहसील टीम से पैमाइश कराने और जमीन कब्जामुक्त कराने के निर्देश दिए गए। इसी स्थान पर बाउंड्री पोल उखाड़ने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई के लिए कहा गया। नैनीताल रोड पर जीआरएम स्कूल के पास जाने वाले मार्ग से अतिक्रमण हटाने के निर्देश निर्माण विभाग के अफसरों को दिए। इसके अलावा वार्ड-44 और 67 में नालों पर हुए अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए सभी वार्डों में सहायक अभियंता और अवर अभियंताओं को नालों पर कब्जे चिह्नित कर नोटिस जारी करने कहा। नगर आयुक्त ने कहा कि पार्कों में अतिक्रमण और पार्किंग की भी जांच होगी। मठ कमल नैनपुर में नाला निर्माण में बाधक कब्जों पर नोटिस होंगे। किला नदी का एरियल सर्वे कराकर अतिक्रमण की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी।


अधिकारियों के साथ बैठक करते नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य। ● अमृत विचार

### मुंशीनगर में बीच सड़क से हटेंगे बिजली के खंभे

वार्ड-10 मुंशीनगर में नहर किनारे बने मार्ग के बीचों-बीच गड़े बिजली के पोल अब राहगीरों के लिए आफत नहीं बनेंगे। नगर आयुक्त ने विद्युत विभाग से बेहतर समन्वय स्थापित कर इन खंभों को सड़क किनारे शिफ्ट कराने के निर्देश दिए। वहीं नैनीताल रोड पर जीआरएम स्कूल के पास अंदर जाने वाले रास्ते पर किए गए अवैध निर्माणों का चिह्नांकन कर नोटिस थमाने को कहा गया है।

# आईएमए: 28 से नामांकन, 20 सितंबर को मतदान

- चुनाव एवं बायलॉज समिति की बैठक में तय हुई चुनाव प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के वर्ष 2026-27 के वार्षिक चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और बायलॉज के अनुरूप संपन्न कराने के लिए चुनाव एवं बायलॉज समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव प्रक्रिया, उम्मीदवारों की पात्रता, नामांकन और मतदान की तिथियों सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में डॉ. विमल कुमार भारद्वाज (चेयरमैन, इलेक्शन कमेटी), डॉ. अतुल श्रीवास्तव (आईएमए अध्यक्ष), डॉ. सत्येंद्र सिंह (चेयरमैन, बायलॉज कमेटी), डॉ. विनोद पगरानी, डॉ. राजीव गोयल, डॉ. आर.के. सिंह और डॉ. मनोज अग्रवाल मौजूद रहे।

आईएमए कार्यकारिणी के विभिन्न पदों के लिए चुनाव कराया जाएगा। इसमें प्रेसीडेंट इलेक्ट का एक पद, उपाध्यक्ष के दो पद, मानद सचिव का एक पद, कोषाध्यक्ष का एक पद, कार्यकारिणी समिति के 46 सदस्य, राज्य परिषद के 22 सदस्य, हॉस्पिटल एडवाइजरी कमेटी का एक पद और जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) का एक पद शामिल है। कार्यकारिणी समिति में छह महिला सदस्यों के लिए भी पद निर्धारित किए गए हैं।


चुनाव के बारे में बताते समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

चुनाव समिति के अनुसार, नामांकन पत्र 28 अगस्त से 6 सितंबर तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जमा किए जा सकेंगे। प्रत्येक उम्मीदवार अधिकतम दो पदों के लिए नामांकन कर सकेगा, लेकिन चुनाव केवल एक पद के लिए ही लड़ सकेगा। प्राप्त नामांकनों की सूची 8 सितंबर को जारी की जाएगी, जबकि पात्र उम्मीदवारों की सूची 11 सितंबर को प्रकाशित होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 13 सितंबर शाम 5 बजे निर्धारित की गई है। इसके बाद 15 सितंबर को अंतिम उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी। बैठक में उम्मीदवारों की पात्रता से संबंधित प्रावधानों पर भी चर्चा की गई। प्रेसीडेंट इलेक्ट, उपाध्यक्ष, मानद सचिव, कोषाध्यक्ष, पीआरओ, हॉस्पिटल एडवाइजरी कमेटी और कार्यकारिणी एवं राज्य परिषद के सदस्यों के लिए आईएमए सदस्यता और पूर्व में निर्वाचित पदों पर कार्य करने से संबंधित अलग-अलग मानदंड निर्धारित किए गए हैं।

### 20 सितंबर को ही घोषित होंगे परिणाम

चुनाव 20 सितंबर को सुबह 8 से शाम 5 बजे तक होगा। आवश्यकता पड़ने पर मतदान गुप्त मतपत्र के माध्यम से होगा। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना कर चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। यदि किसी पद पर उम्मीदवारों की संख्या निर्धारित पदों से अधिक नहीं होती है, तो उस पद पर चुनाव नहीं कराया जाएगा और उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया जाएगा। चुनाव समिति ने सभी सदस्यों से 24 अगस्त तक अपने बकाया जमा करने की अपील की है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार के प्रचार की अनुमति नहीं होगी। उम्मीदवारों को नामांकन पत्र के साथ अपना बायोडाटा भी जमा करना होगा, जिसमें फोटो, नाम-पता, संबंधित पद, शैक्षिक योग्यता, उपलब्धियां, पारिवारिक विवरण, आईएमए सदस्यता, पूर्व में संभाले गए पद और सामाजिक गतिविधियों का उल्लेख करना अनिवार्य होगा। मतदान केंद्र में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। नवनिर्वाचित टीम और अध्यक्ष 1 अक्टूबर 2026 को अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे।

# शोध में नैतिक मानकों के पालन पर दिया जोर

- बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में सीएमई एवं हैंड्स ऑन वर्कशॉप आरंभ
- एआई के जिम्मेदारीपूर्ण इस्तेमाल पर चर्चा , 200 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में मंगलवार को दो दिवसीय सीएमई कम हैंड्स-ऑन वर्कशॉप "डेटा से खोज तक: उन्नत सांख्यिकीय विश्लेषण और नैतिक अनुसंधान मानक" आरंभ हुआ। शोध में सांख्यिकीय दक्षता बढ़ाने के साथ नैतिक मानकों के पालन पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पहले दिन विशेषज्ञों ने एसपीएसएस के माध्यम से विभिन्न सांख्यिकीय परीक्षणों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

उद्घाटन सत्र में यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. केशव अग्रवाल ने शोध के महत्व और उसमें नैतिक मानकों का पालन करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शोध तभी संभव है जब शोधकर्ता ईमानदारी और नैतिकता को प्राथमिकता दें। वाइस चांसलर डॉ. लता अग्रवाल ने पोस्टग्रेजुएट छात्रों द्वारा थीसिस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रयोग पर चिंता जताई। कहा कि शोध कार्य में एआई का अनुचित उपयोग नहीं होना चाहिए।

पहले दिन के कार्यक्रम में बेसिक स्टैटिस्टिक्स, हाइपोथेसिस टेस्टिंग पर व्याख्यान हुए। इसके बाद एसपीएसएस पर हैंड्स-ऑन वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों को डेटा एंट्री, कंप्यूटिंग, रिकोडिंग तथा विभिन्न सांख्यिकीय परीक्षणों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। दोपहर बाद बायोमेडिकल रिसर्च में एथिकल प्रिंसिपल्स पर विशेष सत्र हुआ। इसमें शोध के दौरान नैतिक मानकों, शोध की विश्वसनीयता और प्रतिभागियों के अधिकारों से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा हुई। वर्कशॉप में बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के विभिन्न कॉलेजों सहित वरुण अर्जुन कॉलेज, एएसएमसी शाहजहांपुर आदि से लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह में प्रिंसिपल डॉ. शरद सेठ, डॉ. शालिनी, डॉ. मधुसूदन, डॉ. नितेश मोहन और डॉ. अभिनव मौजूद रहे। वर्कशॉप के दूसरे दिन एडवांस्ड स्टैटिस्टिकल एनालिसिस के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जिम्मेदार उपयोग, प्लेजरिज्म, सीटीआरआई रजिस्ट्रेशन और एथिक्स फ्रेमवर्क जैसे विषयों पर विशेषज्ञ प्रशिक्षण दिया जाएगा।



सीएमई में बोलते बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. केशव अग्रवाल।

## पाइपलाइन फटी, हजारों घरों में पानी का संकट



**बरेली, अमृत विचार:** बदायूं रोड पर गन्ना मिल के पास सोमवार रात पाइपलाइन में लीकेज होने से करीब 25 हजार घरों में पानी का संकट गहरा गया। मंगलवार सुबहलोगों को काफी परेशानी हुई। रोजमर्रा के काम प्रभावित हुए।

पाइपलाइन दुरुस्त करने के लिए जलकल कर्मचारियों ने मंगलवार दिन में सड़क के बीच खुदाई कराई। इससे बदायूं रोड पर लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। कई बार जाम की स्थिति बनी। जलकल के एई अजीत कुमार के अनुसार मरम्मत पूरी होने के आपूर्ति सामान्य कर दी गई।


नन्हें कांवड़ियों को प्रसाद देते विधायक संजीव अग्रवाल। ● अमृत विचार

## नन्हें कांवड़ियों पर की पुष्पवर्षा

**बरेली, अमृत विचार :** रामानुज दयाल अग्रवाल सरस्वती शिशु मंदिर के नन्हें कांवड़ियों की यात्रा मंगलवार को रामपुर गार्डन स्थित आनंद आश्रम पहुंची। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। उन्होंने सहस्त्र लिंगेश्वर शिवलिंग पर जलाभिषेक कराया और जलपान वितरित किया। बाद में रामपुर बाग स्थित कैंप कार्यालय के सामने डमरू बजाकर कांवड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि धार्मिक परंपराओं से बच्चों को जोड़ना संस्कार और संस्कृति के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है।

विद्यालय प्रबंधक ब्रजवासी लाल अग्रवाल, प्रधानाचार्य राजेश कुमार त्रिपाठी, पीयूष अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अरुण कश्यप, शिशुपाल कठेरिया, हिमांशु चंद्रा, प्रदीप रोहेला, सचिन कश्यप, पार्षद हरिशंकर आदि मौजूद रहे।

# सैनिकों के अधिकारों की लड़ाई को मजबूती देगी सपा


बैठक को संबोधित करते महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के प्रांतीय अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त कर्नल शरद शरण ने कहा कि पूर्व सैनिकों की पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाएं, कैंटीन, पुनर्वास, रोजगार और बच्चों की शिक्षा से जुड़े मुद्दों का ठोस समाधान जरूरी है। सैनिक प्रकोष्ठ गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचकर पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों से संवाद करेगा।

मंगलवार शाम जिला कार्यालय में सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक में जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने कहा कि सैनिक देश की रक्षा करते हैं। उनके परिवारों की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा परगंभीरता से काम होना चाहिए। उन्होंने पूर्व सैनिकों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों और सरकार के सामने मजबूती से रखने की बात कही। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि पूर्व सैनिकों के अनुभव समाज के लिए महत्वपूर्ण हैं । बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राकेश यादव ने की ।प्रदेश सचिव हरपाल सिंह फौजी, महानगर अध्यक्ष रेहान खान समेत पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।






मैट्रो विजन हॉस्पिटल
डॉ. पूनम गंगवार एम.डी. गायनी प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. हर्षित अग्रवाल एम.सी.एच. (न्यूरो सर्जन)
डॉ. निपुन अवस्थी एम.सी.एच. (यूरो सर्जरी)
डॉ. अभिषेक अग्रवाल एम.बी.बी.एस., एम.डी.
डॉ. एम.एच. खान एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. (गैस्ट्रो)
डॉ. जावेद खान एम.बी.बी.एस., एम.एस. (आर्थो)
डॉ. आदित्य आर्या एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. (लैप्रोस्कोपिक जनरल सर्जरी)
डॉ. किम्मी बंसल एम.बी.बी.एस., एम.एस.
डॉ. हसीन मियां एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
डॉ. रचित बंसल एम.बी.बी.एस., एम.डी.
डॉ. शिवम् गंगवार एम.बी.बी.एस., एम.डी.
डॉ. सुरेन्द्र कुमार वर्मा एम.डी.
डॉ. आशुतोष एम.सी.एच. (प्लास्टिक सर्जन)




24 घण्टे उपलब्ध
• इमरजेंसी सुविधा
• भर्ती सुविधा
• एम्बूलेन्स सुविधा
पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना
NABH
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना PM-JAY
सभी TPA सुविधा
बेटी बचाओ save the girl child
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क इलाज व ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है
• श्वांस, दमा, टी.बी., काली खांसी, मिर्गी के दौरे, हृदय रोग, मियादी बुखार, पेट की समस्त बीमारियाँ, काला पीलिया, डायबिटीज, आदि का इलाज
• बच्चों के लिए हर तरह के रोगों का उपचार एवं एन.आई.सी.यू. की सुविधा डाइलेसिस द्वारा आधुनिक उपचार।
• 24 घण्टे पैथोलोजी, फॉर्मेसी, एम्बूलेंस एवं आई.सी.यू. की सुविधा।
• हड्डी रोगियों के लिए गलत जुड़ी हड्डी, हड्डी के बिगड़े केसेस, कूल्हे व घुटने का प्रत्यारोपण की सुविधा।
• हर तरह के कैंसर का आधुनिक उपचार।
Mini Bypass Road, Near Nirmal Resort, Bareilly
9458668559
9720771054

## न्यूज ब्रीफ

### फिर पकड़ा गया अमान्य पास से रेता-बजरी ला रहा ट्रक

**बहेड़ी, अमृत विचार** : बिना वैध कागज़ों के उत्तराखण्ड से रेता–बजरी के ट्रक निकलने का सिलसिला थमने में नहीं आ रहा है ।रॉयलटी वसूलने के लिए बॉर्डर पर तैनात टीमों की मिलीभगत से यह काम धड़ल्ले से चल रहा है। राजस्व विभाग की टीम ने मंगलवार को रात में एक फर्ज़ी ट्रांसिट पास लेकर चल रहा एक ट्रक फिर पकड़ा है। उत्तराखण्ड के मुंडिया बॉर्डर से खनिज का अवैध परिवहन रोकने के लिए ज़िलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए हुए हैं, लेकिन बॉर्डर पर तैनात सरकारी अमले की मिलीभगत से बिना वैध कागज़ों के ट्रक लगातार निकल रहे हैं। एसडीएम बहेड़ी ने इस तरह के वाहनों को चेक करने के लिए राजस्व विभाग की टीम लगाई हुई है ।मंगलवार की रात ड्यूटी पर तैनात लेखपाल शुभम राजपूत तथा दिवाकर गंगवार ने वाहन संख्या यूपी 25 जीटी 0967 की जांच की। वाहन के परिचालक के दिए इंटर स्टेट ट्रांसिट पास की जाँच एप के ज़रिए किए जाने पर ट्रांसिट पास अमान्य पाया गया ।इस बात की सूचना मिलने पर एसडीएम ने नायब तहसीलदार दिवाकर सिंह को मौके पर भेजा। नायब तहसीलदार ने ट्रक को थाना बहेड़ी पर सुपुर्दगी में दे दिया ।पिछले सप्ताह ही एसडीएम ने बिना ट्रांसिट पास के एक ट्रक पकड़ा था।

### खेत में ग्रामीणों ने गड्ढा खोदा, हड़कंप

क्योलडिया,अमृत विचार :थाना क्षेत्र के गांव क्योलाडिया के महेश पाल मौर्य ने थाने में दी शिकायत में बताया कि गांव में उनके बहनोई के खेत में पॉपुलर के पेड़ लगे है 14 अगस्त को किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके खेत में कुछ गाड़ दिया है। 15 अगस्त को सुबह खेत पर पहुंचे तो देखा कि खेत में कच्चा गड्ढा खोदकर उसे कपड़ा और प्लास्टिक के कट्टे से ढक दिया है महिला का लाल रंग का जम्पर भी पड़ा दिखाई दे रहा है किसान ने आशंका जताई कि खेत में कुछ गलत काम करने के उद्देश्य से यह हरकत की गई है।

# 12 बजे तक अफसर दफ्तरों में जरुर सुनें शिकायतें

## समाधान दिवस में डीएम अविनाश सिंह ने मीरगंज में सुनी शिकायतें,14 का निस्तारण,नवाबगंज में एक भी समस्या हल नहीं

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार:** मंगलवार को तहसील सभागार में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिए ।कुछ शिकायतों में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समस्या के निस्तारण कराने को मौके पर भेजा ।समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 52 शिकायतें पंजीकृत हुईं, जिनमें से 14 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया ।उन्होंने कहा कि सभी अफसर सुबह 9:45 बजे से दोपहर 12 बजे तक कार्यालय में रहकर जनता की शिकायतें जरूर सुनें। शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी हो। ग्राम गूला निवासी ने राशन कार्ड बनवाने का अनुरोध किया। डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान छह पात्र लाभार्थियों के मौके पर ही राशन कार्ड बनाए गए ।ग्राम परौरा के ग्रामीण ने फर्जी घरेलू विद्युत कनेक्शन कटवाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। वहीं गांव दियोरिया के ग्रामीण ने बिजली बिल अधिक आने की शिकायत की ।हरीश कुमार लोधी प्रशासक (प्रधान) ने मीरगंज-सिरौली मार्ग के चौड़ीकरण की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दिया। बाबा कैलाश गिरी मढ़ी के पास रामगंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण पिचिंग कराने तथा मंदिर तक जाने वाले मार्ग को दुरुस्त कराने की भी मांग की गई।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अंशिका वर्मा, एसडीएम निधि शुक्ला, डिप्टी सीएमओ डॉ. अमित पंवार, डीपीआरओ कमल किशोर, गायत्री पाण्डेय, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, नायब तहसीलदार सिमरन मथानिया, बीडीओ आनंद विजय यादव, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बार एसोसिएशन मीरगंज के अध्यक्ष अशोक कुमार उपाध्याय एडवोकेट एवं सचिव हरीश कुमार लाखा एडवोकेट ने मंगलवार को संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम को प्रार्थना पत्र देकर तहसील परिसर की जलभराव एवं बाउंड्रीवाल की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की ।अधिवक्ताओं ने बताया कि तहसील परिसर में चैंबरों की ओर पक्का रास्ता नहीं है और मुख्य सड़क के मुकाबले परिसर का तल काफी नीचे होने के कारण बारिश में भारी जलभराव हो जाता है। उन्होंने जल निकासी के लिए नाली, पक्का रास्ता और भूमि का तल ऊंचा कराने तथा बाउंड्रीवाल के तत्काल पुनर्निर्माण की मांग की है।

**आंवला में 23 शिकायतों में 4 का हुआ निस्तारण : आंवला** सवान में कवाड़ में अधिकारियों की विजी होने की वजह से संपूर्ण समाधान दिवस अब शनिवार की जगह मंगलवार को हुआ । ए डी एम न्यायिक दिव्या ओझा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ । जिसमें कुल 23 शिकायतें आई । जिनमें 4 का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया ।संपूर्ण समाधान दिवस में एस डी एम सुशील कुमार मिश्रा , सीओ हेमंत उपाध्याय, तहसीलदार अतुल सेन सिंह , नायब तहसीलदार रजनीश सक्सेना , नायब तहसीलदार दीपक कुमार , वीडीओ रामनगर व मझगंवा भगवान दास , पूर्ति निरीक्षक शिखा पाण्डेय सहित सभी विभागो के अधीनस्थ कर्मचारी मौजूद रहें ।



समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम अविनाश सिंह, एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा।



नवाबगंज में शिकायतें सुनती एडीएम ई पूर्णिमा सिंह ।

### नकटी नारायनपुर में खुली शराब भट्टी को बंद कराने का मुद्दा उठाया

**नवाबगंज अमृत विचार** :सम्पूर्ण समाधान दिवस में मंगलवार को दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी समेत कई शिकायतें पहुंचीं, लेकिन भदपुरा ब्लॉक के नकटी नरायनपुर गांव में खुलेआम चल रही शराब की भट्टी का मामला प्रमुखता से उठा। गांव की महिलाओं ने अधिकारियों के सामने शिकायत रखकर भट्टी तत्काल बंद कराने की मांग की। एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में श्रद्धा कुमारी, गीता देवी, गायत्री देवी, मीना देवी और दयावती समेत कई महिलाओं ने शिकायत की कि थाना क्योलड़िया क्षेत्र के नकटी नरायनपुर गांव में खुली शराब की भट्टी संचालित हो रही है। इससे गांव का माहौल प्रभावित हो रहा है। उन्होंने इसे बंद कराने की मांग की । एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने क्योलड़िया कोतवाल मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने पुलिस से इसकी जांच रिपोर्ट मांगी है। दुष्कर्म पीड़िता ने आरोपी की गिरफ्तारी न होने और उस पर समझौते दबाव बनाने की बात एसपी उत्तरी से की। समाधान दिवस में कुल 32 शिकायतें दर्ज हुईं, लेकिन किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। इस दौरान एसडीएम सचिन यादव, सीओ नीलेश मिश्र, तहसीलदार अभिषेक तिवारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### बहेड़ी में सभासदों ने की डुप्लीकेट पाइप डालने की शिकायत



**बहेड़ी**, नगर पालिका के सभासदों ने पानी की पाइप लाइन में घटिया पाइप डालने और उसका भुगतान कर दिए जाने की शिकायत की है। समाधान दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि ट्रक यूनियन रोड पर लाइन में डुप्लीकेट पाइप डाला गया है, जिसके चलते लाइन डालने के बाद से ही जगह –जगह पाइप लीक हो रहा है। सभासदों ने कहा कि बोर्ड की बैठक में ठेकेदार का पेमेंट न करने और पाइप की जांच कराने का प्रस्ताव किया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सभासदों का आरोप है कि बिना लाइन डाले इस ठेकेदार का पेमेंट भी किया जा रहा है। सभासदों ने इस मामले की दूसरी जगह के अधिकारी से जांच कराने की मांग की है। समाधान दिवस में एसडीएम बहेड़ी गोपाल शर्मा ने शिकायतें सुनी। कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 4 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

### 24 माह में थमा दिया 1.50 लाख का बिल

**फरीदपुरअमृत विचार** : तहसील में सीडीओ देवयानी यादव की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में 41 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें छह का मौके पर निस्तारण कराया गया। शाहपुर बनियान गांव निवासी बृज पाल ने बिजली निगम पर गलत बिलिंग का आरोप लगाया। बताया कि 8 अगस्त 2024 को बिल जमा करने के बाद से लगातार करीब 6,254 रुपये प्रतिमाह की दर से बिल भेजे जाते रहे। अब करीब 24 माह का बिल 1,50,107 रुपये दर्शाया गया है। बृज पाल का दावा है कि 17 अगस्त 2026 तक उनके घर में लगे मीटर की कुल रीडिंग महज 357 यूनिट है। इसके बावजूद डेढ़ लाख रुपये से अधिक का बिल भेजे जाने से वह हैरान हैं। अब विभाग के चक्कर काट रहे हैं। मोहल्ला परा निवासी महिला ने आकाश पर फोटो के जरिए ब्लैकमेल करने, पीछा करने और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया। महिला का कहना है कि आरोपी शराब के नशे में साथियों संग घर के आसपास पहुंचकर गाली–गलौज और धमकी देता है। पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाई है।

### तीन उर्वरक विक्रेताओं को नोटिस जारी, एक की बिक्री पर रोक लगाई गई

**बरेली, अमृत विचार** : डीएम अविनाश सिंह के समाधान दिवस में दिए गए निर्देश के क्रम में जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने फतेहगंज पश्चिम में उर्वरक बिक्री केंद्रों का निरीक्षण किया। साहू ट्रेडर्स और दीप्ति खाद भंडार के अभिलेख अपूर्ण मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया। श्याम फर्टिलाइजर में उर्वरक नियमों के अनुसार भंडारण नहीं मिला, जिससे स्टॉक की गिनती नहीं हो सकी। इस पर फर्म को नोटिस जारी करते हुए उर्वरक की आपूर्ति और बिक्री पर रोक लगा दी गई। संचालक को एक सप्ताह में कमियां दूर करने की चेतावनी दी गई है। बालाजी बीज भंडार के अभिलेख भी अपूर्ण पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

# डीएम ने बच्चों से पूछा, कैसी चल रही है पढ़ाई



नवोदय विद्यालय में 12वीं की क्लास लेते डीएम अविनाश सिंह । ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली/ फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय रफियाबाद फतेहगंज पश्चिमी स्थित का निरीक्षण किया। उन्होंने किचन में भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई देखी। छात्र-छात्राओं संवाद कर पढ़ाई, सुरक्षा, खानपान, पेयजल, शौचालय और आवासीय व्यवस्था की जानकारी ली। कक्षा छह, सात, आठ और 12वीं के विद्यार्थियों से उनकी समस्याएं और जरूरतें भी पूछीं।

छात्राओं से सुरक्षा व्यवस्था और वार्डन व शिक्षकों के व्यवहार के बारे में भी जानकारी ली। कहा कि जीवन का लक्ष्य तय कर अनुशासन और मेहनत के साथ उसे हासिल करने का प्रयास करें। अधिकारियों को स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही नहीं बरतने और छात्रों की समस्याओं का समयबद्ध और संवेदनशील तरीके से समाधान कराने को कहा। इसके बाद डीएम ने निर्माणाधीन बहुउद्देशीय भवन का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति और गुणवत्ता देखी। निर्धारित मानकों के अनुसार निर्माण कार्य समय से पूरा कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान प्रिंसिपल प्रमोद सिंह रावत, वाइस प्रिंसिपल शशिकांता कुमारी समेत शिक्षक और स्टाफ मौजूदरहा।

**कस्तूरबा छात्रावास में एडीएम ने देखीं व्यवस्थाएं**

एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह ने बहेड़ी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान जूनियर की 41 और उच्च माध्यमिक की 53 बालिकाएं मिलीं। उन्होंने नवीन छात्रावास भवन को जल्द संचालित कराने के निर्देश दिए। माध्यमिक कक्षाओं में मुख्य विषयों के शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए बीएसए को कार्रवाई के लिए कहा।

### फरीदपुर में सीडीओ के औचक निरीक्षण में कस्तूरबा विद्यालय की खुली पोल

- बीईओ से जून और जुलाई में निरीक्षण नहीं करने पर मांगा स्पष्टीकरण
- रसोईघर से सीसीटीवी गायब, बाउंड्रीवॉल की मॉनिटरिंग पर उठे सवाल

**कार्यालय संवाददाता, बरेली/फरीदपुर ,अमृत विचार** : सीडीओ देवयानी के निरीक्षण में फरीदपुर नगर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कई कमियां सामने आईं। विद्यालय जाने वाले मार्ग कच्चा मिलने पर नगर पालिका के अधिशासी अभियंता को तत्काल सड़क दुरुस्त कराने के आदेश दिए। सबसे बड़ी लापरवाही खंड शिक्षा अधिकारी फरीदपुर की सामने आई। जून और जुलाई माह में विद्यालय का नियमित निरीक्षण नहीं करने पर उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग न करने पर डीसी सिविल और डीसी बालिका शिक्षा की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए। इसके अलावा रसोईघर में सीसीटीवी कैमरा गायब मिला, जिसे तुरंत लगवाने के निर्देश दिए गए। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए एलबीडी, साइंस लैब व म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट को व्यवस्थित कर उनका नया स्टॉक रजिस्टर बनाने, कंप्यूटर लैब का नियमित प्रयोग करने और कक्षा 9 से 12 का अलग उपस्थिति रजिस्टर बनाने के कड़े निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय 101 में से 95 छात्राएं उपस्थित मिलीं और मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता मेन्यू के अनुसार भी पाई गई।



### छात्रावास में मिलीं अव्यवस्थाएं, छात्राओं ने बताईं समस्याएं



**कार्यालय संवाददाता, बरेली,अमृत विचार** : जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांश शेखर ने मंगलवार को राजकीय छात्रावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी ने छात्रावास में भोजन की गुणवत्ता, साफ–सफाई, अध्ययन और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि छात्राओं को छात्रावास में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। छात्राओं से पढ़ाई और दैनिक गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली गई। छात्राओं ने भोजन, साफ–सफाई और अन्य दिक्कतें बताईं। इस पर संबंधित कर्मचारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने और छात्राओं की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके बाद नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। आसपास के लोगों को भी इसके खिलाफ जागरूक करने की अपील की। अभियान में अभिभावकों की सहभागिता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

# इंसाफ पाने को महिला पानी की टंकी पर चढ़ी

**बहेड़ी,अमृत विचार** :तहसील से इंसाफ न मिलने के चलते परेशान एक महिला मंगलवार को पानी की टंकी पर चढ़ गई। महिला को पानी की टंकी पर चढ़ा देख वहां अफरातफरी मच गई।एसडीएम का संदेश लेकर पहुँचे चौकी इंचार्ज के आश्वासन पर महिला टंकी से नीचे उतरी। महिला का आरोप है कि तहसीलदार न्यायालय में मृतक के नाम से वाद दायर कर खतौनी पर नाम दर्ज करा लिया गया, और तमाम शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही। एसडीएम ने मामले की जाँच करने का भरोसा दिया है।

चौकी इंचार्ज ने महिला को आश्वासन दिया कि एसडीएम इस मामले में फ़ौरन कार्रवाई करेंगे।इसके बाद महिला टंकी से नीचे उतरी।

महिला थाना इज्जतनगर के त्रिलोक विहार की रहने वाली जय श्री गंगवार है। महिला का कहना है कि उसके पिता की 7 दिसम्बर को मौत हो चुकी है।उसकी बड़ी बहन इंद्रा देवी पत्नी मुनेश कुमार निवासी गांव माधोपुर थाना बहेड़ी की 20 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो चुकी है। मृत बहन के नाम से 4 अप्रैल 2026 को तहसीलदार न्यायालय में धारा 34 के तहत एक वाद दायर कर ज़मीन की खतौनी पर देवांश पुत्र देवेंद्र निवासी भरतौल, थाना कैंट का नाम चढ़ा दिया गया। उसका केयर टेकर मीरा देवी को बना दिया गया। आरोप है कि इस बात की शिकायत लेकर वह दर-दर भटक रही है ।

## न्यूज डायरी

### नुक्कड़ नाटक के जरिए समझाया स्वच्छता का महत्व



**शेरगढ़,अमृत विचार** : नगर पंचायत शेरगढ़ में मंगलवार को स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इस दौरान सोशियो वाइटल नेटवर्क फाउंडेशन के सहयोग से एक नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और कचरा प्रबंधन के आधुनिक तथा सही तरीकों की जानकारी देना था। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को कचरे के उचित पृथक्करण के बारे में बताया। इसमें गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू खतरनाक कचरा और सेनेटरी बेस्ट को अलग–अलग कर डस्टबिन में रखने की विधि समझाई गई। हर्ष त्रिपाठी ने सभी नगरवासियों से अपने वार्ड को स्वच्छ, बनाने में सहयोग करने की अपील की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

### नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिये ओरिएंटेशन प्रोग्राम




**रिठौरा, अमृत विचार** : राजश्री कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल में मंगलवार, को डिप्लोमा इन एनेस्थीसिया एवं ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी (डीएओटीटी) पाठ्यक्रम में नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एनेस्थीसिया एवं ऑपरेशन थिएटर टेक्नीशियन के कार्यों और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें ऑपरेशन थिएटर में आवश्यक अनुशासन, संक्रमण नियंत्रण, उपकरणों की देखभाल, मरीजों की सुरक्षा तथा चिकित्सकीय टीम के साथ समन्वय के महत्व से अवगत कराया गया। संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं को बताया कि एनेस्थीसिया एवं ऑपरेशन थिएटर जिम्मेदारीपूर्ण एवं संवेदनशील क्षेत्र है, जिसमें तकनीकी दक्षता के साथ अनुशासन, सतर्कता, टीम भावना और मरीजों के प्रति मानवीय व्यवहार अत्यंत आवश्यक है ।कार्यक्रम में प्रधानाचार्या प्रो . लथा पी भी मौजूद रहीं।

### पीजी कॉलेज में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरुक




**मीरगंज, अमृत विचार** : राजेंद्र प्रसाद पी .जी . कॉलेज में मंगलवार को ब्रह्माकुमारी आश्रम की ओर से नशा मुक्ति एवं जन–जागरूकता कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी आश्रम, मिलक से आईं रितु दीदी ने छात्र–छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। नशे से दूर रहने का संदेश दिया। युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ . पारुल जैन एवं डॉ . एकता श्रीवास्तव ने नशा मुक्ति विषय पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशा मुक्ति के लिए जागरूक करने का आह्वान किया ।कार्यक्रम की संयोजक डॉ . ममता रंजन रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे जैसी सामाजिक बुराई के विरुद्ध जागरूक रहने तथा स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

### कथा के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बहेड़ी अमृत विचार** : प्रकृति की रक्षा भी धर्म से अलग नहीं है। इसी संदेश को गंगा वेलफेयर सोसाइटी ने श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से जोड़ा है। कथा से पहले निकली कलश यात्रा में कथा व्यास समेत श्रद्धालु हाथों में पौधे लेकर चले। पर्यावरण संरक्षण का संदेश लिखे बैनर भी यात्रा में शामिल रहे। कलश यात्रा के बाद पौधारोपण किया गया। शाम को कथा व्यास पंडित मधुर गोपाल दास शास्त्री ने श्रद्धालुओं को पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल के लिए प्रेरित किया। कथा के सातों दिनों में रोजाना 25 श्रद्धालुओं को पौधे दिए जाएंगे। उन्हें पौधे लगाने के बाद सेल्फी लेकर प्रमाण सोसाइटी को देना होगा। कथा समापन पर पौधारोपण करने वालों में से लकी ड्रा के जरिए एक व्यक्ति चुना जाएगा, जिसे गुरुजी सम्मानित करेंगे। सोसाइटी के रमेश सिंह और अवधेश सक्सेना ने बताया कि भविष्य में भी आयोजित कथाओं में पर्यावरण संरक्षण को अभियान से जोड़ा जाएगा। पंडित मधुर गोपाल दास शास्त्री ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे के बीच पर्यावरण संरक्षण के लिए जनजागरूकता जरूरी है।

न्यूज ब्रीफ

## कान और आंख से होता है पापों का प्रवेश

**बहेड़ी ।अमृत विचार :** कथा व्यास पंडित मधुर गोपाल दास शास्त्री ने कहा कि उत्तम श्लोक भगवान के गुणनुवादों का वर्णन है। कलिकाल में भगवान के गुणों का वर्णन और गुणों का श्रवण ही जीव का सभी प्रकार से मंगल करता है। बहेड़ी के एक बैंक्वट हाल में चल रही श्रीमद भागवत कथा में पंडित मधुर गोपाल ने कहा कि पापों का प्रवेश कान और नेत्रों से होता है। कानों से हम भगवान के गुण, लीला, चरित्र स्वरुप धाम का श्रवण करते हैं। हमारा यह अभ्यास जब दृढ होता जाता है, तो संसार के प्रति आकर्षण कम होने लगता है। मन प्रभु में अधिक लगने लगता है और हमारा अधिकांश समय दैवीय सम्पदा से युक्त होता है, क्यूँकि कलिकाल में जीव दैवीय सम्पदा का परित्याग करके आश्रु सम्पदा को स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल्याण चाहने वालों का संसार से सतर्क होकर परिलोक संवारने के लिए भगवान के लीला-चरित्र गुण का श्रवण करते रहना चाहिए। ऐसा होने से भगवान स्वरूप दर्शन की लालसा मन में प्रकट होती है, और तभी हमारे नेत्र बुराई को नहीं देखेंगे। संसार में रहते हुए भी जीव कमलवत रहेगा। भगवान में लीन हो जाएगा और संसार के प्रति मोह नहीं रहेगा। कथा में मुख्य यजमान सुनील रस्तोगी और उनकी पत्नी रहीं।



## भैरपुरा बाजार से बाइक चोरी

**भोजीपुरा।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम ढकिया ज़ैलुद्दीन निवासी निहाल सिंह पुत्र बाबू राम 15 अगस्त की शाम अपनी बाइक से भैरपुरा बाजार आए थे। उन्होंने अपनी बाइक बाजार में खड़ी की और सामान खरीदने चले गए ।खरीदारी के बाद जब निहाल सिंह वापस लौटे, तो उन्हें बाइक गायब मिली। मामले की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज कर ली है। बिलवा बाजार से भी घंघोरा पिपरिया निवासी जीसान की बाइक चोरी हो गई। बाजार में सामान खरीदने के लिए वह बाइक खड़ी करके गये जब वापस आए तो बाइक गायब थी। उन्होंने भी थाने में तहरीर दी है।

## शिक्षण में तालिका का प्रयोग करने पर दिया जोर

**शेरगढ़,अमृत विचार :** संकुल शिक्षकों की बैठकों में निपुण लक्ष्य, बाल वाटिका का प्रभावी संचालन, आईसीटी एवं स्मार्ट क्लास का प्रभावी उपयोग, अनुभव, नवाचार एवं समाधान जैसे बिंदुओं पर चर्चा की गई। एआरपी शिखा भारतीय, सैयद रेहान हुसैन, संकुल शिक्षक राजीव शर्मा, बृजेश कुमार, पूर्व एआरपी ओम सक्सेना ने प्रिंट रिच सामग्री, किट्स एवं तालिका आदि शैक्षणिक सामग्री का कक्षा-शिक्षण में प्रयोग करने को प्रेरित किया। निपुण लक्ष्य के मुताबिक छात्र-छात्राओं को निपुण बनाने पर जोर दिया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रेजेंटेशन किया। कक्षा में बच्चों को किस तरह पढ़ाकर शैक्षिक रूप से मजबूती प्रदान की जा सकती है। ।इस अवसर पर मोहम्मद आरिफ, ममता रावत, धर्मेंद्र कुमार, मनोज गंगवार, सौरभ पांडेय,, गीता शर्मा, हसनैन खां, शुभम गंगवार,, एकता, धर्मवीर, संगीता राठी, नीरू वाष्र्णेय, रजनीश गंगवार, जसवीर सिंह, चंद्रपाल आदि मौजूद रहे।

## सात माह से गायब शिक्षिका ने छोडी नौकरी

**देवरनियां ।** सात माह से विद्यालय से बिना कारण बतार गैरहाजिर चल रही बेसिक शिक्षा विभाग की एक शिक्षिका ने नौकरी से त्यागपत्र दे दिया है। मगर सादा कागज पर दिए गए त्यागपत्र को बीईओ ने मानने से इंकार कर दिया है। ब्लॉक रिछा (दमखोदा) के कंपोजिट विद्यालय डंडिया नगला में सहायक अध्यापिका ईनू चौधरी 16 जनवरी से बिना कारण बताए विद्यालय से अनुपस्थित चल रही है। स्कूल के इंचार्ज प्रधानाध्यापक दशरथ सिंह द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी को लिखित सूचना दी गई थी। इसके बाद बीईओ ने उक्त अध्यापिका को नोटिस जारी किए थे। तमाम बार दिए गए नोटिस में सेवा समाप्ति की चेतावनी दी गई थी। बीईओ के नोटिस के बाद आखिर अध्यापिका ईनू चौधरी ने सादा कागज पर त्यागपत्र लिखकर बीईओ को भेजा है। त्यागपत्र में अध्यापिका ने 16 जनवरी से अनुपस्थित होने का जिक्र करते हुए स्वेच्छा से नौकरी छोडने की बात लिखी है। मगर बीईओ ने इसे मानने से इंकार कर दिया है। बीईओ का कहना है, कि नियमानुसार शपथ पत्र पर दिया गया त्यागपत्र ही मान्य होता है ।बीईओ ने बताया कि इस संबंध में उक्त अध्यापिका को अवगत करा दिया गया है।

# पुलिस की गो तस्करों से मुठभेड़, चार गिरफ्तार

### दो तस्करों के पैर में लगी गोली जिला अस्पताल में भर्ती

संवाददाता बिथरी चैनपुर

**अमृत विचारः** गोतस्करी की तैयारी कर रहे चार गो तस्करों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई ।पुलिस ने घेराबंदी कर तस्करों को पकड़ा तो आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी ।जबाबी कार्यवाही में पुलिस ने फायरिंग की तो दो तस्करों के पैर में गोली लग गयी।

मंगलवार को पुलिस को मुखबिर की ओर से सूचना मिली कि परसोना नहर से करीब सौ मीटर दूरी पर कुछ लोग प्रतिबंधित पशु का वध करने की तैयारी कर रहे हैं ।सूचना पर बिथरी एसओ राजेश बाबू मिश्रा फोर्स के साथ पहुंच गए ।घेराबंदी कर पशु तस्करों को गिरफ्तार किया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी ।जबाब में पुलिस ने फायरिंग की तो राशिद और नसीम के पैर में गोली लग गयी। दोनों घायलों को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवा दिया। घायल आरोपियों के साथ पुलिस ने मोहम्मद जुनैद पुत्र जाकिर मोहम्मद फ़ज़र पुत्र नियाज अहमद को गिरफ्तार कर लिया ।आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह गोवंश का वध कर उसका मांस बेच देते हैं। मंगलवार को भी वह इसी तैयारी में थे ।वहीं आरोपियों ने पिछले माह टीपी नगर में गोतस्करी की घटना स्वीकार की है ।पुलिस ने आरोपियों के पास से दो तमंचा, तीन कारतूस, चार छुरिया, पांच प्लास्टिक के कट्टे और एक जीवित गोवंशीय पशु बरामद किया है ।एसओ राजेश बाबू मिश्रा ने बताया आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।



मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार गोतस्कर

## छात्रा की हत्या में चाचा हिरासत में

**राजपुर कलां/** प्रेम-प्रसंग के शक में 10वीं की छात्रा की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके चाचा जय प्रकाश को हिरासत में लिया है। छात्रा के अचानक गायब होने के बाद उसके प्रेमी ने एसएसपी को सूचना देकर अनहोनी की आशंका जताई थी। एसएसपी के निर्देश पर अलीगंज पुलिस ने संदिग्ध खेत की घेराबंदी कर जय प्रकाश को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में चाचा ने छात्रा की हत्या कर शव को खेत में गड्ढा खोदकर दबाने की बात स्वीकार की। इसके बाद प्रशासनिक अनुमति लेकर नायब तहसीलदार दीप्ति पाल, लेखपाल परसुराम और फारेंसिक टीम की मौजूदगी में खेत की खुदाई कराई गई, जिसमें छात्रा का शव बरामद हुआ। फारेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया है। थानाध्यक्ष जगत सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बदायूं में हादसा, बहेड़ी के 2 युवकों की मौत

संवाददाता, कुंवरगांव/बहेड़ी

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद (एमएफ) राजमार्ग पर सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में टेंपो और प्राइवेट एंबुलेंस की भिड़ंत हो गई। हादसे में टेंपो सवार बरेली के बहेड़ी निवासी दो युवकों की मौत हो गई और दो महिलाओं समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची और वाहनों को सड़क से किनारे कराकर वाहनों का आवागमन दुरुस्त कराया।

हादसा मंगलवार सुबह एमएफ राजमार्ग पर गांव दहेमी स्थित पराग दुग्ध फैक्ट्री के सामने हुआ। टेंपो बदायूं से वजीरगंज जा रहा था जिसमें दो महिलाओं समेत पांच लोग सवार थे। वहीं एक प्राइवेट एंबुलेंस वजीरगंज से बदायूं की ओर आ रही थी। फैक्ट्री के सामने दोनों वाहनों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। एंबुलेंस राजमार्ग पर पलट गई जबकि टेंपो खंती में जा घुसा। एंबुलेंस का चालक मौके से भाग गया। हादसे में टेंपो सवार दो युवकों की मौत हो गई जिनकी पहचान बरेली के कस्बा बहेड़ी निवासी यूनुस पुत्र रईस अहमद और सचिन गंगवार पुत्र चंद्रपाल के रूप में हुई। बहेड़ी के वार्ड 25 निवासी अफसाना पत्नी अनीस व शबीना पत्नी रईस, वजीरगंज निवासी होमगार्ड रामकुमार पुत्र कन्हई लाल घायल हो गए। पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल भिजवाया जहां चिकित्सक ने यूनुस और सचिन गंगवार की मौत की पुष्टि कर दी। अफसाना और शबीना की हालत गंभीर होने पर दोनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस एंबुलेंस चालक की तलाश कर रही है।




हादसे के बाद पलटी एंबुलेंस।



घटनास्थल पर खड़ा क्षतिग्रस्त टेंपो।

- एमएफ राजमार्ग पर सिविल लाइन क्षेत्र के गांव दहेमी के पास मंगलवार सुबह हुआ हादसा

## कथा वाचक के तख्त के नीचे मिला लापता बच्चे का शव

**कैंट, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव में सोमवार शाम को करीब 6 बजे खेल-खेल में लापता हुए 6 वर्षीय बच्चे का शव मंगलवार सुबह 11 बजे शिव मंदिर परिसर में कथा वाचक के तख्त के नीचे मिलने से हड़कंप मच गया। इंस्पेक्टर कैंट संजय कुमार धीर ने बताया, कि प्रथम दृष्टया मासूम की मौत करंट लगने से होना प्रतीत हो रही थी। तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार बच्चों की मौत बिजली करंट के लगने से होने की पुष्टि हुई है।

मोहनपुर निवासी विमलेश का छह वर्षीय पुत्र अमित 17 अगस्त की शाम गांव के शिव मंदिर परिसर में अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था, जिसके बाद वह अचानक गायब हो गया। मंदिर में गांव के अमर सिंह कश्यप द्वारा कथा कराई जा रही थी।

मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे अमित का शव कथा वाचक के तख्त के नीचे संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला ।मासूम के माथे पर जलने का निशान पाया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अरिल नदी में डूबा किशोर, शव निकाला

**सिरौली अमृत विचार ।** थाना सिरौली क्षेत्र के चौकी खुर्द नवाबपुरा के अंतर्गत मंगलवार शाम अरिल नदी में नहाने गया 17 वर्षीय किशोर गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। स्थानीय गोताखोरों और पुलिस की मदद से उसे बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं।



मृतक मोहित।

मूल रूप से जिला बदायूं के थाना व क्षेत्र अंतर्गत ललूआ नगला निवासी 17 वर्षीय मोहित अपने तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। मंगलवार की शाम वह अरिल नदी पर नहाने के लिए गया था। नहाते समय अचानक वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा।

सूचना पर पहुची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और काफी मशक्कत के बाद मोहित को पुल के पास से गहरे पानी से बाहर निकाला गया। तब तक मोहित की मृत्यु हो चुकी थी। जवान बेटे की मौत की खबर जैसे ही उसके गांव पहुँची। परिजनों में कोहराम मच गया।

## तालाब में डूबने से किशोर की मौत

**फरीदपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम किरतपुर धीरी में सोमवार शाम तालाब में डूबने से 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। गांव निवासी पुष्पेंद्र यादव का 14 वर्षीय पुत्र आकांक्षु सोमवार शाम घर से गाय-भैंस लेकर गांव के बाहर तालाब किनारे चराने गया था। इसी दौरान एक भैंस तालाब में चली गई। उसे बाहर निकालने के लिए आकांक्षु भी तालाब में उतर गया। इसी दौरान पैर फिसलने से वह तालाब के अंदर बने गहरे पानी के गड्ढे में डूब गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया।

# आंवला में कबाड़ बीनता था नाले में बहा युवक

- पुरैना मंडी के नाले में डूबे युवक का शव बरामद

**आंवला, अमृत विचार :** पुरैना मंडी गेट के सामने सोमवार शाम बारिश के दौरान नाले में फिसलकर गिरे 32 वर्षीय युवक हसनैन का शव मंगलवार दोपहर करीब 3:15 बजे बरामद हो गया। वह बजरिया गद्दी मोहल्ले का रहने वाला था और कबाड़ बीनने का काम करता था। परिजनों के अनुसार हसनैन शाम करीब छह बजे घर से सामान लेने निकला था। इसी दौरान तेज बारिश के बीच उसका पैर फिसल गया और वह सिर के बल गहरे नाले में जा गिरा।



मृतक हसनैन

सूचना मिलने के बाद पालिका, अग्निशमन, पीएसी और पुलिस की टीम ने रात में रेस्क्यू अभियान चलाया, मंगलवार को दोबारा तलाश शुरू की गई। करीब 3:15 बजे नाले में मलबे में फंसा उसका शव टीम को मिला। परिजनों ने शव की पहचान हसनैन के रूप में की। भाई अरशद ने शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की। एसडीएम सुशील कुमार मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टमरिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। पालिका अध्यक्ष सैयद आबिद अली ने बताया कि नालों के खतरनाक स्थानों पर सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं।

## भाकियू ने तहसील में सौंपा ज्ञापन

**बहेड़ी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने केसर मिल से गन्ना मूल्य भुगतान कराने के साथ किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में पंचायत की ।किसानों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन तहसील प्रशासन को सौंपा ।ज़िलाध्यक्ष तेज पाल गंगवार ने कहा कि गन्ना मूल्य न मिलने से किसान बेहद परेशान हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। किसान नेता ने मुख्यमंत्री से गन्ना मूल्य मय ब्याज के दिलाने की मांग की ।पंचायत में गुलड़िया केसरपुर नहर की सफाई कराने, गुलाड़िया से मदनापुर तक सड़क निर्माण कराने, किच्छा नदी के कटान से गुलडिया गांव को बचाने के उपाय करने की मांग उठाई गई।

# बारिश में मकान ढहे, चार दबे

**मीरगंज, अमृत विचारः** सोमवार रात हुई तेज बारिश ग्रामीण इलाकों के लिए आफत बन गई। औरंगाबाद गांव में पक्की दीवार खपरैल समेत भरभराकर गिरने से घर में सो रहे चार लोग मलबे में दब गए। तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद प्रेमवती, उनकी पुत्रियां मीरा व संध्या तथा पुत्र सुमित को बाहर निकाला गया। चारों बेसुध हालत में थे। परिजन उन्हें रात में ही अस्पताल ले गए।

बताया गया कि सोहन लाल मजदूरी के लिए फैक्टरी गए थे। उनकी पत्नी प्रेमवती बच्चों के साथ घर में सो रही थीं। हादसे में घर का सामान, बर्तन, कपड़े, चारपाई, बाइक और घरेलू पशु भी मलबे में दब गए। सोहन लाल की पुत्री सुमन ने बताया कि धमाके जैसी आवाज सुनकर पड़ोसी जागे और उन्होंने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया।

वहीं खेऊ की गौंटिया में प्रेमवती पत्नी वेदपाल के मकान की खपरैल, दीवारें और कच्ची छत आंशिक रूप से गिर गईं। तुरसा पट्टी में शेर मोहम्मद के मकान की खपरैल भी धराशायी हो गई। राजस्व कर्मचारियों ने प्रभावित स्थानों का निरीक्षण कर नुकसान की रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है। लगातार बारिश से जर्जर मकानों में रहने वाले ग्रामीणों में दहशत है।

## भमोरा में बारिश में भरभराकर गिरा कच्चा मकान, बाल बाल बचा परिवार

**भमोरा,अमृत विचार :** लगातार हो रही बारिश ने कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सोमवार रात क्षेत्र के हिममतपुर ताहरपुर गांव में तेज बारिश के बीच चंद्रकेश का कच्चा मकान अचानक भरभराकर ढह गया। हादसे के समय चंद्रकेश अपनी पत्नी मीनाक्षी और बेटे के साथ घर के अंदर मौजूद थे। गनीमत रही कि मकान गिरने से पहले परिवार के सदस्य बाहर निकल गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मकान ढहने के बाद चंद्रकेश के परिवार के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित के मुताबिक उसके पास करीब डेढ़ बीघा जमीन है, लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह दोबारा पक्का मकान बनवाने की स्थिति में नहीं है।

**आवास योजना में नाम के बाद भी नहीं मिला लाभ**

ग्राम प्रधान पार्वती देवी ने बताया कि वर्ष 2022 की पात्रता सूची में चंद्रकेश का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए भेजा गया था। इसके बावजूद अभी तक उसे आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका। अब कच्चा मकान गिरने के बाद परिवार की परेशानी और बढ़ गई है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ, खीरी

पत्रांक:- 356/न.पा.परि.गोला/2026-27 **विज्ञप्ति** दिनांक:- 18.08.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी अपनी कर निर्धारण सूची में पंजीकृत वसीयतर्धविक्रय पत्र/वरासत/अन्य के आधार पर निम्न प्रकार परिवर्तन करना चाहती है। अतः नगर पालिका परिषद अधिनियम 1916 की धारा 147 (2) के अन्तर्गत प्रस्तावित परिवर्तन से जिस किसी भी व्यक्ति पर प्रभाव पडने की संभावना हो, वह व्यक्ति लिखित आपत्ति मय साक्ष्य सहित प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा और तदनुसार परिवर्तन की कार्यवाही कर दी जाएगी। विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र.सं. | मोहल्ला | वार्ड सं. | भूमि भवन का विवरण | वर्तमान में दर्ज सम्पत्ति के स्वामी/विक्रेता का नाम | प्रस्तावित परिवर्तन के स्वामी का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कुम्हार टोला | 8 | आवासीय प्लाट | श्री जोगेन्दर सिंह पुत्र सरदार हरी सिंह व हरप्रीत सिंह, अमरजीत सिंह पुत्रगण सरदार दिलीप सिंह | श्री सचिन गुप्ता पुत्र स्व. बलदेव प्रसाद गुप्ता | विक्रय पत्र |
| 2. | कुम्हार टोला | 8 | आवासीय प्लाट | श्री जोगेन्दर सिंह पुत्र सरदार हरी सिंह व हरप्रीत सिंह, अमरजीत सिंह पुत्रगण सरदार दिलीप सिंह | श्रीमती रूबी पत्नी वरूण कुमार वर्मा | विक्रय पत्र |
| 3. | कुम्हार टोला | 8 | आवासीय प्लाट | श्री जोगेन्दर सिंह पुत्र सरदार हरी सिंह व हरप्रीत सिंह, अमरजीत सिंह पुत्रगण सरदार दिलीप सिंह | श्री वरूण कुमार वर्मा पुत्र बृजलाल वर्मा | विक्रय पत्र |
| 4. | कुम्हार टोला | 8 | भू-भाग | श्री निरंजन लाल पुत्र प्यारेलाल | श्रीमती माया देवी पत्नी स्व. श्री कृष्ण अमन, रितिक पुत्रगण स्व. श्रीकृष्ण | वरासत |
| 5 | कुम्हार टोला | 8 | भू-भाग | श्री परागी लाल पुत्र प्यारेलाल | श्री सुनील शर्मा, महेश कुमार शर्मा, राजकुमार शर्मा, अनिल कुमार पुत्रगण परागी लाल | वरासत |
| 6. | कुम्हार टोला | 8 | भू-भाग | श्री गयाप्रसाद पुत्र प्यारेलाल | श्री रामकुमार पुत्र स्व. गया प्रसाद | वरासत |
| 7. | मुन्नूगंज | 12 | मकान पक्का दो मंजिल | श्रीमती प्रेम मल्होत्रा पत्नी चमन लाल मल्होत्रा | श्री गगन मल्होत्रा पुत्र स्व. चमन लाल मल्होत्रा व प्रीती साहनी पुत्र स्व. चमन लाल मल्होत्रा | वरासत |
| 8. | मुन्नूगंज | 12 | आवासीय प्लाट | श्री गगन मल्होत्रा पुत्र चमनलाल मल्होत्रा | श्रीमती प्रीती साहनी पत्नी विकास साहनी | दान-पत्र |
| 9. | मुन्नूगंज | 5 | आवासीय प्लाट | श्री अवधेश कुमार पुत्र स्व. रामभजन गुप्ता | श्री अक्षत गुप्ता पुत्र आलोक गुप्ता | विक्रय पत्र |
| 10. | गोकर्णनाथ | 22 | मकान पक्का | श्रीमती चिरौंजी देवी पत्नी स्व. बांकेलाल | श्री सुरेन्द्रपाल श्रीवास्तव, मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार पुत्रगण स्व. बांकेलाल | वरासत |
| 11. | पश्चिमी दीक्षिताना | 2 | भू-भाग | श्रीमती प्रतिभा सिंह पुत्री दिवाकर सिंह | श्री विनीत कुमार पुत्र केशवराम | विक्रय पत्र |
| 12. | मुन्नूगंज | 23 | मकान पक्का | श्रीमती सावित्री देवी पत्नी राजकुमार जायसवाल | श्री राजकुमार जायसवाल पुत्र प्यारेलाल, लक्ष्मीकान्त जायसवाल, अजय कुमार जायसवाल, विजय कुमार जायसवाल पुत्रगण राजकुमार जायसवाल | वरासत |
| 13. | पश्चिमी दीक्षिताना | 14 | आवासीय प्लाट | श्री रामपाल व रावेन्द्र कुमार व रामकिशोर पुत्रगण मिश्रीलाल | श्री हरीश मोहन पाण्डेय पुत्र कृष्ण कुमार पाण्डेय | विक्रय पत्र |
| 14. | कुम्हार टोला | 4 | आवासीय प्लाट व मकान | श्री कुंवर शिवम् पुत्र स्व. राम कुमार रस्तोगी | श्रीमती अर्चना देवी पत्नी अनूप कश्यप | विक्रय पत्र |
| 15. | पश्चिमी दीक्षिताना | 11 | आवासीय प्लाट | श्री राजकुमार पुत्र बाबूराम | श्रीमती शहनाज वानो पत्नी माशूक अली | विक्रय पत्र |
| 16. | मुन्नूगंज | 21 | भू-भाग | श्री इश्तियाक व मुश्ताक अली व अशफाक अली व इसहाक अली पुत्रगण आशिक अली | श्रीमती विटोली देवी पुत्री राधेश्याम | विक्रय पत्र |
| 17. | पश्चिमी दीक्षिताना | 16 | भू-भाग | श्री फूलचन्द पुत्र बाबूराम खुद व मुख्त्यार आम मिनजानिब रामसरन पुत्र गुरू प्रसाद व प्रमोद कुमार पुत्र रामऔतार व वरूण कुमार पुत्र भारत भूषण अग्रवाल | श्री रामाधार तिवारी पुत्र साधूराम व सूरजवली तिवारी पुत्र लालूराम | विक्रय पत्र |
| 18. | पश्चिमी दीक्षिताना | 16 | भू-भाग | श्री सूरजवली तिवारी पुत्र लालूराम | श्री अनिल कुमार व विजेन्द्र कुमार पुत्रगण रामाधर | विक्रय पत्र |
| 19. | पश्चिमी दीक्षिताना | 16 | भू-भाग | श्री रामाधार तिवारी पुत्र साधूराम तिवारी | श्री विजेन्द्र कुमार तिवारी पुत्र रामाधार तिवारी व श्री विकाश कुमार तिवारी ना.बा. पुत्र विजेन्द्र कुमार तिवारी वली व संरक्षक स्वयं पिता श्री विजेद्र कुमार तिवारी | विक्रय पत्र |
| 20. | पश्चिमी दीक्षिताना | 16 | भू-भाग | श्री बृजेन्द्र कुमार पुत्र रामाधार | श्री विकास कुमार तिवारी पुत्र स्व. बृजेन्द्र कुमार | विक्रय पत्र |
| 21. | पश्चिमी दीक्षिताना | 16 | भू-भाग | श्री अनिल कुमार पुत्र रामाधार | श्री अमित कुमार पुत्र स्व. अनिल कुमार | विक्रय पत्र |
| 22. | भूडवार्ड | 7 | आवासीय प्लाट | श्री हरगोविन्द विष्ट पुत्र श्रीकृष्ण | श्रीमती मीरा देवी पुत्र श्रीकान्त | विक्रय पत्र |
| 23. | भूडवार्ड | 17 | भू-भाग | श्री ओमप्रकाश पुत्र रामरतन | श्रीमती रतना देवी पत्नी ओमप्रकाश व सौन्दर्य प्रकाश पुत्र ओमप्रकाश | वरासत |
| 24 | भूडवार्ड | 17 | भू-भाग | श्रीमती संगीता पत्नी राममनोज व आत्मप्रकाश पुत्र रामरतन व आनन्द प्रकाश पुत्र रामरतन व रतना देवी पत्नी ओमप्रकाश व सौन्दर्य प्रकाश पुत्र ओमप्रकाश | श्रीमती अनुराधा गुप्ता पत्नी पंकज गुप्ता व अपर्णा गिरि पत्नी महेन्द्र गिरि | विक्रय पत्र |
| 25 | भूडवार्ड | 17 | भू-भाग | श्री अजय कुमार गुप्ता पुत्र स्व. हरीश चन्द्र गुप्ता | श्रीमती रेशमी अली पत्नी आसिफ अली | विक्रय पत्र |
| 26 | पूर्वी दीक्षिताना | 13 | भू-भाग | श्री राजेश कुमार मिश्रा पुत्र मोहनलाल | श्रीमती कामिनी मिश्रा पत्नी स्व. राजेश कुमार मिश्रा आशीष मिश्रा, सचिन मिश्रा, शिखर मिश्रा पुत्रगण स्व. राजेश कुमार मिश्रा | वरासत |
| 27 | मुन्नूगंज | 5 | भू-भाग | श्री मूलचन्द पुत्र रामभजन | श्री रामभजन व रामचन्द्र पुत्रगण छेदालाल | विक्रय-पत्र |
| 28 | मुन्नूगंज | 5 | भू-भाग | श्री रामभजन पुत्र छेददू लाल | श्री लल्ली पत्नी रामभजन, आरती, छाया कश्यप पुत्रीगण स्व. रामभजन | विक्रय-पत्र |
| 29. | मुन्नूगंज | 23 | आवासीय प्लाट व मकान | श्री मो. फरीद खान पुत्र रशीद खां | श्री लईक खां पुत्र रसीद खां | दान पत्र |
| 30. | गोकर्णवार्ड | 22 | मकान पक्का | श्री चन्द्रिका प्रसाद पुत्र स्व. लल्लूराम | श्री सुनील, अनिल पुत्रगण स्व. चन्द्रिका प्रसाद | वरासत |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद गोला
गोकर्णनाथ-खीरी

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद गोला
गोकर्णनाथ-खीरी



सभी से प्रेम करो, कुछ पर विश्वास करो और किसी के साथ बुरा मत करो।
–विलियम शेक्सपियर, अंग्रेजी नाटककार

## संवाद का संदेश

भाजपा के संगठनात्मक फेरबदल के राजनीतिक संकेत साफ हैं। इसकी संरचना में 2027 के विधानसभा चुनावों की स्पष्ट छाप दिखाई देती है। भाजपा ने एक साथ संगठन और चुनाव— दोनों मोर्चों को साधने की कोशिश की है। भाजपा कैडर आधारित दल है, इसलिए उसका संगठन चुनाव आने पर अचानक सक्रिय होने वाला ढांचा नहीं, बल्कि लगातार काम करने वाली मशीनरी है। नई टीम ने इस व्यवस्था को और अधिक चुनाव-केंद्रित बनाया है। 2027 में सात राज्यों में चुनाव हैं। ऐसे में राष्ट्रीय पदाधिकारियों का चयन स्वाभाविक रूप से उन राज्यों की राजनीतिक जरूरतों से जुड़ना था। सबसे बड़ा संकेत उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय संगठन में असाधारण प्रतिनिधित्व मिलना है।

80 लोकसभा सीटों और 403 विधानसभा क्षेत्रों वाले उत्तर प्रदेश में भाजपा के लिए 2027 केवल एक राज्य चुनाव नहीं, बल्कि 2029 की लोकसभा रणनीति का पहला निर्णायक पड़ाव है। यही कारण है कि जून में प्रदेश संगठन में भी सभी छह क्षेत्रीय अध्यक्ष बदले गए थे और सामाजिक तथा क्षेत्रीय संतुलन पर जोर दिया गया था। भाजपा ने लंबे समय से विपक्ष के पीडीए— पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक के जवाब में गैर-यादव पिछड़ों, दलितों और पसमांदा मुसलमानों तक अपनी पहुंच बढ़ाने की रणनीति अपनाई है। पूर्वांचल में ब्राह्मण प्रतिनिधित्व और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पसमांदा मुस्लिम संपर्क की कोशिश इसी सूक्ष्म सामाजिक इंजीनियरिंग का हिस्सा समझी जानी चाहिए, हालांकि किसी समुदाय के एक-दो नेताओं को पद देने से उसका पूरा वोट बैंक स्थानांतरित नहीं होता। सपा के यादव-मुस्लिम आधार में सेंध तभी संभव है, जब संगठन स्थानीय स्तर पर लगातार सामाजिक संवाद, प्रत्याशी चयन और सत्ता में वास्तविक हिस्सेदारी का भरोसा पैदा करे। कई राज्यों में संगठन और चुनाव प्रबंधन का अनुभव रखने वाले विनोद तावड़े को उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाना भी चुनावी चाल है, इससे स्थानीय गुटों से अपेक्षाकृत दूरी और केंद्रीय नेतृत्व के प्रति जवाबदेही दोनों सुनिश्चित कर होगी। उत्तराखंड के चार नेताओं को राष्ट्रीय जिम्मेदारी मिलना भी कम महत्वपूर्ण नहीं। 70 विधानसभा और पांच लोकसभा सीटों वाला छोटा राज्य संख्यात्मक दृष्टि से उत्तर प्रदेश या महाराष्ट्र की बराबरी नहीं करता, लेकिन वहां लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की भाजपा की महत्वाकांक्षा और 2029 के लिए पहाड़ी राज्य में अपनी पकड़ बनाए रखने की जरूरत इसे विशेष महत्व देती है। गोवा, मणिपुर और हिमाचल को राष्ट्रीय टीम में प्रमुख प्रतिनिधित्व न मिलना बताता है कि भाजपा ने इस बार 'हर राज्य को समान हिस्सा' देने के बजाय 'जहां तत्काल राजनीतिक निवेश अधिक जरूरी है' वहां संसाधन लगाने का तरीका अपनाया है। वहां की चुनावी रणनीति अलग प्रभारी, सह-प्रभारी और स्थानीय नेतृत्व के जरिए संचालित की जा सकती है।

भाजपा ने दरअसल 2027 की टीम बनाई है, लेकिन उसकी निगाह 2029 पर है। नई टीम मजबूत है, क्योंकि इसमें संगठन, चुनाव प्रबंधन, सामाजिक समीकरण और क्षेत्रीय संतुलन— चारों को साथ रखने का प्रयास है। इसकी असली मजबूती की परीक्षा मैदान में होगी।

### प्रसंगवश

## अतीत से एआई युग तक फोटोग्राफी

कभी किसी दृश्य को स्थायी रूप से सुरक्षित कर लेना किसी चमत्कार से कम नहीं माना जाता था। आज वही काम हमारी हथेली में रखा एक छोटा-सा स्मार्टफोन पलक झपकते कर देता है। एक क्लिक और सामने का दृश्य तस्वीर में बदल जाता है। दूसरा क्लिक और वही तस्वीर दुनिया के किसी भी कोने तक पहुंच जाती है। फोटोग्राफी ने इन 187 वर्षों में केवल तकनीक का सफर तय नहीं किया, बल्कि मनुष्य की स्मृतियों, संवेदनाओं, कला, पत्रकारिता, विज्ञान और सामाजिक संवाद को देखने का नजरिया भी बदल दिया है। इसी अद्भुत यात्रा को याद करने का अवसर है 19 अगस्त का 'विश्व फोटोग्राफी दिवस'।

तकनीक तस्वीर बना सकती है, लेकिन दृष्टि ही उसे अर्थ देती है। एक उत्कृष्ट तस्वीर के पीछे केवल महंगा कैमरा या अत्याधुनिक लेंस नहीं होता। प्रकाश और छाया का संतुलन, फ्रेम की संरचना, विषय का चयन, कैमरे का कोण, पृष्ठभूमि, रंग, समय और सही क्षण की पहचान, ये सभी मिलकर एक तस्वीर को प्रभावशाली बनाते हैं।




श्वेता गोयल
शिक्षिका

फोटोग्राफी का इतिहास भी उतना ही रोमांचक है, जितना उसका वर्तमान। 19 अगस्त 1839 को फ्रांस में लुई डागुएरे की डागुएरियोटाइप प्रक्रिया को सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत किया गया। फ्रांसीसी सरकार ने इस प्रक्रिया के अधिकार हासिल कर उसे व्यापक रूप से दुनिया के लिए उपलब्ध कराया और यही तारीख आगे चलकर विश्व फोटोग्राफी दिवस के प्रतीकात्मक आधार से जुड़ गई। डागुएरियोटाइप में चांदी की परत चढ़ी धातु की प्लेट पर अत्यंत सूक्ष्म छवि दर्ज होती थी। आज के तात्कालिक डिजिटल कैमरों की तुलना में यह प्रक्रिया बेहद धीमी और श्रम साध्य थी, फिर भी उसने मानव सभ्यता को अपनी दुनिया को स्थायी छवि के रूप में दर्ज करने की अभूतपूर्व शक्ति प्रदान की।

फोटोग्राफी के विकास के साथ कैमरों का आकार छोटा होता गया, एक्सपोजर का समय घटता गया और तस्वीरों को सुरक्षित रखने के तरीके सरल होते गए। फिल्म कैमरों ने लंबे समय तक इस कला पर राज किया। श्वेत-श्याम तस्वीरों से रंगीन फोटोग्राफी तक का सफर अपने आप में तकनीकी क्रांति था। इसके बाद डिजिटल कैमरे आए और फिर स्मार्टफोन कैमरों ने पूरी तस्वीर ही बदल दी। अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित कैमरा प्रणालियां प्रकाश की कमी सुधारती हैं, चेहरों की पहचान करती हैं, पृष्ठभूमि को अलग करती हैं, गतिशील दृश्यों को स्थिर करती हैं और कुछ ही क्षणों में ऐसी तस्वीरें तैयार कर देती हैं, जिनके लिए कभी विशेषज्ञ उपकरणों और वर्षों के अभ्यास की आवश्यकता होती थी।

फोटोग्राफी की इस यात्रा का सबसे दिलचस्प अध्याय 'सेल्फी' है। स्वयं की तस्वीर लेने का विचार स्मार्टफोन युग की देन नहीं है। दुनिया की सबसे पुरानी ज्ञात सेल्फी के रूप में अक्सर रॉबर्ट कॉर्नेलियस के 1839 के सेल्फ-पोर्ट्रेट का उल्लेख किया जाता है। फिलाडेल्फिया में उन्होंने अपने परिवार के व्यवसाय के बाहर एक अस्थायी कैमरे की मदद से यह तस्वीर बनाई थी। डागुएरियोटाइप की लंबी एक्सपोजर अवधि के कारण उन्हें कई मिनट तक लगभग स्थिर रहना पड़ा। अमेरिकी लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस इसे अमेरिका का सबसे पुराना विद्यमान पोर्ट्रेट और 'पहली सेल्फी' के रूप में प्रस्तुत करती है। सोचिए, 1839 में किसी व्यक्ति को अपनी तस्वीर लेने के लिए कैमरा तैयार करना, रोशनी तलाशना और कई मिनट तक बिना हिले खड़ा रहना पड़ता था, लेकिन आज वही काम कुछ सैकंड में कई बार कर सकते हैं। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# डिजिटल विकास पानी, ऊर्जा और पर्यावरण का सवाल





कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

> लंबे समय तक डेटा सेंटरों की चर्चा केवल उनकी बिजली खपत तक सीमित रही। अब वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और नीति-निर्माताओं का ध्यान एक ऐसे प्राकृतिक संसाधन की ओर जा रहा है, जिसकी चर्चा अक्सर छूट जाती है, वह है जल।

पिछली एक शताब्दी पर नज़र डालें तो औद्योगिक विकास की पहचान विशाल कारखानों, ऊंची चिमनियों, इस्पात संयंत्रों और मशीनों की गूंज से होती थी। वही किसी देश की आर्थिक शक्ति और औद्योगिक प्रगति के प्रतीक माने जाते थे, लेकिन इक्कीसवीं सदी में विकास का चेहरा बदल चुका है। आज विशाल, शांत और अत्याधुनिक इमारतें नई अर्थव्यवस्था की धुरी बन रही हैं। इनमें न मशीनों का शोर सुनाई देता है, न धुएं के गुबार उठते हैं, फिर भी दुनिया की लगभग हर डिजिटल गतिविधि की नींव इन्हीं पर टिकी है। इन्हीं नई आधुनिक इमारतों को हम 'डेटा सेंटर' के नाम से जानते हैं।

आज मोबाइल से किया गया भुगतान, किसी विद्यार्थी की ऑनलाइन कक्षा, अस्पताल का डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड, किसान के मोबाइल पर पहुंचा मौसम का पूर्वानुमान, सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीर या कोई भी संवाद इनमें से कोई भी गतिविधि डेटा सेंटरों के बिना संभव नहीं है। हर डिजिटल क्रिया अंततः किसी न किसी डेटा सेंटर तक पहुंचती है, जहां सूचनाएं संग्रहित होती हैं। डिजिटल दुनिया जितनी आभासी और अदृश्य दिखाई देती है, उसकी बुनियाद उतनी ही ठोस और वास्तविक है। यह केवल इंटरनेट या सॉफ्टवेयर का संसार नहीं, बल्कि विशाल डेटा सेंटरों, लाखों सर्वरों, निरंतर बिजली आपूर्ति, उच्च क्षमता वाले संचार नेटवर्क और बड़ी मात्रा में ऊर्जा तथा जल जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित विशाल भौतिक अवसंरचना है।

पिछले कुछ वर्षों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने इस पूरी व्यवस्था को नई गति दी है। चैटबॉट, भाषा अनुवाद, चित्र निर्माण, वीडियो विश्लेषण, चिकित्सा अनुसंधान और वैज्ञानिक गणनाओं जैसे कार्यों के लिए पहले से कहीं अधिक कंप्यूटिंग क्षमता की आवश्यकता पड़ रही है। इस वजह से दुनिया भर में नए डेटा सेंटरों के निर्माण की होड़ शुरू हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय शोध अध्ययनों के अनुसार वर्तमान में विश्व में लगभग 11,800 डेटा सेंटर संचालित हैं, जबकि भारत में इनकी संख्या तेज़ी से बढ़ रही है और देश एशिया के प्रमुख डेटा सेंटर बाज़ारों में शामिल हो चुका है। डिजिटल इंडिया, यूपीआई, क्लाउड सेवाओं, ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा और सरकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म ने इस विस्तार को और गति दी है। इसमें कोई संदेह नहीं कि डेटा सेंटर आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए उतने ही आवश्यक हैं, जितने कभी सड़कें, रेलमार्ग और बिजलीघर। वे निवेश आकर्षित करते हैं, रोजगार सृजित करते हैं और डिजिटल सेवाओं की विश्वसनीयता सुनिश्चित करते हैं।

हर 'विकास' अपने साथ कुछ अनदेखे प्रश्न भी लेकर आता है। लंबे समय तक डेटा सेंटरों की चर्चा केवल उनकी बिजली खपत तक सीमित रही। अब वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और नीति-निर्माताओं का ध्यान एक ऐसे प्राकृतिक संसाधन की ओर जा रहा है, जिसकी चर्चा अक्सर छूट जाती है, वह है जल। हम मानते हैं कि हमारा डेटा 'क्लाउड' में सुरक्षित है। क्लाउड कोई काल्पनिक स्थान नहीं, बल्कि हजारों सर्वरों से भरे विशाल डेटा सेंटरों का नेटवर्क है। हर ई-मेल, हर डिजिटल भुगतान, हर वीडियो, हर ऑनलाइन खोज और हर एआई अनुरोध इन्हीं सर्वरों पर संसाधित होता है। ये सर्वर दिन-रात लगातार काम करते हैं। जितनी अधिक गणनाएं होती हैं, उतनी ही अधिक गर्मी उत्पन्न होती है। यदि यह तापमान नियंत्रित न किया जाए तो सर्वर की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है, उपकरण क्षतिग्रस्त हो सकते हैं और डिजिटल सेवाएं बाधित हो सकती हैं, इसलिए शीतलन (कूलिंग) डेटा सेंटर की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

बड़े डेटा सेंटरों में सर्वरों को सुरक्षित तापमान पर बनाए रखने के लिए पानी आधारित कूलिंग टावर, चिलर और वाष्पीकरण आधारित शीतलन प्रणालियों का उपयोग किया जाता है। पानी गर्मी को तेजी से अवशोषित करता है, इसलिए यह बड़े डेटा सेंटरों के लिए प्रभावी माध्यम माना जाता है, लेकिन इसका दूसरा पहलू यह है कि डिजिटल सुविधाओं की बढ़ती मांग के साथ पानी की मांग भी बढ़ने लगती है। यही वह प्रश्न है, जिसने पूरी दुनिया में नई बहस शुरू कर दी है। क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार ऐसे समय में हो रहा है, जब दुनिया पहले से ही जल संकट और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से जूझ रही है? और यदि हां, तो क्या भविष्य का डिजिटल विकास जल सुरक्षा के साथ संतुलन बनाकर आगे बढ़ सकेगा?

इन सवालों के उत्तर केवल तकनीकी नहीं, बल्कि पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक भी है। आने वाले वर्षों में यही तय करेगा कि डिजिटल प्रगति वास्तव में टिकाऊ विकास का आधार बनती है या प्राकृतिक संसाधनों पर एक नया दबाव। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार लगभग 100 मेगावाट क्षमता वाला एक हाइपरस्केल डेटा सेंटर केवल शीतलन के लिए प्रतिदिन लगभग 20 लाख लीटर पानी तक उपयोग कर सकता है। यह मात्रा कई छोटे कस्बों की दैनिक जल आवश्यकता के बराबर हो सकती है। पानी का उपयोग केवल शीतलन टावरों में ही नहीं होता, बल्कि आर्द्रता नियंत्रण और अन्य सहायक प्रणालियों में भी किया जाता है।

भारत में ऊर्जा, पर्यावरण एवं जलवायु पर कार्य करने वाली संस्था सीईईडब्ल्यू का अनुमान है कि वर्ष 2024 में देश के डेटा सेंटरों ने लगभग 150 अरब लीटर पानी का उपयोग किया। यदि वर्तमान विस्तार की गति बनी रही, तो 2030 तक यह खपत दोगुने से अधिक हो सकती है। यह अनुमान केवल उद्योग के आकार का नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों की नीति संबंधी चुनौती का भी संकेत देता है। वास्तव में एआई ने नई विडंबना पैदा कर दी है। एक ओर यह जलवायु परिवर्तन, मौसम पूर्वानुमान, कृषि, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन जैसी समस्याओं के समाधान में मदद कर सकता है, दूसरी ओर यदि उसकी आधारभूत संरचना संसाधनों का अत्यधिक उपयोग करेगी तो वही तकनीक पर्यावरणीय दबाव भी बढ़ा सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



मेरा मजहब अल्लाह के अलावा किसी अन्य की वंदना या इबादत करने की अनुमति नहीं देता। वंदे मातरम् को लेकर मेरा रुख किसी तरह के अपमान या विरोध का नहीं है। भाजपा राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत जैसे संवेदनशील विषयों को राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रही है।
–इमरान मसूद
कांग्रेस सांसद

कांग्रेस हमेशा देश विरोधी गतिविधियों की ही बात करेगी। अब इमरान मसूद की इच्छा है, लेकिन वह कभी देश हित के लिए नहीं थे, न रहे। उन लोगों की मानसिकता ही वैसी है। उनका काम है किसी न किसी माध्यम से मोदी जी का विरोध करना।
–करण भूषण सिंह
बीजेपी सांसद



# एम्सः मरीजों के भरोसे के 70 बरस



विवेक शुक्ला
पूर्व प्रधान सूचना अधिकारी यूएई एंबेसी

> नेहरू के दौर में शुरू हुआ एम्स मरीजों के लिए उम्मीद और भरोसे की जगह बना हुआ है। भारत के हर कोने से आए बीमार और रिश्तेदारों के मन में यकीन होता है कि स्वस्थ होकर घर लौटेंगे।

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज यानी एम्स से करीब छह-सात किलोमीटर दूर राजधानी के पृथ्वीराज रोड का शोर अचानक गायब हो जाता है, जब आप यॉर्क कब्रिस्तान में घुसते हैं। गेट के ठीक बाहर एक छोटी कब्र नजर आती है। इसकी हालत देखकर लगता है कि इस पर सालों से कोई फूल नहीं चढ़ाया गया होगा, वहां सोई हुई हैं राजकुमारी अमृत कौर। वो महात्मा गांधी की करीबी सहयोगी, स्वतंत्र भारत की पहली स्वास्थ्य मंत्री और एम्स की फाउंडर थीं।

अमृत कौर कपूरथला राजघराने से थीं। उन्होंने ऑक्सफोर्ड से शिक्षा ली और आजादी के बाद नेहरू कैबिनेट में स्वास्थ्य मंत्री बनीं। शुरुआत में एम्स कोलकाता में खोलने का प्रस्ताव था, लेकिन पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री डॉ. बीसी रॉय को यह ठीक नहीं लगा। नतीजा यह हुआ कि कोलकाता का नुकसान और दिल्ली का फायदा हो गया। इसकी 1952 में आधारशिला रखी गई। 18 फरवरी 1956 को अमृत कौर ने लोकसभा में विधेयक पेश किया। दो जून 1956 को एआईआईएमएस अधिनियम पास हुआ और संस्थान को राष्ट्रीय महत्व का स्वायत्त दर्जा मिला। वे स्वयं एम्स की पहली अध्यक्ष रहीं और अपनी मृत्यु (1964) तक शासन-व्यवस्था को मजबूत करती रहीं।

आज सात दशक बाद भी एम्स मरीजों के लिए उम्मीद और भरोसे की जगह बना हुआ है। रोज भारत के हर कोने से सैकड़ों बीमार और उनके रिश्तेदार यहां आते हैं। मन में यकीन होता है कि स्वस्थ होकर घर लौटेंगे। डॉक्टर, नर्स और बाकी स्टाफ हर मरीज के इलाज में जान लगा देते हैं। एम्स में समाजवादी व्यवस्था लागू रहती है। भिखारी और बड़ा सरकारी अफसर एक ही कतार में खड़े होते हैं। डॉक्टर किसी की हैसियत या पैसे को देखकर फर्क नहीं करते।

अगर एम्स राजकुमारी अमृत कौर की सोच का नतीजा था तो पहले डायरेक्टर डॉ. बीबी दीक्षित ने इसे बेहतरीन अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बनाया। वे महान डॉक्टर, अनुभवी शिक्षक और कुशल प्रशासक थे। पुणे के बीजे मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल रहे दीक्षित ने नियुक्तियों में योग्यता को ही आधार बनाया और रिसर्च को बढ़ावा दिया। उन्होंने शर्त रखी कि राजनीतिक दखल न हो। उनके समय में कई बेहतरीन प्रोफेसर आए। अगर एम्स पर रोगियों का भरोसा है, तो इसका श्रेय यहां के उन तमाम डॉक्टरों और बाकी स्टाफ को जाता है। आप एम्स के राजेंद्र प्रसाद नेत्र चिकित्सा केंद्र में जाएं। यहां पर भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा रखी हुई है।

इधर मधुबनी से रेटिना संबंधित जटिल सर्जरी के लिए आए सुरेंद्र झा कह रहे थे कि बिहार में तो अनुभवी रेटिना चिकित्सक मिलते नहीं, इसलिए यहां ही आना पड़ता है। वास्तव में यह भी कमाल की जगह है। यहां के सभी डॉक्टर सेवाभाव की मिसाल हैं। उन्होंने सैकड़ों सर्जरी की हैं और नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में दर्जनों शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। उनकी जिस दिन ओपीडी होती थी, वे उस दिन करीब तीस-चालीस रोगियों को देखते थे। वे रोगियों को देखकर वहां पर ही बता देते थे कि उनके इलाज का क्रम किस तरह से चलेगा। जिस दिन एम्स में ऑपरेशन होते हैं, ये डॉक्टर उस दिन कई रोगियों का ऑपरेशन करते थे। इधर के नेत्र विशेषज्ञों ने रेटिना की बीमारियों के इलाज के लिए नई तकनीकों और उपचार विधियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसमें लेजर थेरेपी, इंट्राविट्रियल इंजेक्शन, और सर्जिकल प्रक्रियाओं में सुधार शामिल हैं। इनकी विशेषज्ञता व्यापक है, जिसमें मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, रेटिना संबंधी बीमारियां और अन्य जटिल नेत्र रोग शामिल हैं।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि एम्स की तासीर में सेवा की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है। यहां हर साल देशभर के मेधावी छात्र एमबीबीएस, एमएस और एमडी में दाखिले लेते हैं और आगे देश-दुनिया के बेहतरीन डॉक्टर बनते हैं। मशहूर नामों में डॉ. दीपक चोपड़ा, शिकागो यूनिवर्सिटी के प्रो. विनय कुमार, गंगाराम के लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. अरविंदर सिंह सोइन, पूर्व डायरेक्टर डॉ. रणदीप गुलेरिया, टूटे दिलों को जोड़ने वाले डॉ. पी वेणुगोपाल, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ प्रतीक शर्मा, यूरोलिजिस्ट डॉ. राजीव सूद शामिल हैं। आँखों के विशेषज्ञ डॉ. जीवन सिंह तितियाल, डॉ. प्रदीप वेंकटेश और डॉ. तरुण दादा दुनिया के कुशल डॉक्टरों में गिने जाते हैं।

10 मार्च 1967 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद सेंटर फॉर ऑप्थैल्मिक साइंसेज की स्थापना हुई। भारत के पहले राष्ट्रपति के नाम पर बने इस केंद्र का मंत्र है- 'तमसो मा ज्योतिर्गमय'। पहले डायरेक्टर डॉ. एलपी अग्रवाल बोस्टन से लौटे थे। एम्स के आसपास रोज बीस-पच्चीस छोटे-बड़े भंडारे लगते हैं। ब्रेड-पकौड़ा, चाय, समोसा, कढ़ी-चावल, छोले-चावल जैसी चीजें मुफ्त बंटती रहती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## पिकासो और शाहरुख

स्पेन के विश्वविख्यात चित्रकार पाब्लो पिकासो एक बार स्पेन के ही एक शहर की गली से गुजर रहे थे। एक लड़की की नजर उन पर पड़ी। वह दौड़ती हुई पास आई और आग्रह करने लगी, 'प्लीज, मेरे लिए भी एक चित्र बना दीजिए।'

पिकासो ने मना करते हुए कहा, 'सड़क पर ऐसा संभव नहीं है, तुम मेरे स्टूडियो आओ, वहां बना दूंगा।' लड़की मिन्नतें करने लगी, 'प्लीज, क्या पता जिंदगी में दोबारा मुलाकात हो न हो।'



दिलीप कुमार पाठक
ऑथर

लड़की का हठ देखकर पिकासो ने जेब से कागज निकाला, कलम से उस पर कुछ आड़ी-तिरछी लकीरें खींचीं। ट्रेडमार्क सिग्नेचर किया और उसे थमा दिया। लड़की कागज देखकर निराश हुई। उसने सोचा, 'यह क्या? चार उलटी-सीधी लकीरें खींच दीं, क्या यह भी कोई पेंटिंग है?' उसकी निराशा भांपकर पिकासो मुस्कुराए और बोले, 'तुम बाजार जाओ और बताओ कि यह पिकासो की पेंटिंग है, इसके तुम्हें लाखों डॉलर मिल जाएंगे।।' लड़की को इस पर यकीन नहीं हुआ।

अगले दिन जब वह बाजार पहुंची, तो उसके आश्चर्य का ठिकाना न रहा, सचमुच उस कागज की कीमत लाखों में आंकी गई। वह पिकासो का पता तलाशते उनके घर पहुंची और इतनी कीमती पेंटिंग तोहफे में देने के लिए शुक्रिया अदा किया। साथ ही उसने एक नई फरमाइश रख दी, 'मुझे भी ऐसी पेंटिंग बनाना सिखा दीजिए।'

पिकासो ने कहा, 'यह बेहद मुश्किल काम है, इसमें बरसों लग जाते हैं और फिलहाल मेरे पास वक्त बिल्कुल नहीं है।' लड़की बोली, 'मुझे सिर्फ दस दिन दे दीजिए, ताकि मैं आपकी तरह ये आड़ी-तिरछी लकीरें खींचना सीख सकूं।'

यह सुनकर पिकासो हंसे और बोले, 'जिस आड़ी-तिरछी लकीरों वाली पेंटिंग को मैंने मात्र दस सेकंड में बनाया है, उस काबिल बनने में मुझे अपने जीवन के पैंतीस बरस लगाने पड़े हैं और तुम सोचती हो कि इसे दस दिन में सीख लोगी?'

पिकासो की यह कहानी भले ही काल्पनिक हो, लेकिन ऐसा ही एक वास्तविक वाकिया ट्विटर के 'Ask SRK' सेशन में देखने को मिला। वहां एक लड़के ने शाहरुख खान से सवाल किया, 'सर, मुझे आपका बंगला 'मन्नत' खरीदना है, इसकी क्या कीमत है?'

शाहरुख ने बेहद संजीदगी से जवाब दिया था, 'इसकी कीमत है- 40 साल की अथक मेहनत।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## तन्हाइयों से बचने को 'किराए की दोस्ती'

कुछ साल पहले तक दोस्ती हमारे लिए कोई अलग रिश्ता नहीं थी, वह जीवन का ही हिस्सा थी। मोहल्ले में रहने वाला बच्चा दोस्त था, स्कूल की बेंच पर साथ बैठने वाला दोस्त था और शाम को घर के बाहर खेलने वाला भी। किसी को बुलाने के लिए फोन करने की जरूरत नहीं होती थी। बस घर के बाहर खड़े होकर आवाज लगा दी और दोस्त निकल आया। गर्मियों की शामें छतों पर बीतती थीं, सर्दियों की धूप आंगन में और छुट्टियां रिश्तेदारों के घर।

अब अपने ही आसपास देखिए। जीवन आसान हुआ है, सुविधाएं बढ़ी हैं, आने-जाने और बातचीत के साधन बढ़े हैं, लेकिन लोगों के बीच सहज बैठना कम हुआ है। छोटे शहरों और कस्बों में भी शादी-ब्याह का तरीका बदल रहा है। कभी पड़ोस की महिलाएं अपने आप इकट्ठी होकर विवाह गीत गाती थीं। किसी को बुलाने के लिए बाकायदा कार्यक्रम नहीं बनाना पड़ता था। अब कई जगह विवाह गीतों के लिए बाहर से संगीत मंडली बुलाई जाती है। मेहमानों के स्वागत से लेकर कार्यक्रम के संचालन तक के लिए अलग-अलग सेवाएं उपलब्ध हैं। धीरे-धीरे हमारे जीवन में वह काम भी बाजार के हिस्से बन रहे हैं, जिन्हें कभी रिश्ते निभाया करते थे।



डॉ. अर्चना गोदारा
शिक्षिका

यहीं से 'किराए की दोस्ती' का विचार सामने आता है। सुनने में यह बात थोड़ी अजीब लगती है कि दोस्त भी कभी किराए पर लिया जा सकता है, लेकिन यह कोई कल्पना नहीं है। जापान में 'Ossan Rental' नाम की वास्तविक सेवा चल रही है, जिसमें मध्यम आयु के पुरुषों को कुछ समय के लिए साथ रहने, बातचीत करने, घूमने या किसी काम में साथ देने के लिए बुक किया जा सकता है। इसकी शुरुआत ताकानोबु निशिमोतो ने 2012 में की थी। आज इसकी वेबसाइट एक घंटे के लिए 1,000 येन की दर और 15वें वर्ष में प्रवेश के साथ 40,000 से अधिक अनुरोधों का उल्लेख करती है।

लोग इन साथियों को बातचीत करने, सलाह लेने, खरीदारी करने, घूमने, खेल देखने या केवल कुछ समय साथ बिताने के लिए बुलाते हैं। पहली नजर में यह बात बाजार की एक अजीब व्यवस्था जैसी लगती है, लेकिन थोड़ा गहराई से सोचें तो सवाल कुछ और निकलता है। आखिर कोई व्यक्ति किसी अजनबी से बात करने के लिए पैसे क्यों देगा? अपने ही परिवार में कोई न कोई होगा, कोई दोस्त होगा, कोई सहकर्मी होगा। फिर किसी अनजान व्यक्ति की जरूरत क्यों पड़ रही है? शायद इसलिए कि परिचित रिश्तों के साथ केवल अपनापन नहीं आता, अपेक्षाएं भी आती हैं।

किसी परिचित को अपनी परेशानी बताने से पहले मन में कई बातें चलती हैं। वह क्या सोचेगा, कहीं उसे बुरा तो नहीं लगेगा, कहीं वह मेरी बात किसी और से तो नहीं कह देगा। एक अजनबी के सामने इन आशंकाओं का कुछ हिस्सा कम हो जाता है। वह आपके अतीत को नहीं जानता, आपके परिवार को नहीं जानता और आपकी जिंदगी में आगे भी शायद उसकी कोई भूमिका न हो, इसलिए कई बार आदमी किसी ऐसे व्यक्ति से अपनी बात कह देता है, जिससे उसका कोई पुराना संबंध नहीं होता। उसे सलाह नहीं चाहिए होती, उसे केवल कुछ देर सुना जाना होता है। यही बात इस पूरी व्यवस्था को दिलचस्प बनाती है। असल में लोग दोस्त नहीं खरीद रहे, वे कुछ समय के लिए किसी की उपस्थिति खरीद रहे हैं। किसी का समय, ध्यान और साथ।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

अमृत विचार
रंगोली



# फुहार, झूले और विरह
# सावन का लोक संसार

सावन भारतीय लोकजीवन में केवल वर्षा का मौसम नहीं, बल्कि प्रकृति, प्रेम, मिलन और विरह की भावनाओं का उत्सव है। बादलों की गर्जना, रिमझिम फुहार, झूलों की पींग और कोयल की कूक जहां वातावरण में उल्लास भरती है, वहीं परदेस गए प्रिय की याद विरहिणी के मन को उदास कर देती है। लोकगीतों ने सावन के इसी दोहरे स्वरूप को बड़ी संवेदनशीलता से संजोया है। इनमें धरती की प्यास बुझने की खुशी, किसान की उम्मीद, प्रकृति का श्रृंगार और प्रेमिका की प्रतीक्षा एक साथ दिखाई देते हैं। यही कारण है कि सावन के गीत आज भी लोकमन की भावनाओं को उतनी ही गहराई से छूते हैं। – ***फीचर डेस्क***

सावन आते ही प्रकृति जैसे अचानक अपना रूप बदल लेती है। तपती धरती पर बादलों की छांव पड़ते ही वातावरण में ठंडक घुलने लगती है। झर-झर बरसती बूंदों से वृक्ष धुलकर निखर उठते हैं और हवा के झोंकों के साथ उनकी डालियां झूमने लगती हैं। ऐसा लगता है मानो पेड़-पौधे भी वर्षा के स्वागत में नृत्य कर रहे हों। धरती पर हरियाली की चादर बिछ जाती है और सूखी वनस्पतियों में फिर से जीवन लौट आता है। पशु-पक्षी चहक उठते हैं, कीट-पतंगों में नई सक्रियता दिखाई देती है और किसान के मन में आने वाली फसल की उम्मीद जाग जाती है।

सावन के इस प्राकृतिक उल्लास को लोकगीतों ने बेहद खूबसूरती से अभिव्यक्त किया है। अमरूद की डाल पर बैठी कोयल की कूक, पपीहे की 'पीहू-पीहू', मेंढकों की टर्राहट और मोर का पंख फैलाकर नाचना वर्षा ऋतु की पहचान बन जाते हैं। उमड़ते-घुमड़ते बादलों को देखकर मोर का नृत्य मानो प्रकृति की अपनी खुशी का प्रतीक बन जाता है। ऐसे ही वातावरण में लोकमन गा उठता है-

सावन आया रे, झूले पड़ गए बाग/झूला झूलें सखियां सारी, मन में उठे उमंग।

सावन का मौसम जितना प्रकृति को मादक बनाता है, उतना ही मनुष्य के भीतर भावनाओं की हलचल भी बढ़ाता है। खासकर प्रेम और विरह के प्रसंगों में सावन का स्वर और गहरा हो जाता है। जिन स्त्रियों के प्रियजन उनके पास होते हैं, उनके लिए झूले, तीज और वर्षा आनंद के अवसर बन जाते हैं, लेकिन जिनका प्रिय परदेस में है, उनके लिए यही मौसम प्रतीक्षा और पीड़ा लेकर आता है।

विरहिणी को सावन की हर चीज अपने प्रिय की याद दिलाती है। बादलों की आवाज उसे प्रियतम की पुकार जैसी लगती है, पपीहे की 'पिया-पिया' उसे बेचैन करती है और वर्षा की बूंदें उसके मन में दबे प्रेम को फिर जगा देती हैं। वह नणंद से अपने प्रिय को पत्र लिखने का आग्रह करती है-



हेरी सखी सामण मास घिरण लाग्यो/नणदी ऐसा खत लिखवा दे/ मेरे प्रीतम ने बुलवा दो।

पति परदेस में हो तो उत्सव का उल्लास भी विरह की पीड़ा को ढक नहीं पाता। बागों में झूले पड़ जाते हैं, सहेलियां सज-संवरकर झूला झूलती हैं, लेकिन विरहिणी की आंखें अपने प्रिय की राह देखते-देखते थक जाती हैं-

बागों में पड़ गए सावन के झूले/बाट सजना की जोहते नैन थक गए। क्यों सजन मेरे न लौट के आए/सखि! कमल खिले सरवर के तीरे/ हैं मेरे नैन-कमल मुरझाए।

यहां सावन का सौंदर्य और विरह की उदासी एक-दूसरे के समानांतर चलते दिखाई देते हैं। सरोवर में कमल खिल रहे हैं, वन हरियाली से भर रहे हैं, लेकिन विरहिणी की आंखों में उदासी है। प्रकृति बाहर से जितनी सुंदर होती जाती है, उसके भीतर का अकेलापन उतना ही गहरा होता जाता है।

लोकगीतों में बादलों को भी विरहिणी के दुख का सहभागी बनाया गया है। वह बादल से शिकायत करती है-

बदरिया बैरिन हो, सब के पिय भीजे घर-आंगन/मेरे पिय भीजे परदेश, बदरिया बैरिन हो।

यह पंक्ति सावन के लोकगीतों में छिपे विरह की तीव्रता को सहज रूप में सामने लाती है। दूसरों के प्रियजन जब घर-आंगन में वर्षा का आनंद ले रहे हैं, तब उसका प्रिय दूर किसी परदेश में है। इसलिए जो बादल दूसरों के लिए खुशी लेकर आए हैं, वही उसके लिए विरह के दूत बन जाते हैं।

सावन की वर्षा केवल बाहरी प्रकृति को नहीं भिगोती, वह मन की स्मृतियों को भी सींचती है। घने बादल जब आकाश में उमड़ते हैं और बिजली चमकती है, तब विरहिणी के मन में भी अतीत के मिलन की स्मृतियां कौंधने लगती हैं। बीते हुए सुखद क्षण और वर्तमान की दूरी उसके भीतर ऐसा द्वंद्व पैदा करते हैं, जिसकी परिणति आंखों से बहते आंसुओं में होती है।

"मन नै तो समझाऊं, पर जोबन बैरी तरसै..."



वर्षा की ठंडी हवा, पपीहे की पुकार, कोयल की कूक और बूंदों की रिमझिम- ये सभी विरहिणी की बेचैनी को और बढ़ा देते हैं। प्रिय की स्मृति से उसका मन बार-बार उसी ओर लौटता है। कवि केशव ने भी वर्षा ऋतु के प्राकृतिक सौंदर्य को शब्द देते हुए लिखा-

केशव सरिता सकल, मिलत सायर मन मोहै।/ललित लता लपटाति, तरुण वन तरुबर सोहै।

वर्षा के साथ प्रकृति का सौंदर्य अपने चरम पर पहुंच जाता है। फूलों की पंखुड़ियों पर ठहरी बूंदें, हरे-भरे वृक्ष, लताओं का फैलाव और जल से भरे सरोवर मन को आकर्षित करते हैं। छोटे-छोटे जीव-जंतु सक्रिय हो जाते हैं। खेतों में हरियाली दिखाई देने लगती है और किसान की उम्मीदें भी आकार लेने लगती हैं। इसीलिए सावन ग्रामीण जीवन के लिए केवल मनोरंजन का मौसम नहीं, बल्कि जीवन और आजीविका की नई आशा का समय भी है।

लोकगीतों में सावन की नायिका कभी खिड़की के पास बैठकर वर्षा देखती है, तो कभी प्रियतम से मिलने के लिए सामाजिक और प्राकृतिक बाधाओं की परवाह किए बिना निकल पड़ती है। 'कृष्णाभिसारिका' नायिका का चित्रण इसी भाव को व्यक्त करता है। घनघोर वर्षा, अंधेरी रात और गरजते बादल भी उसके प्रेम को रोक नहीं पाते। उसके लिए मिलन की आकांक्षा प्रकृति की प्रतिकूलता से कहीं अधिक शक्तिशाली है।

## सावन लोकगीतों में जीवन के अनेक रंग

सावन के लोकगीतों की सबसे बड़ी खूबी यही है कि इनमें प्रकृति और मनुष्य अलग-अलग दिखाई नहीं देते। बादल केवल बादल नहीं हैं, वे कभी प्रिय के संदेशवाहक हैं, तो कभी विरह की पीड़ा बढ़ाने वाले साथी। पपीहा केवल पक्षी नहीं, बल्कि प्रेम की पुकार है। झूला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सामूहिक उल्लास का प्रतीक है और वर्षा की बूंदें कभी धरती की प्यास बुझाती हैं, तो कभी विरहिणी के मन में स्मृतियों की बाढ़ ला देती हैं। इस तरह सावन के लोकगीतों में जीवन के अनेक रंग एक साथ दिखाई देते हैं। किसान के लिए यह आशा और समृद्धि का मौसम है, प्रकृति के लिए नवजीवन का, युवतियों के लिए तीज और झूलों का तथा प्रेमियों के लिए मिलन और विरह का। यही बहुरंगी भावभूमि सावन के लोकगीतों को कालजयी बनाती है। इनमें प्रकृति का सौंदर्य है, प्रेम की कोमलता है, विरह की कसक है और लोकजीवन की सहज धड़कन भी। इसलिए सावन बीत जाने के बाद भी उसके गीत लोकमन में लंबे समय तक गूंजते रहते हैं।

---

**अनोखी परंपरा**

## जब पीटी जाती हैं गुड़ियां

सावन के महीने की शुक्ल पक्ष की पंचमी को नाग पूजन की परंपरा पौराणिक काल से चली आ रही है, जिसे नाग पंचमी भी कहते हैं। नाग पूजन की परंपरा, तो प्रकृति में नागों का संरक्षण है। नाग और सांप किसानों के खेतों के चूहे खाते हैं और बिना छेड़छाड़ किए काटते नहीं है। भगवान शिव ने कंठ में विष धारण किया हुआ है। इसी कारण उनके कंठ में नाग लिपटे रहते हैं भगवान शिव के साथ नागों की पूजा की जाती है। नाग पंचमी के दिन उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर पीटा जाता है। गुड़िया पीटने की जो भी कहानियां मिलती हैं, उसमें लड़की की गलती बताकर उसको सरेआम बेइज्जत करने की परंपरा अब सभ्य समाज में उचित नहीं है। इसी कारण उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में महिलाएं आगे आई और गुड़िया पीटने की जगह नागपंचमी को गुड़िया को झूला झुलाने की परंपरा शुरू की है। गुड़िया , बालिका / बहन और स्त्री का प्रतीक है। पुरानी परंपराएं जो आज ठीक नहीं समझी जाती हैं, उन्हें बदल देना चाहिए।



कपड़े की बनी गुड़िया पीटी जाती है। इस परंपरा पर अब बदलाव होना चाहिए। कई स्थानों पर तो अब महिलाओं ने इसका विरोध किया है और गुड़िया पीटने की जगह गुड़िया को झूले में झुलाया जाता है। घर के फटे पुराने कपड़ों से एक लड़की की गुड़िया बनाई जाती है। नाग पंचमी के दिन अखाड़ा कूदने के बाद गांव की लड़कियां खुले में कपड़े की बनी गुड़ियां डालती हैं और युवक/ पुरुष उन्हें ने लाठी-डंडों से पीटते हैं। इसकी कहानी भी तक्षक नाग से जुड़ी हुई है, जिसने परीक्षित को डस लिया था और राजा परीक्षित की मौत हो गई थी। दूसरी कहानी एक राजा से जुड़ी हुई है और तीसरी कहानी जनमानस की आम आदमी की समाज की कहानी है।

किसी गांव में एक लड़की अपने भाई को नाग से बचाने के लिए नाग को डंडे से पीटकर मार डालती है। बाद में पता चलता है कि नाग तो लड़की के भाई का रक्षक है। तब से लड़की को कपड़े की गुड़िया बनाकर उसकी गलती के लिए

उत्तर प्रदेश के अनेक स्थानों पर नाग पंचमी के दिन घरों में गाय के गोबर से नाग- नागिन देवता बनाए जाते हैं। उन्होंने उबले चने व गेहूं के दानों का भोग लगाया जाता है इसे अवधी में कोहरी कहते हैं। पकवान भी बनाए जाते हैं। नदी तालाब में स्नान करने के बाद शाम को कई स्थानों पर पहलवानों के दंगल भी लगते हैं। नाग पंचमी से ही कुश्ती की प्रतियोगिताएं भी शुरू होती हैं, जिसे अखाड़ा बोलते हैं। इसी दिन से अखाड़े की मिट्टी में गेहूं बोए जाते हैं, जिन्हें कजरिया/ सुजिया कहते हैं। इससे यह पता चलता है कि किसानों ने जो गेहूं का बीज रख छोड़ा है, उसमें बीज बनकर उगने की क्षमता है कि नहीं। इसमें बहनें अपने भाइयों के कान में लगाती हैं। फिर रक्षाबंधन के साथ सावन माह का समापन हो जाता है। सावन भगवान की शिव की पूजा का पर्व है, तो भादों विष्णु और भगवान श्री कृष्ण की पूजन का मास है। अष्टमी को भगवान श्री कृष्ण का आधी रात को जन्म होता है।

**–शिवचरण चौहान**, कानपुर

---

# मिट्टी में धड़कती संस्कृति मूर्तिकार सुनील की कला-यात्रा

कला मनुष्य की उन दुर्लभ उपलब्धियों में है, जो समय को पराजित कर देती हैं। शब्द इतिहास लिखते हैं, लेकिन मूर्तियां इतिहास को दृश्य रूप देती हैं। मिट्टी, पत्थर, लकड़ी और धातु जब कलाकार के हाथों में पहुंचते हैं, तो वे केवल पदार्थ नहीं रह जाते, बल्कि स्मृतियों, भावनाओं और संस्कृति के जीवंत दस्तावेज बन जाते हैं। भारतीय सभ्यता का इतिहास भी उसकी मूर्तिकला के बिना अधूरा है। सिंधु घाटी की कांस्य नर्तकी से लेकर मौर्यकालीन शिल्प, अजंता–एलोरा, खजुराहो, कोणार्क और आदिवासी लोकशिल्प तक, हर युग ने अपनी चेतना को कला में रूपायित किया है। इसी समृद्ध परंपरा के समकालीन प्रतिनिधियों में झारखंड के चाईबासा के मूर्तिकार सुनील कुमार का नाम विशेष सम्मान के साथ लिया जाता है।



कुमार कृष्णन

लेखक



सुनील कुमार की कला किसी कृत्रिम बौद्धिक प्रदर्शन की नहीं, बल्कि जीवन के साथ गहरे संवाद की कला है। उनकी मूर्तियों में अनावश्यक आडंबर नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की सादगी, लोकजीवन की लय, प्रकृति की आत्मीयता, पारिवारिक संबंधों की ऊष्मा और भारतीय सांस्कृतिक चेतना सहज रूप से दिखाई देती है। दर्शक उनकी मूर्तियों को केवल देखता नहीं, बल्कि उनमें छिपी कथा और संवेदना को महसूस करता है। उनकी कला–यात्रा विरासत, संघर्ष और साधना का सुंदर संगम है। उनके पिता स्वर्गीय हरिहर प्रसाद और बड़े भाई स्वर्गीय अंबिका प्रसाद चाईबासा के प्रतिष्ठित मूर्तिकार थे। घर का वातावरण ही उनका पहला कला विद्यालय था। बचपन मिट्टी की सोंधी गंध, छैनी–हथौड़ी की लय और आकार ग्रहण करती मूर्तियों के बीच बीता। उन्होंने देखा कि कलाकार के स्पर्श से निर्जीव मिट्टी किस तरह जीवंत हो उठती है। यहीं से उनके भीतर कला के प्रति अनुराग जन्मा।

हालांकि उन्होंने पारिवारिक परंपरा तक स्वयं को सीमित नहीं रखा। अपनी स्वतंत्र कलाभाषा की तलाश में वर्ष 1991 में वे चाईबासा से पटना पहुंचे और कला एवं शिल्प महाविद्यालय में प्रवेश लिया। संसाधन सीमित थे, जीवन संघर्षपूर्ण था और भविष्य अनिश्चित, लेकिन उन्होंने कठिनाइयों को राह का अवरोध नहीं बनने दिया। वर्ष 1996 में उन्होंने मूर्तिकला में बी.एफ.ए. किया और बाद में कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा से मूर्तिकला में स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त की। इस प्रशिक्षण ने उनकी सहज प्रतिभा को तकनीकी अनुशासन, वैचारिक गहराई और सौंदर्यबोध प्रदान किया।

सुनील कुमार की कला का सबसे बड़ा गुण परंपरा और आधुनिकता के बीच दिखाई देने वाला संवाद है। वे लोकशिल्प को संग्रहालय की वस्तु नहीं बनने देते, बल्कि उसे समकालीन संवेदनाओं से जोड़ते हैं। उनकी कृतियां अपनी मिट्टी से जुड़ी होने के बावजूद व्यापक मानवीय अनुभव का हिस्सा बन जाती हैं। उनकी कला में बाजार की चमक–दमक के बजाय जीवन की सादगी और जनजीवन की धड़कन दिखाई देती है।





### प्रिय माध्यम टेराकोटा

टेराकोटा उनका प्रिय माध्यम रहा है। भारतीय कला परंपरा में मिट्टी केवल शिल्प सामग्री नहीं, बल्कि सृजन का आदिम तत्व है। सुनील कुमार के लिए मिट्टी मनुष्य, प्रकृति और संस्कृति के बीच संवाद का माध्यम है। उनकी कोशिश रहती है कि मूर्तियां ऐसी हों, जिन्हें कुम्हार के चाक पर भी निर्मित किया जा सके और जो संरचनात्मक रूप से मजबूत तथा संतुलित हों। इस दृष्टि से उनकी कला भारतीय लोकशिल्प की उस परंपरा से जुड़ती है, जिसमें कला और जीवन के बीच कोई दूरी नहीं होती।

उनकी कृतियों में 'कृष्ण', 'राधा–कृष्ण', 'आज़ादी', 'आदिवासी', 'मां–बच्चा', 'पिता–पुत्र', 'सेल्फी' और 'छठ' जैसे विषय प्रमुख हैं। इन विविध विषयों के केंद्र में मनुष्य और उसके संबंधों की कथा है। 'कृष्ण' श्रृंखला में प्रेम, करुणा और सौंदर्य का मानवीय रूप दिखाई देता है, जबकि 'राधा–कृष्ण' की कृतियां प्रेम, विश्वास, समर्पण और आत्मिक एकत्व की अनुभूति कराती हैं। 'आजादी' स्वतंत्रता को केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि चेतना की मुक्ति के रूप में प्रस्तुत करती है। उनकी 'आदिवासी' श्रृंखला उनकी कला की आत्मा कही जा सकती है। चाईबासा और झारखंड की धरती पर पले–बढ़े होने के कारण उन्होंने आदिवासी जीवन को बाहर से नहीं, आत्मीय दृष्टि से देखा है। उनकी मूर्तियों में आदिवासी समाज किसी रोमांचक दृश्य की तरह नहीं, बल्कि सम्मान और गरिमा के साथ उपस्थित होता है। जंगल वहां केवल पृष्ठभूमि नहीं, जीवन का सहभागी है, श्रम केवल जीविका नहीं, उत्सव है और समुदाय साझा अस्तित्व का आधार है। पारंपरिक वेशभूषा, सामूहिक नृत्य, सहज मुस्कान और प्रकृति से गहरा रिश्ता उनकी कृतियों में जीवंत हो उठता है। 'सेल्फी' आधुनिक तकनीक और आदिवासी जीवन के बदलते संबंधों पर सूक्ष्म टिप्पणी है, जबकि 'छठ' की कृतियां लोकआस्था, श्रद्धा और सामूहिक चेतना की गरिमा को अभिव्यक्त करती हैं। उनकी शिल्प–भाषा का सबसे बड़ा गुण संयम है। वे अनावश्यक अलंकरण या दृश्य चमत्कार के पीछे नहीं भागते। संतुलित अनुपात, सहज भाव–भंगिमाओं और सीमित रेखाओं के माध्यम से गहरी भावाभिव्यक्ति रचते हैं। उनकी मूर्तियां दर्शक को चौंकाती नहीं, बल्कि धीरे–धीरे उसके भीतर उतरती हैं। यही उनकी कला की शक्ति है कि वह शोर नहीं करती, लेकिन लंबे समय तक स्मृति में बनी रहती है। मूर्तिकला के साथ चित्रकला भी उनकी रचनात्मक अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण माध्यम है। वे जलरंग, टेंपरा, कंपोजिशन, स्थिर चित्रण और विशेष रूप से पोर्ट्रेट कला में दक्ष हैं। उनके पोर्ट्रेट केवल चेहरे की प्रतिकृति नहीं होते, बल्कि व्यक्ति के मनोभाव और आंतरिक ऊर्जा को भी अभिव्यक्त करते हैं। समय के साथ उनकी कला टेराकोटा से फाइबर तक पहुंची, जिससे आकार, विस्तार और स्थायित्व की नई संभावनाएं खुलीं, लेकिन माध्यम बदलने के बावजूद उनकी मूल कलाचेतना नहीं बदली। वर्ष 2018 से 2025 के बीच दिल्ली, भोपाल, पटना, चंडीगढ़, जालंधर और अमृतसर सहित अनेक शहरों की एकल और सामूहिक प्रदर्शनियों में उनकी कृतियों ने कला–जगत का ध्यान आकर्षित किया। इन प्रदर्शनियों ने उन्हें एक विशिष्ट मूर्तिकार के रूप में पहचान दिलाने के साथ यह भी प्रमाणित किया कि भारतीय लोकजीवन और आदिवासी संस्कृति पर आधारित कला राष्ट्रीय कला–विमर्श में महत्वपूर्ण स्थान रखती है।





### विरासत को नई भाषा में अभिव्यक्त करना

सुनील कुमार मानते हैं कि कलाकार का सबसे बड़ा पुरस्कार सम्मान, पदक या प्रमाणपत्र नहीं, बल्कि सृजन की प्रक्रिया से मिलने वाला आत्मिक आनंद है। यही विचार उनके रचनात्मक व्यक्तित्व की आधारशिला है। वे लोकप्रियता की क्षणभंगुर चमक से अधिक निरंतर सृजन को महत्व देते हैं। आज जब कला का एक बड़ा हिस्सा बाजार और प्रदर्शन की संस्कृति से प्रभावित है, उनका संसार एक अलग संभावना प्रस्तुत करता है। वे अपनी मूर्तियों में लोकजीवन की स्मृतियों, आदिवासी संस्कृति की गरिमा और मनुष्य–प्रकृति के संबंधों को सुरक्षित रखते हैं। चाईबासा की मिट्टी से निकला यह कलाकार आज भारतीय कला–जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। उन्होंने सिद्ध किया है कि आधुनिक होना अपनी जड़ों से कट जाना नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत को नए समय की भाषा में अभिव्यक्त करना है।

उनकी मूर्तियां याद दिलाती हैं कि सभ्यताएं केवल इमारतों और तकनीक से नहीं, बल्कि उन कलाकारों से भी जीवित रहती हैं, जो मिट्टी में मनुष्य का चेहरा, संस्कृति की आत्मा और समय की धड़कन सहेज लेते हैं। यही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है और यही उन्हें समकालीन भारतीय मूर्तिकला का एक विशिष्ट, विश्वसनीय और सम्मानित हस्ताक्षर बनाती है।

**अमृत विचार**

अमृत विचार समाचार पत्र के संपादकीय व फीचर पृष्ठों के लिए समसामयिक, महिला, परिवार, अध्यात्म, स्वास्थ्य आदि विषयों पर लेख, कविताएं, कहानियां, रिपोर्ताज, व्यंग्य आदि आमंत्रित हैं।

ईमेल- featuredesk@amritvichar.in

**न्यूज ब्रीफ**

## बारिश बनी आफत मासूम समेत चार लोगों की मौत

**देहरादून, अमृत विचार :** प्रदेश में मंगलवार को भारी बारिश के दौरान मकान ढहने और पहाड़ से पत्थर गिरने की घटनाओं में ढाई साल के मासूम और केदारनाथ जा रही दिल्ली निवासी महिला श्रद्धालु समेत चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, बारिश और भूस्खलन से राज्य में 120 से ज्यादा सड़कें बाधित हो गईं, जिन्हें सुचारू करने का काम जारी है। पौड़ी जिले में लगातार बारिश के दौरान लैंसडोन के द्वारीखाल ब्लॉक के मेहरगांव में सुबह भूस्खलन के कारण दोमंजिला मकान ढह गया। मलबे में दबने से ढाई वर्षीय रुद्राक्ष, 46 वर्षीय धीरेंद्र सिंह और उनकी 70 वर्षीय मां मथुरा देवी की मौत हो गई।

## कच्ची शराब पीने से युवक की मौत, शव रखकर हंगामा

**पलिया कलां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव बोझवा में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने कच्ची शराब को लेकर जमकर हंगामा किया। लाले (32) मंगलवार सुबह अचानक गंभीर हालत में पहुंचा और उसकी मौत हो गई। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि युवक गांव में कथित रूप से कच्ची शराब बेचने वाले राजेश के यहां से शराब लाकर पीता था।

# हादसे में दो कांवड़िये हुए घायल, हाईवे किया जाम

## पांचाल घाट से गंगाजल लेने के लिए जत्था हुआ था रवाना

संवाददाता खुटार

**अमृत विचार :** कांवड़ियों से भरी ट्रैक्टर ट्राली में तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने टक्कर मारी दी। इस हादसे में दो कांवड़िया घायल हो गए। नाराज साथियों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। पुलिस जाम खुलवाने के लिए कांवड़ियों से बात करती रही।

खुटार क्षेत्र के गांव धनसिंहपुर से मंगलवार शाम 60 कांवड़ियों का जत्था एक ट्रैक्टर व दो ट्रालियों में सवार होकर फर्रुखाबाद के पांचाल घाट से गंगाजल लेने के लिए जत्था रवाना हुआ था। कांवड़ियों का जत्था मंगलवार शाम खुटार पुवायां हाईवे अठकोना गांव मोड़ के पास जैसे ही पहुंचा कि तेज बारिश होने लगी। जिस पर कांवड़ियों ने ट्रैक्टर ट्राली रोककर ट्राली में तिरपाल डालने का कार्य शुरू किया। कांवड़िया ट्राली में तिरपाल डाल ही रहे थे कि खुटार की ओर से तेज रफ्तार आ रही पिकअप ने ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद तिरपाल डाल रहे धनसिंहपुर निवासी कांवड़िया राजेश और मुकेश पुत्र भगवान दीन निवासी धनसिंहपुर चोटिल हो गए। सूचना पर पहुंचे 108 एंबुलेंस ने दोनों घायल कांवड़ियों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर राजेश की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने आनन-फानन में जिला मेडिकल कॉलेज न भेज कर राजेश को अपनी गाड़ी से निजी अस्पताल पूरनपुर भेजा।



हंगामा कर रहे लोगों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

### पुलिस-प्रशासन ने सख्ती दिखाकर खुलवाया जाम

**खुटार, अमृत विचार :** रात 8:00 बजे से लगाकर 10:30 बजे तक जाम लग रहा। जिस पर खुटार, बंडा, पुवाया, सिधौली, एसपी ग्रामीण दीक्षा भवरे, सीओ प्रवीण मलिक, एसडीएम पुवाया सदानंद सरोज सहित भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद होने के बावजूद भी कांवड़ियों को पुलिस प्रशासन ने काफी समझाया बुझाया, लेकिन कांवड़िये जाम खोलने को तैयार नहीं हुए। इस पर एसपी ग्रामीण के निर्देशन में पुलिस ने कांवड़ियों के बीच कुछ जत्थेदारों व महिलाओं को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। बीच हाईवे पर ट्रैक्टर ट्राली खड़ी कर लगाए गए जाम को पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को हटाकर हाईवे किनारे खड़ा कर दिया। जिस पर 10:30 बजे के बाद पुलिस ने हाईवे पर आवागवन सुचारू करा दिया।

## मुरादाबाद में तेंदुए के हमले में महिला की मौत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सुरजननगर के ग्राम बलिया में मंगलवार को खेत में पशुओं के लिए चारा काटने गई महिला पर आदमखोर तेंदुए ने हमला कर दिया। उसे ईख में खींच ले गए। हमले में घायल महिला की मौत हो गई। तेंदुए के हमले से दूसरी मौत ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया है। विरमो देवी पत्नी स्व बलराम सिंह सैनी को तेंदुआ गन्ने के खेत में खींच ले गया। महिला की चीख सुनकर साथ गई महिलाओं और किसानों ने लाठी-डंडे लेकर शोर मचाते हुए तेंदुए का पीछा किया, लेकिन जब तक ग्रामीण मौके तक पहुंचे, तब तक ब्रह्मा देवी की मौत हो चुकी थी। महिला की मौत की खबर गांव में फैलते ही कोहराम मच गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम पर पथराव भी किया गया।

**सवालों के घेरे में वन विभाग:** करीब 15 दिन पहले लालापुर पीपलसाना गांव में भी तेंदुए ने संतोष देवी को अपना शिकार बनाया था। अब दूसरी महिला की मौत के बाद ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार हमलों के बावजूद तेंदुए को पकड़ने के लिए किए जा रहे इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं।

# दहलीज पर पहुंचने से पहले थमीं 8 की सांसें

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** रोजी-रोटी के लिए मध्य प्रदेश गए मजदूरों को क्या पता था कि घर लौटने की उनकी आस रास्ते में ही दम तोड़ देगी। धान की रोपाई का काम पूरा कर अपने घरों की ओर लौट रहे मजदूरों से भरा वाहन मंगलवार देर शाम भिंड नेशनल हाईवे-719 पर गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के छीमका गांव के पास भीषण हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना में लखीमपुर खीरी के आठ मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 32 लोग घायल हो गए। हादसे की खबर जैसे ही मजदूरों के गांवों में पहुंची, चीख-पुकार मच गई। कई परिवारों की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं।

जिले के अलग-अलग गांवों से बड़ी संख्या में मजदूर धान की रोपाई के लिए मध्य प्रदेश गए थे। मजदूरों ने गोदहा क्षेत्र में धान रोपाई का काम किया था। मंगलवार को काम पूरा करने के बाद सभी पिकअप वाहन में सवार होकर अपने घर लखीमपुर खीरी लौट रहे थे। बताते हैं कि भिंड नेशनल हाईवे-719 पर छीमका गांव के पास सड़क पर बैठे पशुओं को बचाने के प्रायस में पिकअप और डंपर के बीच टक्कर हो गई। हादसे में आठ लोगों की जान चली गई, करीब 32 लोग घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही लखीमपुर खीरी में मजदूरों के परिजनों में कोहराम मच गया।

### पुवायां के युवक की मध्य प्रदेश में हादसे में मौत

**पुवायां, अमृत विचार :** पुवायां के गांव बिजला बढ़ारू गांव के रामलोटन का 29 वर्षीय पुत्र मदनपाल अपने रिश्तेदारों के साथ मध्य प्रदेश में धान की रोपाई करने गया था। मदनपाल ने दो दिन पूर्व घर पर फोन करके बताया था कि अब यहां काम खत्म हो गया, वह वापस आ रहा है। परिजनों के अनुसार, मदनपाल एवं अन्य रिश्तेदारों ने मध्य प्रदेश से घर वापस आने के लिए एक पिकअप गाड़ी बुक कर ली थी। भिंड में ग्वालियर रोड पर छीमका गांव के पास हादसा हो गया। पिकअप गाड़ी छुट्टा पशुओं को बचाने के चक्कर में डंपर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण हुए की हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जिसमें मदनपाल की भी मौत हो गई। मदनपाल एक छह साल का पुत्र शिवरम, तीन साल की पुत्री सुहानी व पत्नी नन्ही देवी हैं। पिता राम लोटन ने बताया कि पुलिस ने सोमवार रात लगभग दो बजे आकर बताया था कि मदनपाल का एक्सीडेंट हो गया है।



मृतक मदनपाल।

### इनकी हुई मौत

● उपदेश पुत्र मोहन निवासी बेला तुरसिया थाना मोहम्मदी। ● अमर सिंह पुत्र वंशीधर निवासी बेला तुरसिया थाना मोहम्मदी। ● सुखदेव पुत्र कंचन निवासी बेला तुरसिया थाना मोहम्मदी। ● गुड्डू पुत्र कंचन निवासी किशनपुर अजीत थाना पसगवां। ● रजनीश पुत्र प्रहलाद पासी निवीस बेला तुरसिया थाना मोहम्मदी। ● सुभाष पुत्र कमलेश निवासी हना निउली थाना मोहम्मदी। ● भूरे पुत्र गजाराम निवासी गांव बेल्हा मोहम्मदी। ● मदनपाल पुत्र रामलोटन पासी निवासी पुवायां (शाहजहांपुर)।

# शराब दुकान के विरोध में प्रदर्शन, हटाने का आदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एकता कॉलोनी में शराब की दुकान के विरोध में मंगलवार को महिलाएं और स्कूली बच्चे सड़क पर उतर आए। दुकान बंद कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। बच्चों ने हाथ में पोस्टर ले रखे थे। सूचना पर मौके पर पहुंचे जिला अधिकारी ने प्रदर्शन कर रहे स्कूली बच्चों और महिलाओं से बात की। उन्होंने शराब की दुकान वहां से हटाने का आश्वासन दिया।

एकता कॉलोनी में स्कूल के नजदीक शराब की दुकान संचालित की जा रही है। इससे विद्यार्थियों को परेशानी होती है। वहीं शाम को दुकान के आस पास जमघट लगने और वहीं खड़े होकर शराब पीने के कारण आस पास रहने वाली महिलाओं को असहजता होती है। संचालित शराब की दुकान के विरोध में स्थानीय महिलाओं और स्कूली बच्चों ने प्रदर्शन किया।

मंगलवार को महिलाओं की भीड़ विरोध में उतरी तो स्कूल ड्रेस में बालक और बालिकाएं भी प्रदर्शन में शामिल हुए। सूचना पर जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया आबकारी विभाग की अधिकारियों लेकर मौके पर पहुंचे और महिलाओं-बच्चों से वार्ता की। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को एकता कॉलोनी की शराब की दुकान हटाने के निर्देश दिए।

## छात्रा से छेड़छाड़ धरे गए तो हाथ जोड़कर मांगी माफी

**पीलीभीत, अमृत विचार:** स्कूल जा रही छात्राओं से छेड़छाड़ करना एक शोहदे को महंगा पड़ गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है। आरोपी का थाना परिसर का एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें वह लंगड़ाते हुए चल रहा और गलती की माफी मांगता दिख रहा है।

जहानाबाद क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री कस्बे स्कूल में पढ़ती है। कई दिनों से एक युवक पुत्री व उसकी सहेलियों से छेड़छाड़ कर रहा है। आपत्तिजनक इशारे करते हुए फब्तियां कसता है। मंगलवार सुबह भी आरोपी ने स्कूल जाते वक्त छात्रा से छेड़छाड़ की।

## 117 घंटे का सर्च ऑपरेशन... 12 श्रमिक रेस्क्यू, 10 की मौत

**देहरादून, अमृत विचार :** पीपलकोटी, चमोली में टीएचडीसी की निर्माणाधीन टनल में 13 अगस्त की शाम पानी का रिसाव और भूस्खलन होने से हुए हादसे के बाद जिला प्रशासन की निगरानी में चलाया जा रहा खोज एवं बचाव अभियान मंगलवार को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। रेस्क्यू टीमों ने टनल में फंसे एवं लापता सभी प्रभावित श्रमिकों को बाहर निकाल लिया है।

जल रिसाव व भूस्खलन के कारण प्रारंभिक रूप से 22 श्रमिकों के टनल में फंसे होने की सूचना मिली थी। जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, आईटीबीपी, सेना, डीडीआरएफ, सीआईएसएफ, टीएचडीसी तथा अन्य संबंधित एजेंसियों की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और युद्धस्तर पर खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया। करी ब 117 घंटे से ज्यादा चले इस चुनौतीपूर्ण रेस्क्यू अभियान के दौरान टनल से 12 श्रमिकों को सकुशल बाहर निकाला गया, जबकि 10 श्रमिकों की मौत हुई।

अभियान के पहले दिन 19 श्रमिकों को निकाला गया, जिनमें 12 घायल तथा 7 मृत श्रमिक शामिल थे। 17 अगस्त को एक और रेस्क्यू अभियान के अंतिम दिन 18 अगस्त को दो श्रमिकों को बाहर निकाला गया।

# दिमाग में अमीबा घुस जाने से सैनिक की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

● चेन्नई में समुद्र में नहाने के दौरान नाक या मुंह के जरिये शरीर में पहुंचा अमीबा

**अमृत विचार :** अधिकारी बनने का कोर्स करने चेन्नई गए सेना के जवान की मौत हो गई। मौत की वजह समुद्र में मिलने वाले अमीबा को बताया जा रहा है, जो समुद्र में नहाने के दौरान नाक या कान के रास्ते जवान के दिमाग तक पहुंच गया। मंगलवार को जवान के पार्थिव शरीर का चित्रशिला घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।



तुषार जोशी। (फाइल फोटो)

आरटीओ रोड, मुखानी निवासी भुवन चंद्र जोशी मूल रूप से मुनस्यारी रोड श्यामली के रहने वाले हैं। वह सेना से वारंट ऑफिसर के पद से सेवानिवृत्त हैं। परिवार में पत्नी प्रेमा जोशी, दो बेटे व एक बेटी है। बड़ा बेटा मोहित भी सेना में नायक के पद पर कार्यरत है। जबकि छोटा बेटा तुषार (26 वर्ष) भी सात साल पहले सेना में भर्ती हुआ था।

पिछले कुछ महीनों से तुषार अपनी पल्टन के साथ चीन सीमा पर तैनात थे। पिता के मुताबिक, करीब चार माह पहले तुषार एसएसबी का कोर्स पूरा करने के लिए चेन्नई गए थे। बीती 8 अगस्त को कोर्स खत्म हुआ था, जिसके बाद वह चेन्नई में ही नहाने के लिए समुद्र में गए थे। नहाने के बाद वह ट्रेन से वापस दिल्ली लौट रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। तुषार को उपचार के लिए दिल्ली स्थित कैंट बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी मौत हो गई। मंगलवार को तुषार के शव का चित्रशिला घाट रानीबाग में अंतिम संस्कार किया गया। पूछताछ करने पर तुषार के पिता को बताया कि संभवतः समुद्र में नहाने के दौरान नाक या कान के जरिये समुद्र में पाया जाने वाला अमीबा तुषार के दिमाग तक पहुंच गया और इसी वजह से उनकी मौत हुई। हालांकि मौत की असली पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगी।


**सूचना**

मेरा एक बैनामा कृषि भूमि जिसका रबका 0.8740 हे. जोकि परसादी लाल व लक्ष्मी नारायन पुत्र मोहन लाल से अपने हक में बही सं. 1 जिल्द सं. 14457 पृष्ठ सं. 61 से 84 तक क्रमांक 10873 दिनांक 26.07.2023 तथा दूसरा बैनामा श्रीमती माया देवी पत्नी स्व. कन्हई लाल व कृष्ण पाल पुत्र स्व. कन्हई लाल निवासी परधौली बरेली से ग्राम परधौली की कृषि भूमि जिसका रकबा 0.4370 हे. जोकि मैंने अपने हक में बही सं0 1 जिल्द सं. 14560 पृष्ठ सं. 57 से 80 तक क्रमांक 13189 दिनांक 06.09.2023 को उपनिबंधक प्रथम बरेली में कराया था, उक्त दोनों बैनामे रास्ते में जाते समय कहीं गुम हो गये है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिले है। **खलीक अहमद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी 10 मुंशी नगर, इज्जतनगर, अलशिफा अस्पताल के पास, बरेली।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.8.2026 को CHC न्यूरिया कॉलोनी से न्यूरिया बस स्टैंड पर फोटो कॉपी करने जाते समय अपने मकान की मूल रजिस्ट्री जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर 4570 तथा पृष्ठ संख्या 121 से 144 तक स. 01 रजिस्ट्री दिनांक 03.11.2010 रास्ते में कहीं गिर गई है जिसकी सूचना पुलिस को 14.8.26 दे दी गई है जो की तलाश करने के बाद भी नहीं मिली। **नेहा श्रीवास्तव पत्नी अनुराग कुमार श्रीवास्तव 216 दुर्गा प्रसाद पीलीभीत। मो. 8279865045**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र० सं०-1, ई-प्रापण निविदा संख्या :** उप मु०इं०-नि०-मुख्या० गोर०-07-2026, **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल में गोरखपुर छावनी-वाल्मीकिनगर दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गत कप्तानगंज (रहित)-वाल्मीकिनगर (रहित) के मध्य ट्रैक की लिंकिंग, विभिन्न प्रकार के पी०वे० सामग्रियों की चढ़ाई/उतराई एवं अन्य विविध कार्य।, अनुमानित निविदा मुल्य : 373803027.00, बयाना राशि (रू०) : 7476100.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य (रू०) : - 0.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 12 (बारह) माह। ● बिड प्रारम्भ करने की तिथि- 28.08.2026 ● उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि - दिनांक 11.09.2026 को 15.00 बजे तक। ● उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - दिनांक 11.09.2026 को 15.30 बजे। ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें। श्री निशांत कुमार सिंह, सहायक कार्यपालक इंजीनियर/ निर्माण/ मुख्या०/I, मो० न० 9594880852. श्री आर.के. चौधरी, सहायक कार्यपालक इंजीनियर/ निर्माण/ मुख्या०/II, मो० न० 9979484281.

**उप मुख्य इंजीनियर/नि०/मुख्या० गोरखपुर**

मुजाधि/डब्ल्यू - 287

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**ग्राम पंचायत पदमी, विकासखंड शेरगढ़ (बरेली)**

ग्राम पं0/मेमो0/2026-27 दिनांक 18.08.2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पदमी की वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2026-27 में राज्य वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त आयोग, मनरेगा आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य तथा पंचायत घर निर्माण, नाली, खड़ंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान और ओपन जिम, टायलीकरण, गौशाला निर्माण, मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन, मछली पालन, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउंड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, एच्यूम पाइप क्रय, ठेलिया क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय दवा छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, सबमर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईट, खड़ंजा, सीमेंट, महीन रेता, मोरंग, बजरी, ईट, रोडा, सरिया, इंटरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, सबमर्सिबल पाइप, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 18.08.2026 से 28.08.2026 तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें 28.08.2026 को अपराह्व 2.00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

ग्राम प्रशासक पंचायत सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत चन्दपुर जोगियान विकास खण्ड क्यारा, बरेली**

पत्रांक : मेमो/निविदा/2026-27 दिनांक : 18.08.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत द्वारा वर्ष 2026-27 की स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना में केन्द्रीय वित्त, राज्य वित्त, मनरेगा/VB G RAM G, SLWM, SBM, OSR, विविध खाता व अन्य मद की धनराशि से सी.सी. रोड, इन्टरलॉकिंग कार्य, नव नाली निर्माण, आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य, मिट्टी कार्य, सफाई कार्य, फर्नीचर, स्टेशनरी, LED लाइटें/सोलर लाइटों का निर्माण/मरम्मत, हैण्ड पम्प मरम्मत/स्थापना कार्य, रिबोर कार्य, हयूम पाईप क्रय, वॉलपेंटिंग, पी.वी.सी. पैनल कार्य, इलेक्ट्रानिक उपकरण खरीद/मरम्मत, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, बाउन्ड्रीवॉल निर्माण/मरम्मत कार्य, अन्तयेष्टि स्थल निर्माण, बारात घर निर्माण, गौवंश आश्रय स्थल निर्माण, बैडमिंटन कोड निर्माण, जनसेवा केन्द्र संचालन, सफाई उपकरण खरीद/मरम्मत कार्य, स्प्रे मशीन, फागिंग मशीन, ठेली, टाइलीकरण, शौचालय शीट, वॉस बेसिन, टैंक, पाइप, मोटर, टंकी, वॉटर कूलर, पेन्ट, सोलर पैनल व अन्य आवश्यक उपकरण, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, विद्यालयों का कायाकल्प, सोक पिट, फिल्टर चैम्बर, पिट/नाडेप/लिचपिट, सेंटीग्रेशन शेड, वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, तालाब सफाई, दरी, स्लैब/जाल, प्रचार प्रसार बोर्ड, कूड़ादान, सुरक्षा दीवार आदि उपकरण क्रय आदि कार्य किये जाने है।

उक्त कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु यथा ईट, सीमेन्ट, रोड़ा, मोरंग, रेता, सरिया, बजरी, बजरफुट, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, पी.वी.सी. पैनल, फर्नीचर टाईल्स फर्श व दीवार, पाइप, टंकी, शौचालय शीट, वॉश बेसिन, टैंक, सोलर पैनल, इलेक्ट्रानिक उपकरण, स्टेशनरी, ठेली, सफाई किट, स्प्रे मशीन, फागिंग मशीन व अन्य आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 25.08.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 04:00 बजे खोली जायेंगी। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतंत्र होगी।

प्रशासक सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत चन्दपुर काजियान विकास खण्ड क्यारा, बरेली**

पत्रांक : मेमो/निविदा/2026-27 दिनांक : 18.08.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत द्वारा वर्ष 2026-27 की स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना में केन्द्रीय वित्त, राज्य वित्त, मनरेगा/VB G RAM G, SLWM, SBM, OSR, विविध खाता व अन्य मद की धनराशि से सी.सी. रोड, इन्टरलॉकिंग कार्य, नव नाली निर्माण, आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य, मिट्टी कार्य, सफाई कार्य, फर्नीचर, स्टेशनरी, LED लाइटें/सोलर लाइटों का निर्माण/मरम्मत, हैण्ड पम्प मरम्मत/स्थापना कार्य, रिबोर कार्य, हयूम पाईप क्रय, वॉलपेंटिंग, पी.वी.सी. पैनल कार्य, इलेक्ट्रानिक उपकरण खरीद/मरम्मत, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, बाउन्ड्रीवॉल निर्माण/मरम्मत कार्य, अन्तयेष्टि स्थल निर्माण, बारात घर निर्माण, गौवंश आश्रय स्थल निर्माण, बैडमिंटन कोड निर्माण, जनसेवा केन्द्र संचालन, सफाई उपकरण खरीद/मरम्मत कार्य, स्प्रे मशीन, फागिंग मशीन, ठेली, टाइलीकरण, शौचालय शीट, वॉस बेसिन, टैंक, पाइप, मोटर, टंकी, वॉटर कूलर, पेन्ट, सोलर पैनल व अन्य आवश्यक उपकरण, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, विद्यालयों का कायाकल्प, सोक पिट, फिल्टर चैम्बर, पिट/नाडेप/लिचपिट, सेंटीग्रेशन शेड, वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, तालाब सफाई, दरी, स्लैब/जाल, प्रचार प्रसार बोर्ड, कूड़ादान, सुरक्षा दीवार आदि उपकरण क्रय आदि कार्य किये जाने है।

उक्त कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु यथा ईट, सीमेन्ट, रोड़ा, मोरंग, रेता, सरिया, बजरी, बजरफुट, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, पी.वी.सी. पैनल, फर्नीचर टाईल्स फर्श व दीवार, पाइप, टंकी, शौचालय शीट, वॉश बेसिन, टैंक, सोलर पैनल, इलेक्ट्रानिक उपकरण, स्टेशनरी, ठेली, सफाई किट, स्प्रे मशीन, फागिंग मशीन व अन्य आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 27.08.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 04:00 बजे खोली जायेंगी। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतंत्र होगी।

प्रशासक सचिव

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान**

पत्रांक: 6837(5)/XXIII/2026-27 दिनांक: 18.08.2026

**नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, सहसवान के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वाहन स्टैण्ड व सब्जी मण्डी/चटटा किराया, ठेके की नीलामी दिनांक 31.08.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद सहसवान के प्रांगण में की जायेगी। बोलीदाता को बोली लगाने से पूर्व श्रीमान जिलाधिकारी महोदय, बदायूँ द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र तथा हैसियत प्रमाण पत्र एवं जमानत धनराशि के रूप में निर्धारित धनराशि पालिका में नकद जमा करना अनिवार्य होगा। जो वाहन स्टैण्ड के लिए 3.00 लाख तथा अन्य ठेकाजात के लिए 25 हजार रुपये होगी। अत: इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार नियत स्थान व तिथि पर उपस्थित होकर नीलामी की बोली लगा सकते हैं। नीलाम की अन्य नियम व शर्ते (विस्तृत जानकारी) किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त व देखी जा सकती हैं। नीलामी स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। यदि किसी कारणवश नियत तिथि को नीलामी सम्पन्न नहीं हो पाती है तो पूर्व निर्धारित नियम व शर्तो के अधीन पुन: बोली/नीलामी दिनांक 03.09.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे उपरोक्त नियत स्थान पर करायी जायेगी।

**नीलामी हेतु ठेका**

3. ठेका पढाव/वाहन पार्किग निकट मण्डी समिति अकबराबाद 2026-27
4. ठेका सब्जी मण्डी/चटटा किराया बाजार विल्सनगंज 2026-27

अधिशासी अधिकारी न0पा0परि0, सहसवान | अध्यक्ष न0पा0परि0 सहसवान | उपजिलाधिकारी सहसवान

**कार्यालय नगर पंचायत मैलानी जनपद लखीमपुर खीरी**

पत्रांक-214 /-न०पं०मै०/नामांतरण-सचना 2026-27 दिनांक:--18-08-2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मैलानी, जनपद- लखीमपुर खीरी अपनी कर निर्धारण सूची में पंजीकृत वसीयत/विक्रय पत्र/वरासत/अन्य के आधार पर निम्न प्रकार परिवर्तन करना चाहती है। अतः नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(2) के अंतर्गत प्रस्तावित परिवर्तन से जिस किसी भी व्यक्ति पर प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वह व्यक्ति लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित प्रकाशन की तिथि से एक माह के अंदर प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा और तदनुसार परिवर्तन की कार्यवाही कर दी जाएगी। विवरण निम्न प्रकार है रू-

| क्र सं | मोहल्ला | वार्ड सं० | प्लॉट/मकान | वर्तमान में दर्ज संपत्ति के स्वामी / विक्रेता का नाम | प्रस्तावित परिवर्तन के स्वामी का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | काली मंदिर | 7 | प्लॉट | अनमोल श्रीवास्तव पुत्र आनंद कुमार | कमलजीत कौर पत्नी जगतार सिंह | विक्रय पत्र |
| 2 | ईदगाह | 12 | प्लॉट | अम्बरीश रस्तोगी पुत्र माधव प्रसाद रस्तोगी | वंदना पत्नी सुशील | विक्रय पत्र |
| 3 | ईदगाह | 12 | प्लॉट | प्रदीप कुमार सिंह,अनिल कुमार सिंह व अमरीश सिंह पुत्रगण अहिवरन सिंह | भवानी शंकर माहेश्वरी पुत्र राजेन्द्र प्रसाद माहेश्वरी | विक्रय पत्र |
| 4 | गौतम नगर | 2 | प्लॉट | ममता देवी पत्नी नरेंद्र कुमार वर्मा | अजोश्री पत्नी रामसजीले | विक्रय पत्र |
| 5 | ईदगाह | 12 | प्लॉट | भारत पुत्र जगदीश | भाईलाल पुत्र रामचन्द्र | विक्रय पत्र |
| 6 | ईदगाह | 12 | प्लॉट | अफसर खान पुत्र जुल्फिकार खान | दीनमोहम्मद पुत्र आगाज मोहम्मद | विक्रय पत्र |
| 7 | ईदगाह | 12 | प्लॉट | रामासरे पुत्र ब्रजलाल | कीर्ति चौधरी कमल सिंह | विक्रय पत्र |
| 8 | ईदगाह | 12 | प्लॉट | रामासरे पुत्र ब्रजलाल | लालमती पत्नी भोलानाथ सिंह | विक्रय पत्र |
| 9 | पुराना बाजार,काली मंदिर | 8,7 | मकान,प्लॉट | रजिया खातून पुत्र जहीर अहमद | फरीद अहमद,मोहम्मद असद व फैसल पुत्रगण जहीर अहमद | वरासत |
| 10 | ईदगाह | 12 | मकान | सुखसागर वर्मा पुत्र महादेव वर्मा | कैलाश प्रकाश,मोहन प्रकाश व वेद प्रकाश पुत्रगण सुख सागर वर्मा | वरासत |
| 11 | पुराना बाजार | 8 | मकान | सावित्री देवी | राकेश कुमार पुत्र रामस्वरूप, माया देवी पत्नी राजेन्द्र | वरासत |

लिपिक नगर पंचायत मैलानी | अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मैलानी

**कार्यालय नगर पालिका परिषद आंवला**

पत्रांक : 1220/पालिका/बोर्ड फण्ड/निविदा/2026 दिनांक : 17.08.2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद आंवला (बरेली) में निम्नलिखित कार्यो की निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 25.08.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद आंवला से क्रय कर दिनांक 25.08.2026 समय 02:00 बजे तक सील बन्द निविदायें अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद आंवला के नाम नगर पालिका परिषद आंवला में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है।

निविदायें दिनांक 25.08.2026 समय सायं 04:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद आंवला में समस्त निविदादाओं की उपस्थिति में व सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। निर्माण कार्य व अन्य की जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद आंवला से कार्य दिवस व कार्य समय में प्राप्त की जा सकती है। समस्त कार्यो का भुगतान बोर्ड फण्ड अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से किया जायेगा।

| क्र.सं. | कार्य विवरण | आगणन राशि | निविदा मूल्य + 18% जी.एस.टी. | धरोहर राशि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंवला में विभिन्न वार्डो में नालों में स्क्रीनिंग जाल लगाने का कार्य | 423115 | 450+81 | 8500 | 15 दिवस |
| 2. | नालों को आर.सी.सी. स्लैब व लोहे के जाल से ढकने का कार्य यूनियन बैंक से आगे पुलिया के पास व नितिन बैटरी वलों की पुलिया के पास तथा रोडवेज टॉयलेट के पास वार्ड सं. 25 व 21 | 422929 | 450+81 | 8500 | 15 दिवस |
| 3. | नालों को आर.सी.सी. स्लैब व लोहे के जाल से ढकने का कार्य अब्दुल कलाम पार्क से फर्नीचर के दुकान तक व यादव जी के मकान के पास वार्ड नं. 05 | 222686 | 250+45 | 2400 | 15 दिवस |
| 4. | नाले पर लोहे की रेलिंग लगाने का कार्य महादेव पुरम नाला व पुरैना मंदिर मार्केट वाला नाला वार्ड सं. 21 व 17 | 421119 | 450+81 | 8500 | 15 दिवस |
| 5. | लोहे के जाल व सी.सी. मरम्मत का कार्य सरगंगाराम स्कूल वाली पुलिया बरेली रोड वार्ड सं. 22 | 245914 | 250+45 | 2500 | 15 दिवस |
| 6. | नालों को आर.सी.सी. स्लैब व लोहे के जाल से ढकने का कार्य शम्मी के दुकान से होली चौक तक गुड्डू फौजी के मकान तक वार्ड सं. 22 | 413312 | 450+81 | 8200 | 15 दिवस |
| 7. | नालों को आर.सी.सी. स्लैब व लोहे के जाल से ढकने का कार्य पुरैना चौराहे के पास व जगदीश चन्द्र पार्क के पास व पुरैना ढाल पप्पी के पास वार्ड सं. 17 व 10 | 422879 | 450+81 | 8500 | 15 दिवस |
| 8. | निर्माण इंटर लॉकिंग रोड व नाली यूनियन बैंक के पास के पास पुलिया तक रामनगर वार्ड सं. 21 | 423378 | 450+81 | 8500 | 15 दिवस |

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद आंवला (बरेली) | अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आंवला (बरेली)

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,235.46 | 24,154.90 |
| गिरावट | 492.70 | 132.75 |
| प्रतिशत में | 0.63 | 0.55 |

सोना 1,58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,40,730 रुपये प्रति किलो

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2915, राज श्री 2130, फॉर्चून कि. 2565, रविन्द्रा 2840, फॉर्चुन 13kg 2245, जय जवान 2290, सचिन 2380, सूरज 2290, अवसर 2330, उजाला 2260, गृहणी 13 kg 2180, क्लासिक (kg) 2515, मोर 2515, चक्र टिन 2885, ब्लू 2450, आशीर्वाद मस्टर्ड 2730, स्वास्तिक 2870

**किराना**– निजामाबाद हल्दी 18500–20000, जीरा 24000–26000, लाल मिर्च 22000–25000, धनिया 17000–20000, अजवायान 17000–20000, मेथी 8000–9000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 900–1200, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 750–1150

**चावल**–( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6800, शर्बती स्टीम 6800, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10300, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11200, हरी पत्ति नेचुरल 10600, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11600, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10700, मंसूरी पनघट 4900,लाडली 4900

**दाल दलहन** –मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12000–13500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7150–7350 मलका दाल 7400–9400, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 9800–10800, मसूर दाल छोटी 10700–12000, दाल उड़द दिल्ली 12100, उड़द साबुत दिल्ली 11700, उड़द धोवा इंदौर 13100, उड़द धोवा 11400–12300,चना काला 7600, दाल चना 7650, दाल चना मोटी 8000, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 8400, चना अकोला 6700, डबरा 7500–8400, सच्चा मोती 8400, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8700, अरहर पटका मोटा 9400, अरहर कोरा मोटा 9600, अरहर पटका छोटा 11000–11800, अरहर कोरी छोटी 12400

**चीनी** – पीलीभीत 6000, द्वारकेश 5900,बरखेड़ा 5820, निगोई 6100

## बरेली सर्राफा

( प्रति 10 ग्राम ) गोल्ड ( पक्के जेवर ) 150500, गोल्ड ( गिन्नी जेवर ) 146500, सिल्वर ( पक्की ) 2335 ( अनुमानित )

## बिजनेस ब्रीफ

### निर्यात में मारुति के तीन मॉडल शीर्ष पर: सीईओ

**नई दिल्ली।** अग्रणी वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत से निर्यात किए गए शीर्ष तीन यात्री वाहन मॉडल उसके ही हैं। कंपनी ने बयान में कहा कि अप्रैल–जून तिमाही में भारत के यात्री वाहन निर्यात में कंपनी की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत से अधिक रही।

# युवाओं की अपेक्षाओं के अनुरूप सेवाएं दें सरकारी बैंक : सीतारमण

- चौबीसों घंटे उपलब्ध रहकर सरकारी बैंक बदलें अपनी छवि

नई दिल्ली, एजेंसी



पीएसबी कॉन्फ्लुएंस 2026 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण (बीच में) और अन्य लोग।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) से युवाओं, खासकर जेन जी की अपेक्षाओं के अनुरूप अपनी सेवाओं को सरल, सहज, व्यक्तिगत जरूरतों के अनुरूप और चौबीसों घंटे उपलब्ध बनाने को कहा। इसके साथ ही, सीतारमण ने पीएसबी से युवाओं के बीच अपनी सरकारी बैंक की छवि बदलने और उन्हें बैंकिंग के लिए पहली एवं सबसे भरोसेमंद पसंद बनाने पर भी जोर दिया।

वित्तमंत्री ने दो-दिवसीय पीएसबी कॉन्फ्लूएंस के समापन सत्र में कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को युवाओं से सीधे संवाद कर उनकी अपेक्षाओं को समझना चाहिए। साथ ही उन्होंने बैंकिंग में जरूरी सतर्कता और गंभीरता बनाए रखने पर जोर दिया। सीतारमण ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की अब भी 'सरकारी बैंक' वाली छवि है और युवा ग्राहक निजी बैंकों को अधिक आकर्षक मानते हैं। उन्होंने युवाओं के साथ हाल में हुई बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि कुछ युवाओं ने निजी बैंकों को खाता खोलने के लिए पसंदीदा बताया क्योंकि वे उन्हें कूल मानते हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को कूल और सतर्क बैंकिंग के बीच संतुलन बनाना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि बैंकों को युवाओं के शाखाओं में आने का इंतजार करने के बजाय सीधे उनके बीच जाना चाहिए। कॉलेज, विश्वविद्यालय, कौशल विकास संस्थान और अन्य परिसर बैंक खाता खोलने, वित्तीय जागरूकता और सीधे संवाद के लिए महत्वपूर्ण माध्यम बन सकते हैं। उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से दो अक्टूबर, 2026 से एक महीने का 'बैंकिंग फॉर यूथ' अभियान शुरू करने को कहा। इसमें 16 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### प्रतिस्पर्धात्मकता और नेतृत्व में बदलाव पर ध्यान दें

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने खुद को बदलने की क्षमता साबित की है और अब उन्हें अपनी संस्थागत मजबूती को बड़ी महत्वाकांक्षा, प्रतिस्पर्धात्मकता और नेतृत्व में बदलाव पर ध्यान देना चाहिए। बैंक और वित्तीय संस्थानों को 'विकसित भारत' के लक्ष्य को आकार देने, वित्तपोषित करने और उसे सक्षम बनाने में मदद करनी चाहिए। सार्वजनिक बैंकों के पास बड़ा ग्राहक आधार, व्यापक शाखा नेटवर्क, मजबूत संस्थागत अनुभव और बढ़ती डिजिटल क्षमताएं हैं। इन खूबियों को ऐसे कारोबार और ग्राहक वर्गों में मजबूत प्रतिस्पर्धी स्थिति में बदलना चाहिए, जहां बैंक नेतृत्व कर सकते हैं।

### युवाओं से जुड़ने के मंत्र

- युवा भारतीयों की पहली और सबसे भरोसेमंद पसंद बनें, चाहे वे अपना पहला खाता खोल रहे हों, पहली तनख्वाह पा रहे हों, उच्च शिक्षा हासिल कर रहे हों, उद्यम शुरू कर रहे हों या अपना पहला निवेश कर रहे हों।
- बैंकिंग सेवाओं के साथ जीवनशैली से जुड़े लाभ दें, जिनमें फिटनेस केंद्र, योग केंद्र और विश्वसनीय मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण मंचों के कूपन या वाउचर शामिल हो सकते हैं।
- शाखाओं में युवा कियोस्क या युवा बैंकिंग मित्र जैसे समर्पित केंद्र स्थापित करने का सुझाव दिया, जहां एक समर्पित कर्मचारी युवाओं को उनकी वित्तीय यात्रा में मार्गदर्शन दे सके।

## पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन योजना लेकर आई सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने घरों में पाइप के जरिये प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की पहुंच बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन योजना लाने की घोषणा की है।

आधिकारिक बयान के मुताबिक, एपीएम/एनएपीएम प्रोत्साहन योजना के तहत पात्र शहरी गैस वितरण (सीजीडी) कंपनियों को संबंधित भौगोलिक क्षेत्र के लिए तय सीमा से अधिक प्रत्येक नए बिल वाले घरेलू पीएनजी कनेक्शन पर 200 मानक घन मीटर (एससीएम) घरेलू स्तर पर उत्पादित कम कीमत वाली एपीएम गैस का अतिरिक्त आवंटन किया जाएगा। यह प्रोत्साहन योजना छह-छह महीने की दो किस्तों में लागू होगी। अतिरिक्त एपीएम गैस आवंटन से शहरी गैस वितरण कंपनियां अपने परिवहन क्षेत्र के सीएनजी परिचालन में इस्तेमाल होने वाली अपेक्षाकृत महंगी तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की जगह सस्ती गैस का इस्तेमाल कर सकेंगी।

इससे गैस खरीद की उनकी कुल लागत कम होगी। सरकार को होने वाली बचत से घरेलू पीएनजी विस्तार की आर्थिक व्यवहार्यता में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है। घरेलू पीएनजी कनेक्शन के लिए पूंजीगत व्यय की भरपाई की अवधि करीब 10 साल से घटकर लगभग तीन साल रह सकती है। इससे सीजीडी कंपनियों को गैस नेटवर्क और घरेलू कनेक्शन तेजी से बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

इसके अलावा, नए पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन प्रक्रिया आसान बनाने के मकसद से एक एकीकृत पीएनजी पंजीकरण पोर्टल विकसित किया जा रहा है।

# 5 साल में 10 लाख नए उद्यम 50 लाख नौकरियों का लक्ष्य

## स्टार्टअप्स जोड़ने की सिफारिश, राष्ट्रीय उद्यमिता मिशन का प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी



- पहली बार कारोबार शुरू करने वालों को एक ही प्लेटफॉर्म पर पूंजी, मार्गदर्शन और बाजार की सुविधा देने की तैयारी

एक नीतिगत सिफारिश में पहली बार उद्यम शुरू करने वाले संस्थापकों के लिए राष्ट्रीय उद्यमिता मिशन का प्रस्ताव रखा गया है। इसके तहत भारत की मौजूदा स्टार्टअप और उद्यम सहायता योजनाओं को एकल, समग्र प्रक्रिया से जोड़कर पांच वर्षों में 10 लाख उद्यम और 50 लाख तक नौकरियां सृजित करने का लक्ष्य है। शोध संस्थान द भारत प्रोजेक्ट ने सोमवार को जारी एक दस्तावेज में कहा कि भारत को किसी अन्य उद्यमिता योजना की आवश्यकता नहीं है, बल्कि मौजूदा योजनाओं, संस्थानों, पूंजी, ज्ञान और बाजारों को एक सतत उद्यमशीलता यात्रा में बदलने के लिए संपर्क बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है।

दस्तावेज के मुताबिक, भारत भले ही दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र है और उसने स्टार्टअप इंडिया सीड फंड तथा फंड ऑफ फंड्स से लेकर हाल ही में स्वीकृत एक लाख करोड़ रुपये के अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) कोष तक कई तरह के सहायक साधन तैयार किए हैं, लेकिन ये विभिन्न मंत्रालयों के तहत अलग-अलग कार्यक्रमों के रूप में काम करते हैं, जिससे संस्थापकों को अपनी यात्रा के प्रत्येक चरण में खुद ही रास्ते तलाशने पड़ते हैं।

दस्तावेज में डीपीआईआईटी, डीएसटी, अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) और केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की योजनाओं को एक डिजिटल केंद्र से जोड़ने की सिफारिश की गई है।

द भारत प्रोजेक्ट और योरस्टोरी मीडिया की संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रद्धा शर्मा ने कहा कि एक संस्थापक को जिस सहायता की आवश्यकता होती है, वह भारत में पहले से ही मौजूद है, और उसमें से अधिकांश विश्व स्तरीय है। कमी केवल उन्हें आपस में जोड़ने वाले तार की है और कोई भी संस्थापक को एक चरण से दूसरे चरण तक नहीं ले जाता है।

## रिश्तों का निवेश



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यामानाशी के गवर्नर कोटारो नागासाकी का जन्मदिन मनाया। बुधवार को नई दिल्ली में 'यूपी–जापान इन्वेस्टमेंट मीट–2026' का हाई–लेवल सीईओ राउंडटेबल सेशन होगा। ताज पैलेस में होने वाले इस कार्यक्रम में जापान के प्रमुख उद्योग समूहों के शीर्ष अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्र व प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री एवं अधिकारी निवेश की संभावनाओं पर मंथन करेंगे। ● अमृत विचार

# आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 6.8% रहने का अनुमान : इंडिया रेटिंग्स

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2026-27 में 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो पिछले वित्त वर्ष में 7.6 प्रतिशत थी। इंडिया रेटिंग एंड रिसर्च (इंड-रा) ने पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न अनिश्चितता, ईंधन एवं खाद्य महंगाई, कमजोर मुद्रा तथा कृषि पर अल नीनो के संभावित प्रभाव का हवाला देते हुए मंगलवार को भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान जारी किया।

वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6.8 प्रतिशत का जीडीपी वृद्धि अनुमान मई में इंडिया रेटिंग्स के पहले लगाए गए 6.7 प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा अधिक है। इस महीने की शुरुआत में आरबीआई ने मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था का हवाला देते हुए वृद्धि दर का अनुमान 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया था।

घरेलू रेटिंग एजेंसी ने अब वित्त वर्ष 2026-27 में कच्चे तेल की औसत कीमत 85 डॉलर प्रति बैरल रहने का अनुमान लगाया है, जबकि मई, 2026 में उसने 95 डॉलर प्रति बैरल का अनुमान लगाया था। एजेंसी को वित्त वर्ष 2026-27 में रुपये-डॉलर विनिमय दर औसतन 93.98 रुपये रहने की उम्मीद है, जो मई, 2026 के 94.28 रुपये के अनुमान से कम है। फिच समूह की अनुषंगी इंड-रा ने विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) (एफसीएनआर-बी) और विदेशी वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) के तहत 70 अरब डॉलर के पूंजी प्रवाह का अनुमान लगाया है।



- 2026-27 में 85 डॉलर प्रति बैरल रह सकती है कच्चे तेल की कीमत

इंडिया रेटिंग्स ने बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में वित्त वर्ष 2025-26 की तुलना में जीडीपी वृद्धि में कमी पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न अनिश्चितता, कमजोर मुद्रा और कृषि पर अल नीनो के संभावित प्रभाव से ईंधन तथा खाद्य महंगाई बढ़ने की वजह से होगी।


# कच्चे तेल के दाम चढ़ने से तीसरे दिन भी गिरा बाजार सेंसेक्स 493 अंक टूटा

मुंबई,एजेंसी

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट का सिलसिला जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 493 अंक टूटा, जबकि निफ्टी में लगातार छठे दिन गिरावट आई और यह 133 अंक और नीचे आ गया।

कच्चे तेल के दाम में तेजी और पश्चिम एशिया संकट के कूटनीतिक समाधान को लेकर उम्मीद कम होने के साथ निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 492.70 अंक यानी 0.63 प्रतिशत टूटकर 77,235.46 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार तीसरा दिन है जब सेंसेक्स में गिरावट आई है। इसी तरह, 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी में लगातार छठे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और यह 132.75 अंक यानी 0.55 प्रतिशत फिसलकर 24,154.90 अंक पर बंद हुआ।

मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.46 प्रतिशत नीचे आया जबकि स्मॉलकैप सेलेक्ट 0.24 प्रतिशत चढ़ा। क्षेत्रवार सूचकांकों में फोकस्ड आईटी में सबसे अधिक 1.84% की गिरावट रही। इसके बाद आईटेक्नोलॉजी रियल्टी में 1.28%, पीएसयू बैंक में 1.04%, टिकाऊ उपभोक्ता में 0.81%, एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों) में 0.67 प्रतिशत तथा धातु और पूंजीगत वस्तुओं में 0.47-0.47 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।




**नुकसान में रहे शेयर :** सेंसेक्स शेयरों में एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

**लाभ में रहे शेयर :** एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज

# सीएसएएम पर सरकार सख्त, मेटा ने बढ़ाई निगरानी

नई दिल्ली, एजेंसी



- सरकार ने कहा- बाल यौन शोषण सामग्री कानून का साफ उल्लंघन, सेफ हार्बर का लाभ नहीं
- व्हाट्सएप यूजरनेम फीचर पर भी जांच, एआई कंटेंट पर लेबल जरूरी

अमेरिकी कंपनी मेटा के साथ सरकार की बातचीत के बाद बाल यौन शोषण सामग्री (सीएसएएम) के मुद्दे पर कार्रवाई में तेजी और संवेदनशीलता बढ़ी है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि केंद्र ने स्पष्ट कर दिया है कि ऐसी सामग्री कानून का स्पष्ट उल्लंघन है और इस तरह का उल्लंघन होने पर सेफ हार्बर का संरक्षण नहीं मिलेगा।

सूत्रों ने बताया कि सरकार का मकसद सेंसरशिप या किसी भी तरह से कवरेज को सीमित करना नहीं है, बल्कि भारतीय कानूनों तथा नियमों का पालन सुनिश्चित करना और सोशल मीडिया से होने वाले नुकसान को कम करना है। उन्होंने कहा कि संदेश पहुंच गया है।

आईटी मंत्रालय के अधिकारी ने आगे कहा कि मेटा ने सीएसएएम पर बढ़ी हुई संवेदनशीलता और सावधानी दिखाई है और हालिया चर्चाओं के बाद सरकार को कंपनी द्वारा कुछ कार्रवाई होती दिख रही है। सूत्रों ने इस प्रतिक्रिया को महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय बताया।

मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि बातचीत के दौरान मेटा ने बताया कि उसके एल्गोरिदम और प्रणालियां कैसे काम करती हैं। उन्होंने कहा कि बातचीत जारी है और ऐसे मामलों में निर्णय लेने तथा बदलाव करने की जरूरत होती है। उन्होंने आगे जोड़ा कि ऐसा लगता है कि संदेश सही जगह पहुंच गया है, क्योंकि ऐसी सामग्री अब तक दोबारा सामने नहीं आई है और कंपनी इस मोर्चे पर अधिक सतर्क है।

### क्या है सेफ हार्बर

सेफ हार्बर, एक कानूनी प्रावधान है जो इंटरनेट मध्यस्थों तथा सोशल मीडिया मंचों को उपयोगकर्ताओं द्वारा पोस्ट की गई सामग्री के लिए कानूनी जिम्मेदारी या मुकदमों से बचाता है।

व्हाट्सऐप यूजरनेम विवाद पर सूत्रों ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है, क्योंकि यह केवल उस मंच से जुड़ा मुद्दा नहीं है, बल्कि अन्य संदेश ऐप भी इससे जुड़े हैं।

उल्लेखनीय है कि व्हाट्सऐप का प्रस्तावित यूजरनेम फीचर उपयोगकर्ताओं को फोन नंबर साझा किए बिना संवाद करने की अनुमति देगा और अब यह सरकारी जांच के दायरे में है। चिंताएं जताई गई थीं कि इससे ऑनलाइन धोखाधड़ी के जोखिम बढ़ सकते हैं।

आईटी मंत्रालय ने मेटा से कहा था कि जब तक केंद्र की संतुष्टि के अनुसार विचार-विमर्श पूरा न हो जाए, तब तक भारत में यह फीचर पेश न किया जाए। सूत्रों ने बताया कि सोशल मीडिया से होने वाले नुकसान को लेकर चिंता केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और फ्रांस समेत अन्य देश भी इससे चिंतित हैं। सोशल मीडिया से होने वाले नुकसान से निपटने और सही संतुलन कायम करने की जिम्मेदारी मंचों की है।


एआई लेबलिंग पर मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि कानून स्पष्ट है कि कृत्रिम रूप से तैयार सामग्री पर लेबल लगाना अनिवार्य है और इसकी जिम्मेदारी तीन स्तर पर है, जिनमें मंच भी शामिल हैं। कहा कि मंचों को इसके अनुरूप नियमों का पालन करना होगा। अमेरिकी कंपनी मेटा फेसबुक, व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों का संचालन करती है।

**रिपोर्ट** इंडीड की ओर से वैल्यूवॉक्स द्वारा मई और जून, 2026 में किया गया सर्वेक्षण

# पेशेवरों को पद के अनुसार नहीं मिलता वेतन

- 1,211 नियोक्ताओं और 2,533 कर्मचारियों से मिले सुझावों पर आधारित है इंडीड की यह रिपोर्ट

मुंबई,एजेंसी



भारत में पेशेवरों का एक बड़ा तबका यह महसूस करता है कि उनके पदनाम और वेतन के बीच तालमेल की कमी है, जो कार्यस्थलों पर पहचान और मिलने वाले प्रतिफल के बीच बढ़ते अंतर को उजागर करता है। एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह बात कही गई।

इंडीड की तिमाही भर्ती निगरानी रिपोर्ट के अनुसार, प्रत्येक 10 में लगभग छह पेशेवरों ने कहा कि उनका पदनाम उनके वेतन को नहीं दर्शाता है। यह रिपोर्ट देश के 1,211 नियोक्ताओं और 2,533 कर्मचारियों से मिले सुझावों पर आधारित है।

इसमें कहा गया कि साक्षात्कार में शामिल लगभग 80 प्रतिशत कर्मचारियों का मानना था कि उद्योगों में बढ़ा-चढ़ाकर पदनाम देना आम बात हो गई है और उन्होंने अपने सहकर्मियों को वेतन में बिना किसी समान वृद्धि के अधिक वरिष्ठ लगने वाले पदनाम पाते देखा है।

इंडीड इंडिया के प्रबंध निदेशक शशि कुमार ने कहा कि पदनाम हमेशा एक पेशेवर की पहचान रहा है। पदनाम सार्थक बने रहते हैं क्योंकि वे अवसर और क्षमता का संकेत देते हैं, लेकिन वे तब अधिक प्रभावी होते हैं जब वे वास्तविक करियर प्रगति को दर्शाते हैं।

यह रिपोर्ट इंडीड की ओर से वैल्यूवॉक्स द्वारा मई और जून, 2026 में किए गए एक सर्वेक्षण पर आधारित है।

रिपोर्ट से पता चलता है कि पिछले दो वर्षों में पदनाम में बदलाव पाने वाले लगभग तीन में से एक कर्मचारी ने कहा कि यह या तो बिना किसी वेतन वृद्धि के या फिर पांच प्रतिशत से भी कम की वेतन वृद्धि के साथ मिला। साथ ही 52 प्रतिशत पेशेवरों ने कहा कि वे किसी नए अवसर पर विचार करते समय बेहतर पदनाम के बजाय अधिक वेतन चुनेंगे।

## कोरम पूरा न होने से टाटा संस की एजीएम स्थगित

**मुंबई।** नमक से लेकर सॉफ्टवेयर तक के कारोबार में सक्रिय टाटा समूह की मूल कंपनी टाटा संस की मंगलवार को होने वाली अहम वार्षिक आम बैठक (एजीएम) कोरम पूरा नहीं होने के कारण स्थगित करनी पड़ी। सूत्रों ने कहा कि सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट (एसडीटीटी) और सर रतन टाटा ट्रस्ट (एसआरटीटी) इस बैठक में शामिल नहीं हो सके।

दोनों ट्रस्ट मिलकर टाटा संस में एक प्रतिनिधि नामित करते हैं। सूत्रों के मुताबिक, एजीएम के लिए जरूरी न्यूनतम संख्या में सदस्य मौजूद नहीं होने के कारण बैठक स्थगित करनी पड़ी। टाटा ट्रस्ट्स के पास टाटा संस की करीब दो-तिहाई हिस्सेदारी है। महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर के आदेश के कारण एसआरटीटी पर कुछ प्रतिबंध लगे हुए हैं। चैरिटी कमिश्नर ने इस ट्रस्ट को कोई बड़ा निर्णय लेने या बैठक करने से बचने को कहा है।

# नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य हासिल करने को ब्रिक्स देशों में सहयोग जरूरी

नई दिल्ली,एजेंसी



- स्वच्छ औद्योगिक विकास के दुनिया के तीन प्रमुख केंद्रों में शामिल हो गया है भारत

नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अत्याधुनिक ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकियों, मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं और महत्वपूर्ण खनिजों तक समय पर पहुंच के लिए सहयोग जरूरी है। उद्योग संगठन आईईएसए ने मंगलवार को ब्रिक्स देशों से यह बात कही।

इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) ने एक ऑनलाइन कार्यक्रम में तकनीकी समन्वय की जिम्मेदारी संभाली। इसमें ब्राजील, रूस, यूएई और ब्रिक्स के अन्य सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बिजली मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन्नत ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकियों पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाकर और मजबूत स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाएं विकसित कर भारत के स्वच्छ ऊर्जा बदलाव को गति देना है।

एक बयान के अनुसार, आईईएसए ने ब्राजील, रूस और यूएई समेत ब्रिक्स देशों से ऊर्जा सहयोग और खनिज सुरक्षा मजबूत करने का आग्रह किया। संगठन ने भारत सरकार को भी इस संबंध में सुझाव दिए हैं। भारत में स्वच्छ उद्योगों में निवेश की संभावित परियोजनाओं का आकार 433 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

इसके साथ भारत स्वच्छ औद्योगिक विकास के दुनिया के तीन प्रमुख केंद्रों में शामिल हो गया है। आईईएसए के अध्यक्ष देबमल्य सेन ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा का एकीकरण बढ़ने के साथ ऊर्जा भंडारण अब बिजली ग्रिड में मजबूती के लिए जरूरी हो गया है। भारत में ऊर्जा भंडारण की परियोजनाओं की पाइपलाइन 100 गीगावाट के पार पहुंच गई है, जिसमें करीब 10 गीगावाट क्षमता चालू हो चुकी है। हालांकि, देश खनिजों और प्रमुख कलपुर्जों के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर है।

अमृत विचार

बरेली, बुधवार, 19 अगस्त 2026



## न्यूज ब्रीफ

### 121 टोल प्लाजा पर डिजिटल फास्ट टैग लोकल पास सुविधा

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देशभर के 121 टोल प्लाजा पर ऑनलाइन फास्ट टैग लोकल पास की सुविधा शुरू कर दी है जिसकी ऑनलाइन खरीद के लिए 'राजमार्गयात्रा' मोबाइल एप का इस्तेमाल किया जा सकता है। एनएचएआई ने मंगलवार को बताया कि संबंधित टोल प्लाजा से 20 किमी के दायरे में रहने वाले लोग इस सुविधा के लिए आवेदन कर सकते हैं। यानी जिन लोगों के वाहन का पंजीकृत आवासीय पता संबंधित टोल प्लाजा से 20 किमी के भीतर है, वे पात्र होने पर एक महीने में उस टोल प्लाजा से असीमित यात्रा के लिए लोकल पास ऑनलाइन खरीद सकेंगे। इसके लिए उन्हें टोल प्लाजा पर जाकर दस्तावेज जमा करने की जरूरत नहीं होगी।

### एप के जरिए वोटर लिस्ट से नाम हटा रही है भाजपा: पवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के विधायक रोहित पवार ने सत्ताधारी भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि एसआईआर की आड़ में वोटर लिस्ट में हेरफेर करने और विपक्ष के मतदाताओं के नाम हटाने के लिए एक खास मोबाइल एप का व्यवस्थित रूप से इस्तेमाल किया जा रहा है। पवार ने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ता राजनीतिक झुकाव के आधार पर मतदाताओं की प्रोफाइल बनाने के लिए एक खास एप का इस्तेमाल कर रहे हैं। पवार ने चेतावनी दी कि पूरे महाराष्ट्र में 25 लाख तक मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस विजन को पूरा करने की सोची-समझी चाल है, जिसके तहत 2029 तक गठबंधन की बैसाखियों की जरूरत को खत्म करना है।

### तमिलनाडु : तीसरे बच्चे के जन्म पर 365 दिनों का मातृत्व अवकाश

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने मंगलवार को घोषणा की कि उसकी महिला कर्मचारियों को तीसरे बच्चे के जन्म पर भी 365 दिन का मातृत्व अवकाश मिलेगा। अभी, जिन शादीशुदा महिला सरकारी कर्मचारियों के दो से कम जीवित बच्चे हैं, उन्हें 365 दिन का मातृत्व अवकाश मिलता है, जबकि जिनके दो या उससे ज्यादा जीवित बच्चे हैं, उन्हें 12 हफ्ते तक मातृत्व अवकाश मिलता है। मानव संसाधन प्रबंधन मंत्री डी. सरथकुमार ने विधानसभा में कहा, तमिलनाडु में महिला सशक्तीकरण के लिए महिला सरकारी कर्मचारियों को तीसरे बच्चे के लिए अभी मिलने वाला मातृत्व अवकाश को 12 हफ़्ते से बढ़ाकर 365 दिन कर दिया जाएगा।

# केंद्र सरकार पर वादों से पलटने का आरोप कॉजपा ने दी देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

## कहा- सुप्रीम कोर्ट ने प्राथमिकियां रद्द करने को तीन बार मांगी सूची, केंद्र के वकील ने नहीं भरी हामी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सुप्रीम कोर्ट परिसर में मीडिया से रूबरू सौरव दास और रत्ना सिंह।

- जान देने वाले नीट अभ्यर्थियों के परिजनों को मुआवजा देने का वादा भी पूरा नहीं
- कहा- नड्डा और जितेंद्र सिंह ने आश्वासन देकर खत्म कराया था आंदोलन

कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) ने केंद्र पर आरोप लगाया है कि वह छात्रों और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों को रद्द करने की सुप्रीम कोर्ट की कोशिशों को बाधित कर रही है। कॉजपा ने चेतावनी दी कि अगर सरकार अपने वादों को पूरा करने के लिए तुरंत ठोस कदम नहीं उठाती है तो देशव्यापी आंदोलन शुरू करने के मुद्दे पर फैसला करने के लिए वह दो दिनों के भीतर अपनी राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक बुलाएगी।

सुप्रीम कोर्ट परिसर के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में कॉजपा के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि सरकार की ओर से सभी प्राथमिकी वापस लेने, प्रदर्शनकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई न करने और प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने का वादा करने के बाद संगठन ने 25 जुलाई को अपना देशव्यापी आंदोलन वापस लिया था। दास ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से देश भर में छात्रों और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी की सूची मांगी थी, ताकि वह अनुच्छेद 142 के तहत प्राप्त शक्तियों का इस्तेमाल करके उन्हें एक ही बार में रद्द करने पर विचार कर सके। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र के वकील ने सूची देने का वादा नहीं किया, उल्टे इस कदम का विरोध किया। दास ने कहा कि कॉजपा की आगे की रणनीति पूरी तरह इस बात पर निर्भर करेगी कि केंद्र सरकार अब क्या करने का फैसला करती है।

सौरव ने बताया कि 20 जुलाई को दिल्ली में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता छात्रों ने अपनी वकील वृंदा ग्रोवर के माध्यम से शीर्ष अदालत से अनुच्छेद-142 का इस्तेमाल करते हुए देशभर में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने का आग्रह किया। सौरव के मुताबिक, वृंदा ग्रोवर ने अदालत से कहा कि केंद्र को ऐसे कदम पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए, क्योंकि केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह समेत केंद्र के प्रतिनिधियों ने 25 जुलाई को प्रदर्शनकारियों की मांगों को मान लिया था, जिसके बाद आंदोलन खत्म कर दिया गया था। दास ने कहा, इसके बावजूद सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को यह भरोसा नहीं दिलाया कि वह प्राथमिकी की सूची उपलब्ध कराएगी, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से तीन बार कहा कि आपको यह सूची देनी चाहिए, तभी हम प्राथमिकी रद्द करेंगे।

मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में उन याचिकाओं पर सुनवाई हुई, जिनमें कॉजपा के नेतृत्व में हुए छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस पर प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बर्बर कार्रवाई करने के आरोप लगाए गए हैं। इस आंदोलन के दौरान पुलिसकर्मियों के खिलाफ हिंसा के आरोप वाली याचिकाओं पर भी सुनवाई हुई।

### उच्चाधिकार प्राप्त समिति में हमारे सदस्य भी हों

कॉजपा के कानूनी मामलों की प्रमुख रत्ना सिंह ने प्रस्तावित उच्चाधिकार प्राप्त समिति के बारे में कहा कि कॉजपा चाहेगी कि इसमें उसके सदस्य शामिल किए जाएं। उन्होंने समिति में स्वतंत्र सदस्य शामिल करने जोर दिया। रत्ना ने कहा, हमें भरोसा है कि उच्चाधिकार प्राप्त समिति समाधान जरूर तलाश लेगी, बशर्ते वह स्वतंत्र हो। लेकिन हम यह भी चाहते हैं कि कॉजपा के सदस्यों को इसका हिस्सा बनाया जाए।

### सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया तो सरकार के लिए अच्छा नहीं होगा

सौरव ने दावा किया कि सरकार ने नीट पेपर लीक की घटना के बाद आत्महत्या करने वाले अभ्यर्थियों के परिजन को मुआवजे के संबंध में दिए आश्वासन को भी पूरा नहीं किया है, न ही कॉजपा के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें की हैं। सौरव ने कहा, आपने मुआवजे और प्राथमिकियों के संबंध में जो वादे किए थे, उन्हें आप पूरा नहीं कर रहे हैं। आपने पूरे देश के साथ धोखा किया है। अगर देश के युवाओं को फिर सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया गया तो इस बार यह सरकार के लिए ठीक नहीं होगा। आरोप लगाया कि शहरी नक्सली और दिमागी नक्सली जैसे ठप्पे युवाओं को बदनाम करने के लिए गढ़े गए हैं। संगठन के सदस्य देशव्यापी दौरा शुरू करने जा रहे हैं और वे सरकार की प्रतिक्रिया के आधार पर आगे की रणनीति तय करेंगे।

# मायावती का भी इंडिया गठबंधन में स्वागत, कांग्रेस की मदद के बिना मुख्यमंत्री नहीं बन सकते अखिलेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने साक्षात्कार में किया दावा

कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे के मामले में सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस की मदद के बिना समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव कभी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। गौतम ने बसपा प्रमुख मायावती से इंडिया गठबंधन में शामिल होकर विपक्षी एकजुटता को मजबूत करने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें समझना चाहिए कि देश और संविधान से बढ़कर कुछ नहीं है।

गौतम ने एक साक्षात्कार में कहा कि बसपा, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) समेत उन सभी दलों का गठबंधन में स्वागत है जो लोग संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय में विश्वास रखते हैं तथा तानाशाही से मुक्ति चाहते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या अखिलेश यादव बसपा के साथ गठबंधन के लिए तैयार होंगे, गौतम ने कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई आज इतना बड़ा जोखिम लेगा कि इंडिया गठबंधन मजबूती के खिलाफ जाए। कांग्रेस और सपा के बीच सीट बंटवारे को लेकर बातचीत के सवाल पर गौतम ने कहा कि चर्चा अभी शुरू होनी है और उनकी प्राथमिकता है कि 15 सितंबर के आसपास तक सीट बंटवारा हो जाए तथा अक्टूबर तक टिकट भी तय कर दिए जाएं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन में सभी घटक दलों के बीच मिलकर चुनाव लड़ने को लेकर आम सहमति है।

गौतम ने कहा, सीट बंटवारे का अंतिम फैसला शीर्ष नेताओं के स्तर पर बातचीत के बाद होगा, लेकिन मेरा कहना है कि यह समझौता आपसी विश्वास और सम्मान पर आधारित होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर अखिलेश यादव ही मुख्यमंत्री होंगे, गौतम ने कहा, अभी तो हम लोग यही कह रहे हैं कि अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाना चाह रहे हैं, अब जल्दी से चीजों को फाइनल करें।

### छोटे दलों को भी साथ लाने की कर रहे हैं कोशिश

गौतम ने कहा कि कांग्रेस छोटे और नए दलों को भी साथ लाने की कोशिश कर रही है और इस संबंध में उनकी कई दलों से बातचीत चल रही है। अखिलेश यादव के साथ बैठक में इन पर आगे चर्चा की जाएगी। गौतम ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में दलित, अति-पिछड़ा, पिछड़ा वर्ग, किसान, मजदूर, छात्र और युवा राहुल गांधी की ओर उम्मीद से देख रहे हैं। कांग्रेस अकेली पार्टी है जो जाति-धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर आइडिया ऑफ इंडिया की बात करती है।

# सावरकर के नाती ने गोडसे को आरएसएस कार्यकर्ता बताया

**मुंबई, एजेंसी**

- महाराष्ट्र कांग्रेस ने मांगा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से स्पष्टीकरण

वीडी सावरकर के नाती सात्यकि सावरकर की ओर से अदालत में दिए गए एक बयान में महात्मा गांधी की हत्या करने वाले नाथूराम गोडसे को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का सक्रिय सदस्य बता दिया। कांग्रेस ने इसको लेकर संघ से स्पष्टीकरण मांगा है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत पर सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के एक सवाल के जवाब में सात्यकि सावरकर ने कहा था कि उनके नाना नाथूराम गोडसे और उसके भाई गोपाल गोडसे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के ''सक्रिय कार्यकर्ता थे। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रवक्ता सचिन सावंत ने एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि जनवरी 1948 में महात्मा गांधी की हत्या के बाद से आरएसएस लगातार यह कहता रहा है कि गोडसे बंधुओं का संगठन से कोई संबंध नहीं था। सावंत ने कहा, अब इस खुलासे के बाद आरएसएस को जवाब देना चाहिए, क्या उसने लोगों से झूठ बोला था। उन्होंने 11 सितंबर, 1948 को तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा आरएसएस प्रमुख एम एस गोलवलकर को लिखे पत्र का भी हवाला दिया। सावंत ने कहा कि पटेल ने पत्र में लिखा था कि गांधी की हत्या के बाद आरएसएस के सदस्यों ने खुशी जाहिर की और मिठाइयां बांटीं, जिसके बाद संगठन के खिलाफ विरोध बढ़ गया था।

# कांग्रेस वोट बैंक की राजनीति के लिए कर रही राष्ट्रगीत का अपमान: भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- रविशंकर ने कहा- अपनी ही परंपराओं से समझौता कर रही है मुख्य विपक्षी पार्टी



भाजपा ने मंगलवार को कहा कि गोवा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मौजूदगी वाले एक कार्यक्रम में वंदे मातरम् के केवल दो अंतरे गाए गए। कहा, पार्टी वोट बैंक की राजनीति के कारण अपनी ही परंपराओं से समझौता कर रही है।

खरगे सोमवार को गोवा के वेरना में बूथ कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में शामिल हुए थे, जहां वंदे मातरम् के केवल दो अंतरे गाए गए थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगर कांग्रेस राष्ट्रगीत का सम्मान नहीं करना चाहती तो उसे स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत पर एकाधिकार का दावा करना बंद कर देना चाहिए। प्रसाद ने आरोप लगाया कि वंदे मातरम् के केवल दो अंतरे गाने का कांग्रेस का फैसला 1930 के दशक में मुस्लिम लीग के दबाव से जुड़ा है।

उन्होंने राष्ट्रीय गौरव अपमान रोकथाम अधिनियम, 1971 का भी जिक्र किया और कहा कि बाद में इस कानून में संशोधन करके वंदे मातरम् को भी संरक्षण दिया गया। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय गौरव अपमान रोकथाम अधिनियम 1971 में बनाया गया था जब कांग्रेस सत्ता में थी और इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं। उन्होंने कहा, अब इस कानून में संशोधन करके वंदे मातरम् को भी शामिल किया गया है। अगर कोई इसका मजाक उड़ाता या अपमान करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। प्रसाद ने आरोप लगाया कि कांग्रेस वोट बैंक के कारण अपनी ही परंपराओं को छोड़ रही है।

# वही वंदे मातरम् गाया जो गांधी, पटेल और अटल बिहारी ने गाया था : खरगे

**पणजी, एजेंसी**

- कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- केंद्र सरकार इन नेताओं के खिलाफ भी दर्ज कराए केस



राष्ट्रगीत वंदे मातरम् अधूरा गाने का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने वही अंतरा गाया, जो महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जैसे राष्ट्रीय नेताओं ने गाया था।

दक्षिण गोवा में संवाददाताओं से बात करते हुए खरगे ने यह बात कही। सत्तारूढ़ भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष ने सोमवार को दक्षिण गोवा में अपनी जनसभा के दौरान राष्ट्र गीत अधूरा गाया, और विपक्षी पार्टी पर राष्ट्र गीत का अपमान करने का आरोप लगाया। इस विवाद पर बात करते हुए खरगे ने कहा कि मैंने वही वंदे मातरम् गाया, जिसे महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू ने गाया था... वही गीत जिसे वल्लभभाई पटेल और अटल बिहारी वाजपेयी ने भी गाया था। अगर यह अपराध है, तो गांधीजी, नेहरू और वल्लभभाई पटेल के खिलाफ भी मामले दर्ज कीजिए। खरगे ने कहा कि भाजपा को राष्ट्र गीत और राष्ट्र गान को लेकर कांग्रेस द्वारा लिए गए ऐतिहासिक फैसलों की जानकारी नहीं है।

**शिंदे के सामने के सरकारी कार्यक्रम में बजा गैरकानूनी संस्करण:** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में ठाणे में एक सरकारी कार्यक्रम में उस समय असहज स्थिति पैदा हो गई, जब राष्ट्रीय गीत के आधिकारिक संस्करण के बजाय लता मंगेशकर द्वारा गाया गया वंदे मातरम् गीत बजा दिया गया। सोमवार शाम हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

# भ्रष्टाचार-मुक्त भर्ती परीक्षाओं के लिए दूसरे चरण का आंदोलन शुरू करेंगे: महतो

**रांची, एजेंसी**



- जेएलकेएम नेता ने कहा-भूख हड़ताल खत्म की है आंदोलन नहीं
- सरकार गारंटी दे कि भविष्य में परीक्षाओं में नहीं होगा पेपर लीक

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के नेता देवेंद्र महतो ने मंगलवार को घोषणा की कि वह जेपीएससी और जेएसएससी के जरिए भ्रष्टाचार-मुक्त भर्ती के लिए जल्द ही आंदोलन का दूसरा चरण शुरू करेंगे।

महतो ने कथित अनियमितताओं के कारण झारखंड सरकार द्वारा भर्ती परीक्षाएं रद्द किए जाने के बाद सोमवार रात 16 दिन की अपनी भूख हड़ताल खत्म की। महतो ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मैंने भूख हड़ताल खत्म की है, आंदोलन नहीं। यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक सरकार यह गारंटी नहीं देती कि भविष्य में भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक या किसी भी तरह की अनियमितता नहीं होगी।

हम जल्द ही जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में भ्रष्टाचार मुक्त भर्ती की मांग को लेकर आंदोलन के दूसरे चरण की शुरुआत करेंगे।

आंदोलन का दूसरा चरण महतो के नेतृत्व वाले जेपीएससी-जेएसएससी अभ्यर्थी रिफॉर्म मंच के बैनर तले शुरू किया जाएगा।

बता दें कि सोलह दिन से भूख हड़ताल पर बैठे महतो ने सोमवार आधी रात के करीब अपना अनशन समाप्त किया। यह फैसला राज्य सरकार द्वारा 2014 से एक आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से आयोजित जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा समेत सभी भर्ती परीक्षाओं को रद्द किए जाने के बाद लिया गया।

### सुधारों के लिए निगरानी समिति के गठन की मांग

महतो ने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि सुधारों के लिए एक निगरानी समिति का गठन किया जाए। हमने केवल वित्तीय ऑडिट ही नहीं, बल्कि संपूर्ण ऑडिट की भी मांग की है। भर्ती प्रक्रिया के हर चरण का ऑडिट होना चाहिए। उन्होंने सरकार से यह भी आग्रह किया कि भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक और अनियमितताओं जैसी घटनाओं को रोकने के लिए जरूरत पड़े तो कानून बनाया जाए।

# कांग्रेस का आरोप- प्रधानमंत्री ने यू-टर्न लेकर दफन किया जाति जनगणना का विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जाति जनगणना को लेकर एक बार फिर यू-टर्न लिया है और अब बिना कुछ कहे जाति जनगणना के विचार को दफन कर दिया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने तंज कसते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री यू-टर्न के उस्ताद हैं।

रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार ने 21 सितंबर, 2021 को उच्चतम न्यायालय में दाखिल हलफनामे में जाति जनगणना की मांग को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया था।

उनके मुताबिक, हलफनामे के पैरा 12(डी) में कहा गया था कि 2011 की जनगणना से पहले जातियों का कोई रजिस्टर तैयार नहीं किया गया था और यह बेहतर होता कि जातियों के रजिस्टर में चयन के लिए ड्रॉपडाउन मेन्यू दिया गया होता, जिससे लगातार और भरोसेमंद आंकड़े उपलब्ध हो सकते। कांग्रेस महासचिव ने सवाल किया कि जब केंद्र सरकार ने खुद 2021 में इस तरह की व्यवस्था की जरूरत बताई थी, तो 2027 की जनगणना में ऐसा ड्रॉपडाउन मेन्यू क्यों नहीं है।

जनगणना के डिजिटल फॉर्म में ड्रॉपडाउन मेन्यू विकल्पों की एक छिपी हुई सूची होती है। किसी खाने पर क्लिक करने पर राज्यों, भाषाओं या तय श्रेणियों जैसे विकल्प नीचे की ओर खुलते हैं, जिनमें से एक को चुनना होता है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि बिहार और तेलंगाना में हुए जाति सर्वेक्षणों से पहले इस तरह का मेन्यू तैयार किया गया था।

# पीएम केयर्स : घरेलू चंदा 30 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- वित्त वर्ष 2024-25 में घटकर 479 करोड़ रुपये हुआ, विदेशी चंदा भी 18 प्रतिशत घटा

वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान पीएम केयर्स को मिलने वाले घरेलू चंदे में 30 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 479 करोड़ रुपये रह गया। विदेशी चंदा भी 18 प्रतिशत गिरावट के साथ सिर्फ 92.8 लाख रुपये रह गया। पीएम केयर्स फंड की ऑडिट रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।

वित्त वर्ष 2023-24 में पीएम केयर्स कोष को मिला घरेलू चंदा 681.8 करोड़ रुपये था, कुल 1.13 करोड़ रुपये का विदेशी चंदा मिला था। पीएम केयर्स की ऑडिट रिपोर्ट से पता चलता है कि स्वैच्छिक घरेलू चंदा 2020-21 में सबसे ज़्यादा 7,184 करोड़ रुपये था, जो 2021-22 में घटकर 1,896 करोड़ रुपये हो गया और 2022-23 में और अधिक घटकर 909 करोड़ रुपये रह गया। रिपोर्ट के अनुसार, विदेशी चंदे में तेजी से गिरावट आई है। वित्त वर्ष 2020-21 में यह 495 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर था, लेकिन अगले दो वर्षों में गिरकर क्रमशः 40 करोड़ रुपये और 2.57 करोड़ रुपये रह गया। अब विदेशी योगदान 92.8 लाख रुपये है, जो 2019-20 के पहले वर्ष में दर्ज 39.7 लाख रुपये के बाद दूसरा सबसे निचला स्तर है। मोदी सरकार ने पीएम केयर्स फंड की स्थापना किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति से निपटने और प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की थी। इसे एक सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट के रूप में पंजीकृत किया गया था। प्रधानमंत्री इसके पदेन अध्यक्ष होते हैं। यह कोष पूरी तरह स्वैच्छिक चंदे से चलता है।

### 2023-24 में 15.6 करोड़ खर्च 24-25 में सिर्फ 87.8 लाख

इस कोष ने 2024-25 के दौरान 'पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन स्कीम' पर 87 .8 लाख रुपये खर्च किये हैं, जो इससे एक साल पहले के 15 .37 करोड़ रुपये के मुकाबले काफी कम है। वर्ष 2024-25 के दौरान कुल भुगतान 87 .85 लाख रुपये था, जबकि उससे पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 15 .6 करोड़ रुपये का था।

### पिछले साल तक जमा थे 8,452 करोड़ रुपये

पीएम केयर्स फंड में 31 मार्च 2025 को कुल 8,452 करोड़ रुपये थे, जबकि एक साल पहले यह राशि 7,173 करोड़ रुपये थी। रिपोर्ट के अनुसार, इसमें से 7,846 करोड़ रुपये सावधि जमा और 605 करोड़ रुपये बचत खाते में रखे गए थे।

# स्कूली बच्चों के आधार में दो करोड़ अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट पूरे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने स्कूली बच्चों के आधार कार्ड में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) के लिए चलाये जा रहे राष्ट्रव्यापी मिशन-मोड अभियान के तहत देशभर में स्कूली बच्चों के दो करोड़ से अधिक अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट पूरे किये हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय ने मुगलवार को बताया कि इस अभियान में अब तक करीब 1.56 लाख स्कूल शामिल हो चुके हैं। यूआईडीएआई ने यह अभियान सितंबर 2025 में शुरू किया था। इसके तहत बच्चों को उनके स्कूलों में ही विशेष शिविरों के माध्यम से आधार बायोमेट्रिक अपडेट की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।

यूआईडीएआई ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के शिक्षा विभागों के साथ समन्वय करते हुए इस सेवा को बच्चों तक सीधे पहुंचाने की व्यवस्था की है, जिससे करोड़ों विद्यार्थियों के लिए आधार अपडेट की प्रक्रिया आसान हुई है। इस पहल को यूआईडीएआई के शिक्षा मंत्रालय के यूडीआईएसई के साथ तकनीकी एकीकरण से भी मदद मिली है।

# नायर पंजाब रेजिमेंट के नए कर्नल ऑफ द रेजिमेंट बने

**रामगढ़, एजेंसी।** झारखंड के पंजाब रेजिमेंटल सेंटर, रामगढ़ में 18 अगस्त को आयोजित समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, जीओसी-इन-सी, सेंट्रल कमांड एवं पंजाब रेजिमेंट के कर्नल ने 'कर्नल ऑफ द रेजिमेंट' की बैटन लेफ्टिनेंट जनरल विजय बी. नायर, कमांडेंट द इन्फैंट्री स्कूल, महू को सौंप दी। इसके साथ ही लेफ्टिनेंट जनरल नायर ने पंजाब रेजिमेंट के कर्नल ऑफ द रेजिमेंट का पदभार ग्रहण किया। बैटन को सम्मान, उत्तरदायित्व और रेजिमेंटल गौरव का प्रतीक बताया गया।

**अंतिम सुनवाई** | उद्धव गुट ने शीर्ष अदालत से की अपील, निर्वाचन आयोग और विधानसभा अध्यक्ष का फैसला गलत ठहराया

# शिवसेना के भविष्य से पहले हो अयोग्यता याचिका पर फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी**



शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि निर्वाचन आयोग को यह तय करने से पहले कि कौन सा गुट मूल शिवसेना है, उन विधायकों को अयोग्य ठहराने की कार्यवाही पर फैसला करना चाहिए, जो उद्धव गुट छोड़कर चले गए। उद्धव गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सीजेआई सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष ये दलीलें रखीं।

यह पीठ उद्धव गुट की उन याचिकाओं पर छठे दिन आखिरी दलीलें सुन रही थी, जिनमें निर्वाचन आयोग के उस फैसले को चुनौती दी गई थी जिसके तहत एकनाथ शिंदे गुट को असली शिवसेना माना गया और पार्टी का मूल नाम और चुनाव चिह्न धनुष-बाण उसे सौंप दिया गया।

सिब्बल ने दलील दी कि निर्वाचन आयोग और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने विधायी बहुमत को ही राजनीतिक दल मानकर बुनियादी रूप से कानून की गलत व्याख्या की है। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग को बागी विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही पूरी होने के बाद ही यह तय करना चाहिए कि कौन सा गुट मूल पार्टी है।

सिब्बल ने कहा, अगर उन विधायकों को आखिरकार अयोग्य ठहराया जाता है तो विधानसभा में उनकी संख्या को नजरअंदाज किया जाना चाहिए। यह तय करने की प्रक्रिया कि कौन सा गुट असली दल है, अयोग्यता याचिकाओं पर फैसले के बाद ही होनी चाहिए, अन्यथा हर बार जब कोई गुट अयोग्यता से बचने के लिए निर्वाचन आयोग के पास जाएगा तो यह समस्या खड़ी होगी। कहा, अध्यक्ष के चुनाव और उसके बाद हुए शक्ति परीक्षण के दौरान पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने समेत कई वजहों से अयोग्यता का नोटिस पाने वाले बागी विधायकों की संख्या 16 से बढ़कर 22 और अंततः 39 हो गई।

### रिताब्रता का विपक्ष के नेता का दर्जा अस्थायी

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने रिताब्रता बनर्जी को विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता देने पर चल रहे विवाद पर एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि इस पद पर उनका बने रहना अस्थायी है और यह पूरी तरह एकल पीठ के फैसले पर निर्भर करेगा। न्यायमूर्ति शम्पा सरकार की पीठ ने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले में सीधे तौर पर हस्तक्षेप नहीं किया और दो महीने के भीतर मामले का अंतिम निपटारा करने का निर्देश दिया है। इसका अर्थ है कि बनर्जी विपक्ष के नेता के रूप में बने रह सकते हैं या नहीं, इस पर अंतिम कानूनी निर्णय निर्धारित अवधि के भीतर एकल पीठ की ओर से लिया जाएगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### निजी अस्पताल में भर्ती होंगे इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को चिकित्सकीय जांच के लिए एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित करने का आदेश दिया। एक दिन पहले ही जेल अधिकारियों ने बयान जारी किया था कि इमरान खान की दृष्टि लगभग सामान्य है। अदालत ने इस साल की शुरुआत में खान की आंखों की बीमारी के संबंध में दायर कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया, जिनमें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान को अस्पताल में भर्ती कराने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति शाहिद वहीद की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने आदेश दिया कि खान को इस्लामाबाद के शिफा इंटरनेशनल अस्पताल ले जाया जाए। न्यायमूर्ति वहीद ने कहा, मौलिक अधिकारों को ध्यान में रखते हुए हम कैदी के स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह आदेश जारी कर रहे हैं।

### सोमालिया में भीषण संघर्ष, कई की मौत

**मोगादिशू।** सोमालिया में संघीय सैन्य बलों और क्षेत्रीय विपक्षी गुटों के बीच जारी राजनीतिक तनाव और हिंसक झड़पों के कारण दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गयी है। देश के साउथ वेस्ट राज्य की अंतरिम राजधानी बैडोआ में नियंत्रण को लेकर सेना और अपदस्थ क्षेत्रीय नेता अब्दियाजीज हसन मोहम्मद 'लाफ्तगारेन' के समर्थक लड़ाकों के बीच भीषण गोलीबारी और विस्फोट हुए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, विपक्षियों ने विस्फोटक से भरे वाहनों का उपयोग कर सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। घंटों तक चली भीषण लड़ाई के बाद सोमाली संघीय बलों ने विपक्षी लड़ाकों को शहर के मध्य क्षेत्र से खदेड़ दिया और बैडोआ पर अपना पूर्ण नियंत्रण स्थापित कर लिया।

### ट्रंप प्रशासन के खनिज समझौतों पर सवाल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के 54 डेमोक्रेट सांसदों ने ट्रंप प्रशासन के महत्वपूर्ण खनिजों से जुड़े नए समझौतों को लेकर आरोप लगाया है कि इनमें पारदर्शिता का अभाव है। कहा है कि इनसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक के परिवारों से जुड़े लोगों को लाभ हो सकता है, जबकि नुकसान का भार अमेरिकी करदाताओं पर पड़ेगा। सांसदों ने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ग्रीर, विदेश मंत्री मार्को रुबियो, वाणिज्य मंत्री लुटनिक और वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट को भेजे पत्र में कहा कि इन समझौतों के तहत अमेरिकी करदाताओं को अरबों डॉलर के ऋण, ऋण गारंटी और इक्विटी निवेश का जोखिम उठाना पड़ सकता है।

# फिलीपींस में छात्र ने की हत्या की लाइव स्ट्रीमिंग, सहपाठी को गोली मारी, फिर पांचवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी की

## दो पिस्टल लेकर और बॉडी कैमरा पहनकर पहुंचा था स्कूल, दो घायल, बाल-बाल बचा शिक्षक

मनीला, एजेंसी

दक्षिणी फिलीपींस के एक माध्यमिक स्कूल परिसर में दो पिस्तौल लेकर पहुंचे छात्र ने अपने एक सहपाठी की गोली मारकर हत्या कर दी और फिर खुदकुशी कर ली। इस वारदात को अंजाम देने के दौरान आरोपी छात्र बॉडी कैमरा पहने हुए था जिसकी मदद से उसने पूरी घटना की लाइव स्ट्रीमिंग भी की। फिलीपींस में महज दो महीने में स्कूल में गोलीबारी की यह दूसरी घटना है।

दक्षिणी बंदरगाह शहर जाम्बोआंगा में एटेनिओ डी जाम्बोआंगा विश्वविद्यालय परिसर में माध्यमिक स्कूल की इमारत में गोलीबारी की घटना के बाद सैकड़ों छात्रों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। इस घटना में दो लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध की पहचान नौवीं कक्षा के छात्र मोहम्मद माएल जलानी के तौर पर की गई है। उसने कक्षा में बैठे एक शिक्षक पर भी गोली चलाई, लेकिन निशाना चूक गया। इसके बाद उसने इमारत की चौथी मंजिल पर एक छात्र को गोली मारी और फिर एक मंजिल ऊपर जाकर खुदकुशी कर ली। गृह सचिव जॉनविक रेमुल्ला ने बताया, वह अंदर घुसा और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें चौथी मंजिल पर 10वीं कक्षा का एक छात्र घायल हो गया। इसके बाद वह पांचवीं मंजिल पर गया और नीचे कूदकर आत्महत्या कर ली।



छात्र ने सीढ़ियां चढ़ते समय ही फेसबुक लाइव शुरू कर दिया था और घटना की लाइव स्ट्रीमिंग की थी। कुछ समय पहले ही पुलिस ने भरोसा दिलाया था कि देश भर के स्कूलों में सुरक्षा बढ़ाई जाएगी। इससे पहले जून में सेंट्रल टैकलोबन शहर के स्कूल में हुई गोलीबारी में स्कूल के तीन छात्रों की मौत हो गई थी और 20 लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने उस गोलीबारी को अंजाम देने के आरोप में 14 और 15 साल के दो छात्रों को गिरफ्तार किया था।



वारदात के बाद छात्रों के घबराए परिजनों की भीड़ स्कूल के बाहर इकट्ठी हो गई।

### पुलिस को ऑनलाइन गेमिंग एप गोरबॉक्स पर शक

कुछ दिन पहले टैकलोबन शहर में एक स्कूल में हुई गोलीबारी की घटना के बाद फिलीपींस के अधिकारियों ने गोरबॉक्स नाम के एक ऑनलाइन गेमिंग एप को कुछ समय के लिए ब्लॉक कर दिया था, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या इस तरह की हिंसा को बढ़ावा देने में उसकी कोई भूमिका है। जांच के बाद गोरबॉक्स एप को अनिश्चित काल के लिए ब्लॉक करने का फैसला किया गया। जांच में पता चला था कि एक आरोपी इस एप का नियमित यूजर था। करीब दो सप्ताह पहले बैंकॉक के पास नोंथाबुरी प्रांत में 14 साल के लड़के ने अपने दादा-दादी, स्कूल के पांच कर्मचारियों और 12 साल की लड़की की हत्या कर दी थी।

## काबुल में स्कूल के पास ग्रेनेड हमला, 50 से ज्यादा बच्चे घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक स्कूल के पास हुए ग्रेनेड हमले में करीब 50 बच्चे घायल हो गए।

अफगानिस्तान के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत रिचर्ड बेनेट ने हमले की निंदा करते हुए एक्स पर घटना की स्वतंत्र जांच की जरूरत बताई। यह विस्फोट राजधानी के अल्पसंख्यक हजारा समुदाय बहुल इलाके में हुआ। अफगानिस्तान में हजारा समुदाय की आबादी करीब नौ प्रतिशत है, जो लंबे समय से हमलों और उत्पीड़न का सामना कर रहा है। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता पर कब्जा करने से कुछ महीने पहले मई 2021 में काबुल के एक स्कूल में तीन बम विस्फोट हुए थे, जिनमें दर्जनों लोग मारे गए थे।

# सोशल मीडिया पर आरोपियों के अपमानजनक फोटो-वीडियो... सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

## केंद्र सरकार, सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ मेटा और एक्स को भी जारी किए नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी व्यक्तियों की पहचान उजागर करने वाली या उन्हें अमानवीय और अपमानजनक स्थिति दिखाने वाली ऑनलाइन सामग्री को पोस्ट करने से पुलिस संगठनों को रोकने संबंधी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र, सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और सोशल मीडिया मंच मेटा और एक्स को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। याचिका में ऐसी तस्वीरों या वीडियो का जिक्र किया गया है जिनमें आरोपी हथकड़ी पहने, रस्सियों से बंधे, डंडों से पीटे जाते, घुटनों के बल बैठाए गए या सीढ़ियों से घसीटे जाते हुए दिख रहे हैं।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यामूर्ति वी मोहना की पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता हेमेंद्र पटेल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन की दलीलें सुनीं। एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड श्रुतंजय भारद्वाज के माध्यम से दायर याचिका में राज्यों को अपने पुलिस सोशल मीडिया खातों से ऐसे पोस्ट तत्काल हटाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, जिनमें आरोपियों के चेहरे या पहचान उजागर होते हैं अथवा उन्हें अमानवीय तरीके से प्रस्तुत किया गया है।



### सभी राज्य पुलिस के लिए बनाएं दिशा-निर्देश

याचिका में कहा गया, राज्यों को निर्देश दिया जाए कि वे अपने-अपने पुलिस संगठनों की ओर से सोशल मीडिया मंच के इस्तेमाल को नियंत्रित करने के लिए उचित दिशा-निर्देश बनाएं, ताकि खास तौर पर ऐसी कोई भी सामग्री अपलोड न हो सके जिससे आरोपियों के चेहरे/पहचान उजागर हों अथवा उन्हें अपमानजनक तरीके से दिखाया गया हो।

### मेटा और एक्स सुनिश्चित करें, ऐसी सामग्री पोस्ट न हो

याचिका में मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक और एक्स कॉर्प को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वे अपने अपने मंचों के लिए उचित नीतियां और उपयोगकर्ता दिशानिर्देश बनाएं ताकि ऐसी सामग्री पोस्ट न की जाए जिसमें आरोपियों की पहचान उजागर होती हो या उन्हें अमानवीय, अपमानजनक या गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले व्यवहार का शिकार होते दिखाया गया हो। शिकायत किए जाने पर ऐसी सामग्री को तुरंत हटाने के लिए एक तंत्र स्थापित करने का भी अनुरोध किया गया है।

- इस मामले में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक और एक्स कॉर्प को प्रतिवादी बनाया गया है।

कहा गया है कि यदि ऐसी सामग्री पहले ही पोस्ट की जा चुकी है तो उपयोगकर्ता की रिपोर्ट पर उसे तुरंत हटाने के लिए एक औपचारिक, पारदर्शी और व्यवस्थित तंत्र स्थापित किया जाए।

## मृत्युदंड : फांसी के बजाय कोई और तरीका अपनाने की मांग वाली याचिका खारिज

- जहरीले इंजेक्शन, गोली मारने, बिजली के झटके, गैस चैंबर जैसे तरीके अपनाने की मांग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा देने के लिए फांसी की प्रक्रिया को हटाने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इन्कार करते हुए उसे खारिज कर दिया। हालांकि यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में इस मुद्दे पर पुनर्विचार का रास्ता खुला रहेगा।

पीठ ने कहा कि उसका यह फैसला विशेषज्ञ समिति के गठन के आड़े नहीं आएगा। केंद्र सरकार विशेषज्ञ पैनल बना सकती है और विचार कर सकती है कि क्या कोई और तरीका मानवीय गरिमा की संवैधानिक आवश्यकता को बनाए रखते हुए पीड़ा को कम कर सकता है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 354(5) को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुनाया। यह धारा फांसी के जरिए मृत्युदंड देने का प्रावधान करती है। वरिष्ठ अधिवक्ता ऋषि मल्होत्रा की याचिका में फांसी के स्थान पर जहरीले इंजेक्शन, गोली मारने, बिजली के झटके देने या गैस चैंबर जैसे तरीकों को अपनाने की मांग की गई थी, ताकि फांसी की प्रक्रिया में लंबी पीड़ा न झेलनी पड़े।

### केंद्र ने फांसी को ही बताया था त्वरित और सरल

केंद्र सरकार ने 2018 में इस कानूनी प्रावधान का पुरजोर समर्थन किया था कि मृत्युदंड के मामले में दोषी को केवल फांसी देकर ही मौत दी जाए। केंद्र ने कहा था कि घातक इंजेक्शन और गोली मारने जैसे अन्य तरीके कम पीड़ादायक नहीं हैं। गृह मंत्रालय की ओर से दायर जवाबी हलफनामे में कहा गया था कि फांसी देकर मौत देना त्वरित और सरल है और इसमें ऐसी कोई चीज नहीं है जो कैदी की पीड़ा को अनावश्यक रूप से बढ़ाए।

# भारत की तरह अमेरिका में भी मतदाता पहचान पत्र व्यवस्था लागू करने की जरूरतः ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने दिया भारत में डाक मतपत्रों के बेहद कम इस्तेमाल का उदाहरण

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की चुनाव व्यवस्था को अमेरिका के लिए आदर्श बताते हुए कांग्रेस से चुनाव नियमों को कड़ा करने वाले विधेयक को पारित करने की अपील की है। ट्रंप ने कहा कि भारत में मतदान के लिए फोटो पहचान पत्र का इस्तेमाल किया जाता है और डाक से मतदान करने वालों की संख्या बेहद कम है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका को भी मतदाता पहचान और नागरिकता सत्यापन के नियमों को मजबूत करना चाहिए। ट्रंप ने अपेन सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा कि 2024 के भारतीय आम चुनाव में करीब 64.6 करोड़ लोगों ने मतदान किया और एक प्रतिशत से भी कम मतदाताओं ने डाक के जरिए वोट डाला। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने भी ट्रंप के बयान का समर्थन किया।

उन्होंने कहा कि भारत के पिछले आम चुनाव में 64.6 करोड़ मतदाताओं ने मतदान किया और सभी के लिए पहचान पत्र जरूरी था। उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस से विधेयक पारित करने की अपील की। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि इन बदलावों से गैर अमेरिकी नागरिकों के मतदान को रोकने और चुनाव प्रक्रिया में लोगों का विश्वास बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### ज्ञानेश कुमार ने अमेरिकी अधिकारियों से पूछा था सवाल, वोटर आईडी बगैर कैसे कराते हैं चुनाव

ट्रंप ने कहा, भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पिछले महीने हमारे अधिकारियों से पूछा, हम वैध फोटो पहचान पत्र के बिना अमेरिका में चुनाव कैसे करवा लेते हैं। ट्रंप ने कहा, हमें अब सेव अमेरिका एक्ट पारित करने की जरूरत है। इस कानून के तहत संघीय चुनावों में मतदाता पंजीकरण के लिए नागरिकता का दस्तावेजी प्रमाण और मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने की व्यवस्था लागू करने का प्रस्ताव है।

- भारत में तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन ने 1993 में वोटर आईडी की व्यवस्था लागू की थी।

# बंद होगा 3,000 करोड़ से ज्यादा रुपये मूल्य के 405 रक्षा उत्पादों का आयात

नई दिल्ली, एजेंसी

- आत्मनिर्भरता की ओर कदम, रक्षा मंत्रालय ने जारी की स्वदेशीकरण सूची

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए रक्षा मंत्रालय ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण ऐसी 405 वस्तुओं की छठी स्वदेशीकरण सूची अधिसूचित की है जिनका आयात करने के बजाय उन्हें देश में ही बनाया जाएगा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इन 405 वस्तुओं का अनुमानित व्यापार मूल्य 3,070 करोड़ रुपये है।

इस सूची में लाइन रिप्लेसेबल यूनिट्स, सब-सिस्टम, सब-असेंबली, स्पेयर पार्ट्स, कंपोनेंट्स और कच्चा माल शामिल हैं। इनमें भारतीय तटरक्षक बल की 16 और सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों की 389 वस्तुएं शामिल हैं। ये वस्तुएं रक्षा प्लेटफार्मों और प्रणालियों की एक विस्तृत श्रृंखला से संबंधित हैं। इन प्लेटफार्म में उन्नत हल्का हेलीकॉप्टर, हल्का बहुउद्देशीय हेलीकॉप्टर, सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान , हल्का लड़ाकू विमान और एएल-31एफपी इंजन जैसे एयर प्लेटफॉर्म शामिल हैं। इसके अलावा ये उत्पाद टी-72, टी-90 और बीएमपी-II सहित बख्तरबंद प्लेटफॉर्म, युद्धपोत और सतह से हवा में मार करने वाली मध्यम दूरी की मिसाइल प्रणालियां, रडार, सोनार, अग्नि नियंत्रण प्रणाली और उपग्रह संचार प्रणाली सहित रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स, उच्च विस्फोटक टैंक-रोधी गोला-बारूद और अन्य महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों से भी जुड़े हैं।

प्रत्येक वस्तु के स्वदेशीकरण के लिए एक सांकेतिक समय सीमा दी गई है। स्वदेशीकरण सफल होने पर इन वस्तुओं की खरीद भारतीय रक्षा उद्योग से की जाएगी। यह छठी स्वदेशीकरण सूची आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के सरकारी प्रयासों में एक और कदम है। इससे भारतीय उद्योग के लिए अवसरों का विस्तार होने, घरेलू रक्षा विनिर्माण प्रणाली को मजबूत करने, निवेश और नवाचार को बढ़ावा देने तथा आयात पर निर्भरता कम करने में योगदान मिलने की उम्मीद है।

## खार्कीव पर बरसीं रूसी मिसाइलें, 10 की मौत





**कीव।** यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी खार्किव इलाके के एक गांव में रूसी मिसाइल हमले में 10 लोगों की मौत हो गई और आठ घायल हो गए। इस हमले में कई इमारतें नष्ट हो गईं। यूक्रेनी सेना ने भी रूस पर बड़ा हमला किया और दो दिन में करीब 800 ड्रोन दागे। इसे कीव के सबसे बड़े ड्रोन हमलों में एक बताया गया है। पिछले कुछ समय में दोनों देशों में एक-दूसरे पर हवाई हमले काफी तेज कर दिए हैं।

## श्रीलंका में जजों की सेवानिवृति की उम्र बढ़ाने की तैयारी

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने विभिन्न राजनीतिक दलों एवं बार एसोसिएशन के विरोध के बावजूद न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाने के लिए एक संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। न्याय मंत्री हर्षना नानायक्कारा ने संविधान संशोधन विधेयक (22वां संशोधन) पेश किया, जिसका मकसद सुप्रीम कोर्ट के जजों की सेवानिवृति की उम्र 65 से बढ़ाकर 67 और अपीलीय अदालतों के जजों की 63 से बढ़ाकर 65 करना है।

# घरेलू मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए बयानबाजी कर रहे हैं अमित शाह

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तान ने शहजाद भट्टी आतंकी नेटवर्क को लेकर आरोपों को किया खारिज

पाकिस्तान ने भारत के गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने स्वतंत्रता दिवस से पहले देशभर में हुई संयुक्त सुरक्षा कार्रवाइयों में गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के एक नेटवर्क को उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जोड़ा था। पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि भारत अपने घरेलू सुरक्षा मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए ऐसे दावे कर रहा है।

शाह ने सोमवार को सोशल मीडिया पर कहा था कि 15 अगस्त से पहले 14 राज्यों में अभियान चलाकर आईएसआई समर्थित आतंकी संगठन शहजाद भट्टी नेटवर्क के 200 से अधिक गुर्गों को गिरफ्तार कर देश में विध्वंसक हमलों की योजनाओं को विफल कर दिया गया। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंदराबी ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया। उन्होंने भारत पर पाकिस्तान से जुड़े आरोप लगाकर अपने घरेलू सुरक्षा संबंधी चुनौतियों से ध्यान भटकाने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

## रूस ने जापान के दूत को तलब किया

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को जापान के राजदूत को तलब करके राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की कुरील द्वीप समूह की यात्रा की निंदा किए जाने पर विरोध जताया।

कुरील प्रशांत महासागर में रूस के नियंत्रण वाला द्वीप समूह है, जापान भी इस पर दावा करता है। पिछले सप्ताह पुतिन ने इस द्वीप समूह के एक द्वीप इटुरुप का दौरा किया था। जापान इसे अपना उत्तरी क्षेत्र कहता है। द्वितीय विश्व युद्ध के आखिर में सोवियत संघ ने इन द्वीपों को जापान से कब्जे में ले लिया था। इस विवाद के कारण दोनों देश औपचारिक रूप से शांति संधि पर हस्ताक्षर नहीं कर पाए हैं।

साक्षात्कार

## ट्रंप की ओमान को धमकी, अमेरिकी राष्ट्रपति ने ओमान के लिए अपशब्दों का भी किया इस्तेमाल

# ईरान के साथ बातचीत में रुकावट डाली तो बम से उड़ा देंगे

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सहयोगी देश ओमान को उनके प्रशासन और ईरान के बीच बातचीत में रुकावट डालने की स्थिति में बम से उड़ाने की धमकी दी है। अमेरिका और ओमान दोनों ही तेहरान के साथ अलग-अलग बातचीत कर रहे हैं ताकि होर्मुज़ जलडमरूमध्य को फिर से खोला जा सके। वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बेहद जरूरी यह जलमार्ग करीब छह महीनों से ज्यादा समय से बंद रहा है।



फॉक्स के एक रिपोर्टर के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति ने ओमान को यह धमकी एक फोन इंटरव्यू के दौरान अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए दी। इससे पहले दिन में ईरानी अधिकारियों ने कहा था कि वे ओमान के साथ एक समझौते को अंतिम रूप देने के करीब हैं। वहीं, अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का भविष्य अनिश्चित है क्योंकि दोनों पक्षों के बीच हुआ 60 दिनों का समझौता ज्ञापन (एमओयू) खत्म होने वाला है। सोमवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए, जब बीबीसी न्यूज ने ट्रंप से पूछा कि क्या वह एमओयू की अवधि बढ़ाना चाहते हैं तो उन्होंने जवाब दिया- नहीं। फरवरी में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले के बाद से, तेहरान ने काफी हद तक होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है, जहां से आमतौर पर दुनिया का लगभग पांचवां हिस्सा तेल और तरल प्राकृतिक गैस गुजरती है। इसे फिर से खोलना चर्चा का एक अहम मुद्दा रहा है।

ओमान इस जलडमरूमध्य के दक्षिणी हिस्से से सटा हुआ है और उसका कहना है कि वह इस संघर्ष में एक तटस्थ देश है। हालांकि, उसे ईरान की ओर से कई हमलों का सामना करना पड़ा है और अब वह इस जलमार्ग को फिर से खोलने के लिए तेहरान के साथ बातचीत में अहम भूमिका निभा रहा है। वॉशिंगटन ने भी इसे फिर से खुलवाने के लिए अपनी कोशिशें की हैं। फॉक्स के रिपोर्टर ट्रे यिंगस्ट ने ट्रंप के हवाले से कहा, अगर ओमान रास्ते में आया तो हम उन पर जबरदस्त बमबारी करेंगे। यह साफ नहीं है कि ट्रंप के हिसाब से डील के लिए उनकी महत्वाकांक्षाओं के रास्ते में आने का क्या मतलब है। फॉक्स के साथ उसी इंटरव्यू के दौरान, ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका, ईरान में एक बड़ी सैन्य, आर्थिक और राजनीतिक ताकत इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के साथ सीधा बैक चैनल के मार्फत संपर्क है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज ऑनलाइन कारोबार में बड़ा धन लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के व्यवहार से आप आनंदित रहेंगे। व्यवसाय में साझेदारी हो सकती है।

**तुला** – आज आपको अपनी गलतियां समझ में आएंगी। तकनीक संबंधी कार्यों में अच्छे परिणाम मिलेंगे। दिखावे पर धन खर्च कर सकते हैं।

**वृष** – आज मित्रों की सलाह से आपको लाभ मिलेगा। वैवाहिक जीवन की कटुता दूर होगी। अपने शौक को पूरा करने का प्रयास करेंगे।

**वृश्चिक** – आज नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। ऑफिस में कार्य प्रभावित होने की संभावना है। व्यर्थ की नोक-झोंक में समय बर्बाद न करें।

**मिथुन** – आज महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। पैरों में दर्द की समस्या हो सकती है। बच्चों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें।

**धनु** – आज का दिन नवाचारी क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए बहुत अच्छा है। संतान को लेकर चिंता दूर होगी। व्यापार को लेकर परेशानियां दूर होंगी।

**कर्क** – आज कार्यक्षेत्र के विवादों का निपटारा होगा। अपने विचारों को बार-बार न बदलें। संपत्ति में निवेश को लेकर सावधानी रखें।

**मकर** – आज नए लक्ष्यों को लेकर आप तत्पर रहेंगे। व्यवसाय में मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होगा। जॉब बदलने का विचार कर सकते हैं।

**सिंह** – आज आपके काम की गति में तीव्रता आएगी। व्यवसाय में आप महत्वपूर्ण निर्णय लेंगे। प्रभावशाली लोगों के साथ संबंध मजबूत होंगे।


**कुंभ** – आज आवश्यक काम बनने से मन प्रसन्न रहेगा। वरिष्ठ लोगों की सहूलियतों का ध्यान रखें। प्रेम संबंधों को लेकर भावुक रहेंगे।

**कन्या** – आज स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। विरोधियों के बीच आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपनी कार्यशैली में परिवर्तन करना पड़ सकता है।

**मीन** – आज युवाओं को अपने करियर की चिंता रहेगी। अति आत्मविश्वास से आपको बचना चाहिए। व्यवसाय में धन लाभ होगा।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी
ज्योतिषाचार्य, कानपुर




**आज की ग्रह स्थिति :** 19 अगस्त, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, सप्तमी 19 .19 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**-वर्षा।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- स्वाती 06 .46 तक तत्पश्चात विशाखा।

### सुडोकू - 55 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 5 |
| 2 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 6 |
| 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 6 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 | 9 | 1 |
| 3 | 2 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 2 | 3 | 4 |
| 7 | 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 |

### सुडोकू -56

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 6 | | 1 | | 8 | | 7 |
| | | | 7 | | | | 3 | |
| | 3 | | | | | 5 | | 2 |
| | | 7 | | 9 | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 5 |
| | | | 8 | 2 | | 4 | | |
| 9 | | 5 | | | 6 | | 8 | |
| | 4 | | | | 3 | | | |
| 8 | | 3 | | | | 2 | 1 | |



“हरमनप्रीत एक बहुत अच्छे कप्तान हैं। पिच पर कप्तान का असर सीमित होता है क्योंकि आप हर चाल या खिलाड़ी को कंट्रोल नहीं कर सकते। टीम को एकजुट रखना, युवा खिलाड़ियों का समर्थन करना, उन्हें जमने में मदद करना, टीम का सकारात्मक माहौल बनाना। हरमनप्रीत इसे बखूबी निभा रहे हैं। - **पीआर श्रीजेश, भारत के पूर्व कप्तान व गोलकीपर**


# स्टेडियम

बरेली, बुधवार, 19 अगस्त 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### ड्रिंक एंड ड्राइव मामले में वॉर्नर दोषी करार



**सिडनी।** मंगलवार को ड्रिंक एंड ड्राइव मामले में दोषी करार दिए जाने के बाद डेविड वॉर्नर के ऊपर 1500 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (क़रीब एक लाख रुपये) का जुर्माना लगाया गया। ईस्टर रविवार को रैंडम ब्रीथ-टेस्टिंग साइट के पास पहुंचते समय उन्होंने एक यात्री के साथ सीट बदलने की कोशिश की थी। वॉर्नर के वकील ने अदालत से उन्हें दोषी ठहराए जाने से राहत देने की मांग की थी। उनका तर्क था कि मीडिया कवरेज के कारण वॉर्नर को पहले ही अतिरिक्त सजा मिल चुकी है। वॉर्नर ने पिछले महीने अपना अपराध स्वीकार कर लिया था। उस समय उनके शरीर में शराब की मात्रा क़ानूनी सीमा से दोगुने से भी अधिक पाई गई थी।

### बाबर पहले टेस्ट से बाहर आगा करेंगे कप्तानी

**लीड्स।** बेकेनहम में टीम के वॉर्म-अप मैच के दौरान हाथ में लगी चोट से उबर न पाने के कारण बाबर आज़म लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान के पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। यह मैच बुधवार से शुरू हो रहा है। वेस्टइंडीज़ के खिलाफ़ हालिया सीरीज़ से पहले पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान के तौर पर दोबारा चुने गए बाबर की जगह सलमान आगा तीन टेस्ट मैचों की सीरीज़ के पहले मैच में कार्यवाहक कप्तान होंगे। 32 साल के आगा 2024 से टी 20 क्रिकेट में पाकिस्तान की कप्तानी कर चुके हैं और 27 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। हेड कोच सरफ़राज़ अहमद ने पुष्टि की है कि वह सीरीज़ के पहले मैच में टीम की कमान संभालेंगे।

### सुब्रतो कप: मेघालय ने चंडीगढ़ को 2-0 से हराया

**नई दिल्ली।** मेघालय ने 65वें सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के जूनियर बालिका (अंडर-17) वर्ग में मंगलवार को यहां चंडीगढ़ पर 2-0 की जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया। एयर मार्शल एस. शिवकुमार वीएसएम ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता भारोत्तोलक लवप्रीत सिंह समारोह में विशेष अतिथि रहे। एयर मार्शल शिवकुमार ने कहा, ‘65वां सुब्रतो कप भारत में फुटबॉल के प्रति लोगों के बढ़ते उत्साह को दिखाता है। यह टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देगा और फुटबॉल खेलने के लिए प्रेरित करेगा।’

### वीनस को यूएस ओपन वाइल्ड कार्ड

**न्यूयॉर्क।** वीनस विलियम्स को मंगलवार को 46 वर्ष की उम्र में अमेरिकी ओपन की महिला एकल स्पर्धा के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया। टूर्नामेंट ने एक वाइल्ड कार्ड फिलहाल रोककर रखा है और संभव है कि यह उनकी बहन सेरेना विलियम्स के लिए हो। वर्ष 2017 की अमेरिकी ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस समेत छह अन्य महिला खिलाड़ियों को भी वाइल्ड कार्ड दिया गया है। अमेरिकी टेनिस संघ (यूएसटीए) ने कहा कि एक वाइल्ड कार्ड की घोषणा अभी की जानी बाकी है। अगर 44 वर्षीय सेरेना विलियम्स टूर्नामेंट में वापसी का फैसला करती हैं तो यह वाइल्ड कार्ड लगभग निश्चित रूप से उन्हें दिया जा सकता है।

## तेजस्विन, दिव्या और गायत्री सहित 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी


तेजस्विन (एथलेटिक्स)


दिव्या देशमुख (शतरंज)



गायत्री गोपीचंद (बैडमिंटन)


राजकुमार पाल (हॉकी)


सुरजीत (कबड्डी)


नरेंद्र (मुक्केबाजी)


अखिल श्योराण (शूटिंग)


रुद्रांश (पैरा-शूटिंग)

खेल मंत्रालय ने मंगलवार को वर्ष 2025 के लिए किसी भी खिलाड़ी को प्रतिष्ठित ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार नहीं देने का फैसला किया जबकि 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना। इन पुरस्कारों के लिए छह महीने पहले सिफारिश की गई थी। जिनका खेल मंत्रालय ने मूल्यांकन किया और किसी भी खिलाड़ी को खेल रत्न पुरस्कार नहीं देने का फैसला लिया। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अरुण कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने हॉकी स्टार हार्दिक सिंह को देश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार के लिए नामित किया था, लेकिन आखिर में वह दौड़ से बाहर हो गए।

इससे पहले, वर्ष 2014 में भी खेल रत्न पुरस्कार नहीं दिया गया था। विश्व कप विजेता शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख, डेकाथलॉन और ऊंची कूद के एथलीट तेजस्विन शंकर और बैडमिंटन खिलाड़ी गायत्री गोपीचंद उन 17 खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें मंगलवार को प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित किया गया। अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित खिलाड़ियों में ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती, गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ीदार त्रीसा जॉली, ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता मुक्केबाज नरेंद्र और युवा बधिर राइफल निशानेबाज धनुष श्रीकांत भी शामिल हैं। एशियाई खेल 1962 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे फुटबॉलर आई

- **वर्ष 2025 के लिए किसी भी खिलाड़ी को ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार नहीं**

अरुमैनायगम को आजीवन उपलब्धि के लिए अर्जुन पुरस्कार दिया गया है।

इस वर्ष चयन समिति ने अर्जुन पुरस्कार के लिए 24 नामों की सिफारिश की थी, लेकिन मंत्रालय ने केवल 17 नामों को ही मंजूरी दी। शतरंज खिलाड़ी 19 वर्षीय देशमुख विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। विदित गुजराती 2024 शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। एशियाई खेल 2023 में डेकाथलॉन में ऐतिहासिक रजत पदक और पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में दूसरा स्थान हासिल करने वाले तेजस्विन शंकर ने घुटने की समस्या से जूझने के बावजूद राष्ट्रमंडल खेलों में एक कांस्य पदक जीता। पैरा विश्व चैंपियनशिप 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाली पैरा क्लब की थ्रोअर एकता भ्याण और पैरा विश्व कप 2024 के स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल को अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना गया है। हालांकि, इस सूची में किसी भी क्रिकेटर का नाम नहीं है।

मोहम्मद शमी को 2023 में अर्जुन पुरस्कार दिए जाने के बाद कोई भी क्रिकेटर इस पुरस्कार के लिए नहीं चुना गया है। मंत्रालय ने तीन द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेताओं के नाम घोषित किए हैं। देश का सर्वोच्च खेल सम्मान खेल रत्न में एक पदक, प्रशस्ति पत्र और 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है, जबकि अर्जुन पुरस्कार विजेता को 15 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाता है। पिछले साल खेल रत्न पुरस्कार चार खिलाड़ियों को दिया गया था। इनमें विश्व चैंपियन शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश, पुरुष हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह, पैरा-एथलीट प्रवीण कुमार और निशानेबाज मनु भाकर शामिल थे।

ये पुरस्कार परंपरागत रूप से हर साल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में प्रदान किए जाते हैं, जो भारत के महानतम खिलाड़ियों में से एक हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती भी है। लेकिन अब इसकी कोई तिथि निश्चित नहीं है। इस वर्ष पुरस्कार चयन समिति में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के उपाध्यक्ष गगन नारंग, पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी अपर्णा पोपट और पूर्व हॉकी खिलाड़ी एम एम सोमैया भी शामिल थे।

### इन्हें मिला पुरस्कार

**अर्जुन पुरस्कार :** तेजस्विन शंकर (एथलेटिक्स), प्रियंका गोस्वामी (एथलेटिक्स), नरेंद्र (मुक्केबाजी), विदित गुजराती (शतरंज), दिव्या देशमुख (शतरंज), धनुष श्रीकांत (बधिर शूटिंग), राजकुमार पाल (हॉकी), सुरजीत (कबड्डी), रुद्रांश खंडेलवाल (पैरा-शूटिंग), एकता भ्याण (पैरा-एथलेटिक्स), अरविंद सिंह (रोइंग), अखिल श्योराण (शूटिंग), त्रीसा जॉली (बैडमिंटन), गायत्री गोपीचंद (बैडमिंटन), लालरेम्सियामी (हॉकी), मुहम्मद अजमल (एथलेटिक्स), पूजा (कबड्डी)।

**अर्जुन पुरस्कार (जीवनपर्यंत) :** श्री आई अरुमैनायगम (फुटबॉल)

**द्रोणाचार्य पुरस्कार :** परवीर सिंह, छोटे लाल यादव, नेहा चव्हाण

**द्रोणाचार्य पुरस्कार (जीवनपर्यंत) :** धर्मेंद्र यादव, वीरेंद्र कुमार।

## भारत जीत से छह विकेट दूर

### गॉल टेस्ट में चौथे दिन भारत का दबदबा, श्रीलंका के सामने 372 रन का लक्ष्य


गॉल : पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन श्रीलंका के पासिंदु सूरियाबंदारा का विकेट लेने के बाद भारत के मानव सुथार (दाएं से दूसरे) अपने साथियों के साथ जश्न मनाते हुए।

गॉल, एजेंसी

भारत ने पहले टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंका के सामने 372 रन का लक्ष्य रखा। भारत की दूसरी पारी 193 रन पर सिमट गई, लेकिन पहली पारी की बढ़त के कारण उसकी कुल बढ़त 371 रन की रही। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने मंगलवार को स्टंप्स तक चार विकेट पर 84 रन बना लिए थे। उसे अब जीत के लिए 288 रन और चाहिए, जबकि भारत को छह विकेट की दरकार है।

भारत की दूसरी पारी में ऋषभ पंत ने तेज-तर्रार 66 रन की शानदार पारी खेली। केएल राहुल (35) और देवदत्त पडिक्कल (44) ने दूसरे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी की। श्रीलंका के गेंदबाजों ने लगातार दबाव बनाए रखा और भारत को 193 रन पर समेट दिया। असिता फर्नांडो ने चार विकेट लिए।

372 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। निशान फर्नांडो दूसरी पारी में भी सस्ते में आउट हो गए। पदार्पण कर रहे कनकशन सब्स्टिट्यूट पासिंदु सूरियाबंडारा पहली ही गेंद पर आउट हुए। कामिंदु मेंडिस ने गेंद का पीछा किया और बल्ले का किनारा स्लिप में कैच हो गया, जबकि लाहिरू उदारा भी बल्ले का किनारा लगने के बाद गली में कैच दे बैठे।

धनंजय डी सिल्वा (नाबाद 31) को सात रन के निजी स्कोर पर जीवनदान मिला। वह नो-बॉल पर कैच आउट हुए थे। इसके बाद उन्होंने सोनल दिनुशा (नाबाद 25) के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने सकारात्मक रुख दिखाया, लेकिन श्रीलंका अभी भी लक्ष्य से काफी दूर है। भारत की ओर से मानव सुथार ने दो विकेट लिए, जबकि मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को एक-एक सफलता मिली। गॉल में किसी भी टीम ने अब तक चौथी पारी में 372 रन के लक्ष्य का सफल पीछा नहीं किया है। हालांकि पांचवें दिन बारिश की संभावना है, लेकिन उसके मैच पर गंभीर असर डालने की संभावना कम बताई जा रही है।

कम रोशनी के कारण शाम छह बजकर आठ मिनट पर अंपायरों ने दोबारा रोशनी की जांच की और खेल समाप्त करने का फैसला किया। ऐसे में भारत के पास 1-0 की बढ़त हासिल करने का मजबूत मौका है, जबकि श्रीलंका को मैच बचाने या जीतने के लिए पांचवें दिन लंबी बल्लेबाजी करनी होगी।

## टेस्ट में 100 छक्के लगाने वाले सबसे तेज बल्लेबाज बने ऋषभ पंत

गॉल, एजेंसी

**89** पारियों में 43 बार लगाया कम से कम एक छक्का

भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में 66 रन की पारी के दौरान दो छक्के लगाकर टेस्ट क्रिकेट में 100 छक्के पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह सबसे कम टेस्ट, पारियों और गेंदों में यह उपलब्धि हासिल करने वाले बल्लेबाज बन गए।

पंत से ज्यादा टेस्ट छक्के अब केवल बेन स्टोक्स (138) और ब्रेंडन मैकुलम (107) के नाम हैं। एडम गिलक्रिस्ट 100 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज थे। पंत ने स्टोक्स से 31 टेस्ट कम तथा गिलक्रिस्ट से 41 पारियां और 1,660 गेंदें कम खेलकर यह मुकाम हासिल किया। पंत के टेस्ट करियर की शुरुआत भी छक्के से हुई थी। उन्होंने 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ अपने टेस्ट पदार्पण की पहली पारी में दूसरी गेंद पर छक्का लगाकर खाता खोला था। 2025 की शुरुआत से उन्होंने 16 पारियों में 32 छक्के लगाए हैं। इनमें 2025 में 13 पारियों के दौरान लगाए गए 26 छक्के शामिल हैं।

पंत ने अपनी 89 टेस्ट पारियों में से 43 में कम से कम एक छक्का लगाया है। 50 या उससे अधिक टेस्ट पारियां खेलने वाले बल्लेबाजों में यह सबसे बेहतर अनुपात है। उनके 100 छक्कों से टेस्ट करियर के कुल रनों का 16.4 प्रतिशत आया है। अगर पंत की मौजूदा रफ्तार जारी रहती है तो वह अगले एक-दो साल में टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन सकते हैं।

**स्पिनरों के खिलाफ पंत का बल्ला ज्यादा गरजा :** पंत के 100 टेस्ट छक्कों में 76 स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ आए हैं। इस मामले में उनसे आगे केवल बेन स्टोक्स (90) और मिस्बाह-उल-हक (79) हैं। उन्होंने जैक लीच और शोएब बशीर के खिलाफ नौ-नौ, नाथन लियोन के खिलाफ सात तथा केशव महाराज और एजाज पटेल के खिलाफ छह-छह छक्के लगाए हैं।


ऋषभ पंत

## भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 6-1 से दी शिकस्त

**महिला हॉकी विश्व कप**

एम्स्टलवीन, एजेंसी

भारत ने 2026 महिला हॉकी वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका को 6-1 से करारी शिकस्त दी। एम्स्टलवीन में खेले गए पूल डी के इस मुकाबले में भारतीय टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक हॉकी खेली और पूरे मैच में दक्षिण अफ्रीका पर दबाव बनाए रखा।

इस जीत के साथ भारत पूल डी में चार अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है। चीन के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में 2-2 से ड्रॉ खेलने के बाद भारत के लिए यह मैच काफी महत्वपूर्ण था। भारतीय खिलाड़ियों ने इस मौके का पूरा फायदा उठाते हुए बेहतरीन तालमेल और तेज आक्रमण का प्रदर्शन किया। सुनेलिता टोप्पो ने 11वें मिनट में गोल कर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम की बढ़त 2-0 कर दी। पहले हाफ के समाप्त होने से पहले सुशीला चानू ने भारत के लिए तीसरा गोल दाग दिया। तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने अपने आक्रमण को और तेज कर दिया। दीपिका, लालरेम्सियामी और साक्षी राणा ने लगातार गोल करते हुए भारत की बढ़त को 6-0 कर दिया। दक्षिण अफ्रीका ने 55वें मिनट में कायला डी वाल के गोल से अपना खाता खोला। अंतिम मिनटों में भी भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार रक्षात्मक खेल दिखाया।

## लक्ष्य कड़े मुकाबले में जीते, त्रीसा-गायत्री भी प्री क्वार्टर फाइनल में

**बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप**

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने मंगलवार को यहां पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए ऑस्ट्रिया के कॉलिन्स वैलेंटाइन फिलिमोन को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। लक्ष्य ने 45 मिनट तक चले मुकाबले में फिलिमोन को 16-21, 21-8, 21-4 से हराया। दूसरे दौर में लक्ष्य का सामना अमेरिका के गैरेट टैन से होगा जिन्होंने स्विट्जरलैंड के टोबियास कुएंजी को 21-4, 21-15 से हराया।

लक्ष्य ने धीमी शुरुआत की और उनके कम रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी ने पहले गेम में उन्हें लगातार दबाव में रखा। ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी ने धैर्य बरकरार रखते पहला गेम अपने नाम कर लिया।


पुरुष एकल में जीत के बाद खुशी प्रकट करते हुए लक्ष्य सेन।


महिला युगल में जीत के बाद खुशी का इजहार करतीं गायत्री गोपीचंद (बाएं) और ट्रीसा जॉली।

दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ी 7-7 की बराबरी पर थे जिसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने आक्रामक खेल के दम पर 11-8 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद लक्ष्य ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए लगातार 10 अंक जुटाए और प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं देते हुए दूसरा गेम जीतकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने 15-1 की बढ़त के साथ मैच पर पूरी तरह पकड़ बना ली और आसानी से मुकाबला अपने नाम कर लिया। इससे पहले त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की गैरवरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने महिला युगल में लॉरेन लैम और एलिसन क्विन ली की अमेरिका की 16वीं वरीय जोड़ी को सीधे गेम में हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। त्रीसा और गायत्री ने दूसरे दौर में महज 38 मिनट में विरोधी जोड़ी को 21-15, 21-12 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी ने शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाते हुए आत्मविश्वास के साथ खेल शुरू किया। त्रीसा ने अपने दमदार स्मैश से अंक जुटाए जबकि गायत्री ने शटल को खेल में बनाए रखने के साथ सटीक ड्रॉप शॉट लगाए और दोनों ने पहला गेम आसानी से अपने नाम किया।

दूसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी ने इसी अंदाज में शुरुआत की और ब्रेक तक 11-4 की बढ़त बना ली। कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी को दूसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे तथा असित सूर्या और अमृता प्रमुथेश की जोड़ियां पहले दौर में ही बाहर हो गईं। रोहन और रुत्विका की जोड़ी को जोनाथन बिंग सान लाई और क्रिस्टल लाई की कनाडा की जोड़ी के खिलाफ कड़े मुकाबले में 22-20, 19-21, 17-21 से हार मिली। असित और अमृता को एमरे सोनमेज और यासेमेन बेक्टास की तुर्किये की जोड़ी के खिलाफ कड़े मुकाबले में 21-16, 29-30, 22-24 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की एक अन्य मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो अभी प्रतियोगिता में बनी हुई है। उभरती हुई भारतीय महिला एकल खिलाड़ी उन्नति हुड्डा ने म्यांमार की थेट हतार थुजार को 22-20, 21-16 से हराया।

**हॉकी विश्व कप**

**पूर्व कप्तान अजीत पाल ने कहा, व्यक्तिगत प्रदर्शन से ज्यादा टीमवर्क पर ध्यान देना सफलता की कुंजी**

## दबाव को भुलाकर दोगुने उत्साह से खेलें भारतीय खिलाड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत को पुरुष हॉकी का एकमात्र विश्व कप खिताब दिलाने के पांच दशक से अधिक समय बाद पूर्व कप्तान अजीत पाल सिंह ने मौजूदा भारतीय टीम को दबाव से मुक्त होकर खेलने की सलाह दी है। 1975 में कुआलालंपुर में भारत को विश्व कप जिताने वाले अजीत पाल सिंह का मानना है कि हरमनप्रीत सिंह और उनकी टीम को देश का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी को स्वीकार करना चाहिए, लेकिन उम्मीदों के दबाव को अपने खेल पर हावी नहीं होने देना चाहिए।

अजीत पाल सिंह ने कहा, “उन्हें दबाव के बारे में भूल जाना चाहिए। वे जानते हैं कि वे देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और हॉकी प्रेमी उनसे अच्छे नतीजों की उम्मीद कर रहे हैं। लेकिन उन्हें उस दबाव को अपने दिमाग पर हावी नहीं होने देना चाहिए। उन्हें खेल और मैच पर ध्यान केंद्रित करते हुए टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करनी चाहिए।”



उन्होंने कहा कि दबाव से निपटने के साथ ही सामूहिक जिम्मेदारी निभाना भी सफल हॉकी टीम की नींव है। उनके मुताबिक व्यक्तिगत खेल पर जरूरत से ज्यादा जोर देना टीम के लिए नुकसानदायक हो सकता है। उन्होंने कहा, “सबसे जरूरी बात यह है कि उन्हें एक टीम के तौर पर खेलना चाहिए।

### 1975 की टीम से मौजूदा टीम की तुलना नहीं

विश्व कप में सफलता का अनुभव रखने वाले अजीत पाल सिंह ने 1971 में पहले विश्व कप में भारत की कप्तानी की थी और चार साल बाद टीम को खिताब दिलाया था। हालांकि, वह अपनी उस टीम की तुलना मौजूदा भारतीय टीम से करने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा, “मुझे नहीं लगता कि हमें दोनों की तुलना करनी चाहिए। वे दो बहुत अलग टीमें हैं। उस समय टीम वाकई संतुलित थी और खिलाड़ियों के बीच तालमेल और समझ बहुत अच्छी थी। हम एक टीम के तौर पर खेले थे। हम मैदान के अंदर और बाहर दोस्त थे और एक-दूसरे के साथ बातचीत में बहुत स्पष्ट थे।”

### टर्फ ने बदल दिया हॉकी का स्वरूप

अजीत पाल सिंह ने कहा कि समय के साथ हॉकी में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा, “आप दोनों टीमों की तुलना नहीं कर सकते, क्योंकि समय अलग था। खेल अलग था। हम घास पर खेलते थे, जबकि अब टर्फ पर खेला जाता है। टर्फ ने हॉकी का पूरा स्वरूप ही बदल दिया है। नियम भी बदल गए हैं। यह पूरी तरह अलग खेल बन गया है।” उन्होंने अपनी टीम की सफलता का श्रेय किसी एक खिलाड़ी को देने से भी इनकार किया। उन्होंने कहा, “हमें सिर्फ एक व्यक्ति की तारीफ नहीं करनी चाहिए। उसका साथ देने के लिए 10 और लोग भी थे। वे वहां सिर्फ झाड़ू-पोछा करने के लिए नहीं थे, वे खेल रहे थे।”

### टीमवर्क ही सफलता का मंत्र

अजीत पाल सिंह के मुताबिक मौजूदा भारतीय खिलाड़ियों को भी एक इकाई के रूप में प्रदर्शन करने और मिलकर खेलने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि सफलता का मंत्र यही है—टीमवर्क, न कि व्यक्तिगत प्रदर्शन।

### एशियन यूथ हैंडबॉल चैंपियनशिप में भारतीय टीम के कोच बने यूपी के मो. तौहीद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के हैंडबॉल प्रशिक्षक मो. तौहीद को अम्मान (जॉर्डन) में 20 से 31 अगस्त तक होने वाली 11वीं एशियन यूथ पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय यूथ पुरुष टीम का कोच नियुक्त किया गया है। भारतीय टीम का राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर 27 जुलाई से 18 अगस्त तक अलीगढ़ में आयोजित हुआ, जिसमें खिलाड़ियों को तकनीक, फिटनेस, रणनीति और टीम तालमेल का प्रशिक्षण दिया गया। मो. तौहीद वर्तमान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में अंशकालिक हैंडबॉल प्रशिक्षक हैं। उनकी नियुक्ति पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया और उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दीं।



## लगातार दूसरी जीत के साथ काशी रुद्रास ने की शानदार वापसी

**यूपी टी-20 लीग सीजन-4**

- **गोरखपुर लायंस को 15 रन से हराया**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए यूपी टी-20 लीग सीजन-4 के रोमांचक मुकाबले में कप्तान करन शर्मा की आतिशी पारी के दम पर गत विजेता काशी रुद्रास ने गौर गोरखपुर लायंस को 15 रन से पराजित कर दिया। इस धमाकेदार प्रदर्शन के साथ काशी रुद्रास ने टूर्नामेंट में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की, जबकि गोरखपुर लायंस को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी काशी रुद्रास की शुरुआत अच्छी रही और साहब युवराज सिंह (41 रन, 25 गेंद) ने तेज तर्रार पारी खेली।


विकेट लेने के बाद खुशी मनाते काशी रुद्रास के खिलाड़ी।

हालांकि, मध्यक्रम लड़खड़ाने से 10वें ओवर तक टीम ने 88 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कप्तान करन शर्मा ने मोर्चे पर आकर चौके-छक्कों की बारिश कर दी। करन ने महज 48 गेंदों पर 4 चौके और 9 छक्कों की मदद से नाबाद 92 रन की आतिशी पारी खेली। अंतिम 4 ओवरों में काशी ने 76 रन बटोरे और 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 194 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इस पारी के साथ करन शर्मा (3 मैचों में 161 रन) लीग के टॉप स्कोरर बनते हुए ऑरेंज कैप के नए हकदार बन गए। वहीं 195 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी गौर गोरखपुर लायंस की टीम 20 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 179 रन ही बना सकी। स्पिनर विजय यादव की घातक गेंदबाजी के सामने गोरखपुर का ऊपरी क्रम ध्वस्त हो गया।